समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 63,416.03 | 18,817.40 |

तापमान
अधिकतम 35 °C
न्यूनतम 27 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3



कान में माइक्रोब्लूटूथ लगाकर यूपीएसएसएससी परीक्षा में... पेज-02

न्यूयॉर्क में दिवाली पर स्कूलों में रहेगी छुट्टी, डॉ राजेश्वर सिंह ने किया फैसले... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 308 | लखनऊ, 28 जून बुधवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 20 हजार करोड़ का लोन बांटा

## सीएम योगी ने प्रयागराज में गोबर बायोगैस प्लांट का लोकार्पण किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

लखनऊ में आज अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस का आयोजन लोक भवन में किया गया। सीएम योगी और एमएसएमई मिनिस्टर राकेश सचान ने 3 लाख 41 हजार 538 लाभार्थियों में 20 हजार करोड़ का लोन बांटा। यूपी के सभी जनपदों में इस दिवस का आयोजन किया गया। सभी जनपद में लाभार्थियों को चेक वितरण कर लोन दिया गया।

प्रयागराज के मंदरी भगवत में गोबर बायोगैस प्लांट का लोकार्पण भी लखनऊ से वर्चुअल किया। ऐलान हुआ कि लखनऊ में भी एक पैकेजिंग संस्थान खोला जाएगा, जिससे कि छोटे उद्यमियों की पैकेजिंग की समस्या को अच्छा दाम मिल सके। सीएम योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश एक मात्र राज्य है जिसने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट कार्यक्रम चलाया। आज देश में यह एक उदाहरण बन गया है। उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है जिसे 52

### लखनऊ में पैकेजिंग संस्थान खुलेगा




जीआई टैग प्राप्त है। अकेले वाराणसी में ही 23 जीआई टैग प्राप्त है। वहां के रग-रग में हुनर है। कला है। स्किल भी है। हर जनपद के एक उत्पाद को जीआई टैग प्राप्त करवाने के प्रयास करने चाहिए। ऐसा हो जाएगा तो उत्तर प्रदेश देश और दुनिया मे छा जाएगा। एमएसएमई मिनिस्टर राकेश सचान ने कहा, उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है और तमाम संभावनाओं को लपेटे हुए एमएसएमई का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे युवा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस कार्यक्रम में 20 हजार करोड़ का लोन बांटा गया, 11 उत्पादों को जीआई प्रमाण पत्र दिया गया।

प्रयागराज में गोबर गैस प्लांट का लोकार्पण भी किया गया। कानपुर देहात, सहारनपुर और अलीगढ़ में प्लीज स्कीम के तहत पार्क बनाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार एमएसएमई को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सुविधा और मार्केटिंग सहित उनकी समस्याओं के निदान के लिए हर क्षेत्र में प्रयास कर रही है। यही कारण है कि छोटे उद्यमों के सामने पैकेजिंग की बड़ी समस्या रहती है, जिसे दूर करने के लिए आज उत्तर प्रदेश सरकार का भारतीय पैकेजिंग संस्थान के साथ एमओयू साइन किया गया। उत्तर प्रदेश के हजारों उद्यमियों को आज जीआई पंजीकरण प्रमाण पत्रों को भी बांटा गया। यह प्रमाण पत्र उन उद्यमियों को दिया गया जो कि उत्पादन के क्षेत्र में विशिष्ट काम किए हैं। अपने विशेष उत्पाद से प्रदेश ख्याति को देश-विदेश तक में पहुंचाने का काम किया है। दरअसल यह ज्योग्राफिकल इंडिकेटर टैग रीजन के क्षेत्रीय उत्पाद को दिया जाता है।

यूसीसी पर पीएम मोदी की दो टूक, विपक्ष सियासी फायदे के लिए कर रहा इस्तेमाल

## मुसलमानों के पास जाकर बीजेपी करेगी भ्रम दूर

**भोपाल (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने मंगलवार को भोपाल में चुनावी राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर तीन तलाक इस्लाम का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत था, तो पाकिस्तान, इंडोनेशिया और बांग्लादेश में तीन तलाक क्यों नहीं है। भोपाल में पांच वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि भाजपा उन लोगों की पार्टी नहीं है जो वातानुकूलित कमरों में बैठते हैं और फरमान जारी करते हैं। भाजपा के लोग जमीनी स्तर पर अथक प्रयास कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी से पहले देश आता है। पीएम मोदी ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर बड़ा बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष की तरफ से समान नागरिक संहिता पर सियासत किया जा रहा है। बीजेपी मुसलमान भाईयों के पास जाकर भ्रम दूर करेगी। पीएम मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के



सवालों का जवाब देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर टकराव, तू-तू-मैं-मैं की कोई जगह नहीं है। लोगों की सेवा करना बूथ स्तर की राजनीति का मंत्र होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग केवल पार्टी के लिए, पार्टी के फायदे के लिए जीते हैं। वे ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि कट मनी से उन्हें हिस्सा मिलता है। उन्हें ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती क्योंकि उन्होंने तुष्टिकरण का रास्ता चुन लिया है। इनकी राजनीति तब तक फलती-फूलती है जब तक गरीब गरीब रहता है। पीएम मोदी ने कहा कि तुष्टीकरण का रास्ता कुछ समय के लिए काम करता है लेकिन फिर इससे समाज में विभाजन पैदा होता है।

### हम एसी कमरों में बैठकर पार्टी नहीं चलाते, जनता के बीच खुद को खपाते हैं

**भोपाल** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भाजपा द्वारा भोपाल में आयोजित 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहें। इस दौरान मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश की धरती की भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने में बहुत बड़ी भूमिका है। आज मुझे देश के 6 राज्यों को जोड़ने वाली 5 वंदे भारत ट्रेनों को एक साथ हरी झंडी दिखाने का अवसर मिला है। मैं मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र की जनता को इस आधुनिक वंदे भारत ट्रेन की कनेक्टिविटी के लिए बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं।

विश्व कप 2023 का शेड्यूल जारी

## यूपी में खेले जाएंगे पांच मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट का महाकुंभ कहे जाने वाले विश्व कप का आगाज हो चुका है। आईसीसी ने मंगलवार को वर्ल्ड कप 2023 के पूरे शिड्यूल का ऐलान कर दिया।

इस बार भारत इस बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत 5 अक्टूबर से होगी, फाइनल मैच 19 नवंबर 2023 को खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस बार 5 मैच खेले जाएंगे। वहीं किन टीमों के बीच होगा मुकाबला। वहीं अगर टीम इंडिया के मैच की बात की जाए तो भारत कुल 9 लीग मैच खेलेगा। पहला मैच 8 अक्टूबर को खेला जाएगा वहीं 11 नवंबर को बेंगलुरु में आखिरी लीग मैच खेला जाएगा।




- **13 अक्टूबर 2023- भारत बनाम द. अफ्रीका**
- **16 अक्टूबर 2023- ऑस्ट्रेलिया बनाम क्वालीफायर-2**
- **21 अक्टूबर 2023- क्वालीफायर-1 बनाम क्वालीफायर 2**
- **29 अक्टूबर 2023, भारत बनाम इंग्लैंड - लखनऊ**
- **3 नवंबर 2023- क्वालीफायर बनाम अफगानिस्तान**

अतीक-अशरफ मर्डर : आयशा ने की सुप्रीम कोर्ट से गुहार, कहा-

### स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए निष्पक्ष जांच

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर राजनेता अतीक अहमद और अशरफ अहमद की बहन आयशा नूरी ने अपने भाइयों की हत्या की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दरअसल, 15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद और अशरफ अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आयशा नूरी ने कथित तौर पर एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश या एक स्वतंत्र एजेंसी की अध्यक्षता में व्यापक जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

## दो सगी बहनों की ट्रेन से कटकर मौत

अमेठी, समृद्धि न्यूज़

अमेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर पर मालगाड़ी की चपेट में आने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को ट्रैक से हटाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतक सगी बहने संग्रामपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव की रहने वाली हैं।

फिलहाल ये आत्महत्या है या फिर हादसा पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि पिता ने किसी बात को लेकर दोनों को डांटा था। जिसके बाद दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर का है। जहां मंगलवार सुबह करीब 11 बजे दो सगी बहनों की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई।

पांच दिन बाद खत्म हुई आईटी रेड

## अधिकारियों ने खोज निकाला 650 करोड़ का हेरफेर, 100 करोड़ की टैक्स चोरी

कानपुर, समृद्धि न्यूज़

सराफा कारोबारियों के यहां छापेमारी के पांचवें दिन आयकर विभाग की टीमों को बड़ी सफलता मिली। आयकर विभाग ने पाया कि लखनऊ की अस्तित्वहीन फर्मों से सराफा कारोबारियों के पास हर वर्ष 1200 करोड़ रुपये आ रहे थे। छापे के पांचवें दिन सोमवार को बिरहाना रोड स्थित राधामोहन ज्वैल्स एंड लिमिटेड के शोरूम और घर को छोड़कर बाकी 15 जगह कार्रवाई खत्म हो गई। हालांकि देर रात टीम नयागंज स्थित सराफा कारोबारी के यहां फिर पहुंच गई। अब तक की कार्रवाई में 650 करोड़ रुपये का बोगस लेन-देन पकड़ा जा चुका है। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी गई है और आठ करोड़ रुपये की नकदी है व आठ करोड़ रुपये के जेवर सीज किए हैं। आयकर अधिकारियों ने गुरुवार को बिरहाना रोड स्थित रामनाथ ज्वैल्स एंड लिमिटेड, चौक सराफा स्थित रामनाथ पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स, नयागंज स्थित मोनिका ज्वैलरी, द्वारिका प्रसाद महादेव प्रसाद ज्वैलर्स और एमराल्ड गार्डन हाउसिंग के प्रमोटर के यहां छापे मारे थे।

### फर्मों से आ रहा 1200 करोड़

अधिकारियों के मुताबिक बिरहाना रोड और चौक के कारोबारी के पास लखनऊ की तीन फर्मों से हर वर्ष 1200 करोड़ रुपये आ रहा था। जांच में तीनों फर्मों का अस्तित्व ही नहीं मिला। यह राशि अलग-अलग माध्यम से घुमाकर लाई जा रही थी। वहीं दूसरी ओर सोमवार को भी 400 करोड़ रुपये के बोगस लेन-देन और पकड़े गए, एक दिन पहले टीमों ने 250 करोड़ रुपये का खेल पकड़ा था।

## ममता बनर्जी के हेलीकाप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**सिलीगुड़ी (एजेंसी)।** पंचायत चुनाव को लेकर दलीय उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने को दो दिवसीय उत्तर बंगाल दौरे पर आई तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने दौरे के दूसरे व अंतिम दिन मंगलवार को यहां अपने हेलीकाप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान चोटिल हो गईं। यहां से किसी तरह राजधानी कोलकाता लौटने के बाद वहां एसएसकेएम अस्पताल में उन्होंने अपना उपचार कराया। उनके पांव व कमर में चोट पहुंची है।

## आदिपुरुष मामले में हाईकोर्ट ने मेकर्स और सेंसर बोर्ड को लगाई फटकार



**इलाहाबाद (समृद्धि न्यूज़)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिल्म आदिपुरुष के प्रदर्शन और संवादों के खिलाफ दो जनहित याचिकाओं पर आज सुनवाई की। जस्टिस राजेश सिंह चौहान और श्रीप्रकाश सिंह की बेंच ने याचिका पर सुनवाई की और फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने फिल्ममेकर्स के साथ-साथ कोर्ट ने सेंसर बोर्ड को भी लताड़ा है और उस पर सवाल उठाए हैं। बेंच ने कहा कि यहां ये मुद्दा है कि जिस तरह से फिल्म बनाई है, कुछ ग्रंथ हैं जो मिसाल हैं, पूजनीय है। रामचरितमानस का पाठ करने के बाद लोग घर से निकले हैं। कुछ चीज़ों को नहीं छूना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए सवाल किया कि क्या सेंसर बोर्ड ने अपनी जिम्मेदारी निभाई? ये तो अच्छा है कि ये हमारे धर्म के बारे में है जहां लोगों ने कोई सार्वजनिक व्यवस्था की समस्या नहीं बनाई।

### संक्षिप्त

#### बृजभूषण पर 1 जुलाई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** छह महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर दिल्ली की राऊज एवेन्यू अदालत एक जुलाई को विचार करेगी। आज मामले में संक्षिप्त सुनवाई के बाद अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने इसे स्थगित कर दिया।

#### पिछले 9 साल में 59 प्रतिशत बढ़ा, अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर भारत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले नौ वर्षों में किए गए मोदी सरकार के विकास कार्यों के तहत भारत का सड़क नेटवर्क 59 प्रतिशत बढ़कर दुनिया में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। गडकरी ने कहा कि आज के समय में देश का सड़क नेटवर्क करीब 1,45,240 किलोमीटर है जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 91,287 किलोमीटर ही था।

#### सर्च अभियान में असम राइफल्स को मिली सफलता

**कोहिमा (नागालैंड)।** असम राइफल्स और कोहिमा पुलिस ने नागालैंड के कोहिमा शहर में एक संयुक्त विशेष अभियान में तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया और संघर्षग्रस्त मणिपुर की ओर जा रहे भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया।

यूपीपीएससी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा परिणाम जारी

## 4047 अभ्यर्थियों ने किया क्वालीफाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी ने यूपी पीसीएस प्रीलिम्स 2023 परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। यूपी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आयोग की वेबसाइट के जरिए अपना यूपी पीसीएस प्रीलिम्स रिजल्ट 2023 चेक कर सकते हैं।

यूपीपीएससी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 14 मई 2023 को हुई थी, जिसमें पंजीकृत 5,65,459 उम्मीदवारों की अपेक्षा 3,45,022 लाख उम्मीदवार संयुक्त राज्य,प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे। इनमें से 4,047 उम्मीदवार क्वालीफाई हुए हैं।अधिकारियों के अनुसार पीसीएस के 173 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा प्रदेश के 51 जिलों के 1241 केंद्रों में दो पालियों में आयोजित की गई थी।

परीक्षा के लिए 5,65,459 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे, जिनमें से 3,41,392 परीक्षार्थी यानि 60.37 फीसदी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा की अवधि दो घंटे थी, पहला सत्र सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक। भर्ती परीक्षा उत्तर प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

पीएम मोदी ने 10 मिनट में लिया था सर्जिकल स्ट्राइक का फैसला, राजनाथ बोले-

## भारत पहले जैसा नहीं रहा, अब एक ताकत है

**जम्मू (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए बड़ा खुलासा किया है। रक्षा मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई शुरू की और पहली बार न केवल देश बल्कि दुनिया को भी पता चला कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का मतलब क्या है। उन्होंने कहा कि पुलवामा और उरी दोनों दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं थीं। प्रधानमंत्री को (सर्जिकल स्ट्राइक करने पर) फैसला लेने में सिर्फ 10 मिनट लगे जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। सिंह ने कहा, भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रह रहा है। भारत ताकत बनता जा रहा है। जरूरत पड़ी तो भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो उस पार



भी जा सकता है। पाकिस्तान को परोक्ष चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने मोदी सरकार के तहत आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, और 2016 में सीमा पार किए गए सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 बालाकोट हवाई हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पुलवामा और उरी दोनों दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं थीं...प्रधानमंत्री को (सर्जिकल स्ट्राइक करने पर) फैसला लेने में सिर्फ 10 मिनट लगे जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। हमारी सेनाओं ने न केवल इस तरफ के आतंकियों को मार गिराया, बल्कि सीमा पार जाकर भी उन्हें खत्म किया।

### क्या हुआ था

आतंकवादियों ने सितंबर 2016 में उरी में सेना के एक शिविर पर हमला किया था, जिसमें 19 जवान मारे गये थे। घटना के एक पखवाड़े बाद सीमापार 'सर्जिकल स्ट्राइक' को अंजाम दिया गया और आतंकवादियों के 'लांच पैड' तबाह कर दिये गये। फरवरी, 2019 में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों के एक काफिले पर आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। हमले के 12 दिन बाद भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी शिविर को नेस्तनाबूद कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर ने लंबे समय तक आतंकवाद का दंश झेला है।

एसटीएफ ने एंकाउंटर में किया ढेर

## मिट्टी में मिल गया सवा लाख का इनामी गुफरान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** कौशांबी में यूपी एसटीएफ ने इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। बदमाश हत्या और डकैती के कई मामलों में वांछित था। पुलिस को गुफरान के कौशांबी में छिपे होने की जानकारी मिली थी। यहां 27 जून की सुबह करीब 5 बजे उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की बदमाशों से मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ में गुफरान को गोली लग गई,उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित किया।कौशांबी के एसपी बृजेश श्रीवास्तव के मुताबिक मोहम्मद गुफरान नाम के अपराधी को उत्तर प्रदेश



की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक एनकाउंटर में मार गिराया है। ये एनकाउंटर कौशांबी के मंझनपुर इलाके में समदा चीनी मिल के पास हुआ। उसके सिर पर 1,25,000 रुपए का इनाम था। प्रतापगढ़ में 24 अप्रैल को एक लूट की वारदात हुई थी। सीसीटीवी फुटेज सामने आए थे। इन्हीं वीडियोज से गुफरान की पहचान हुई थी।इस घटना के बाद से ही पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में थीं।

चौंका रहा मानसून | देश के 80 फीसद हिस्सों में पहुंचा मानसून

## दिल्ली-एनसीआर में भी बारिश से राहत, पांच दिनों तक भीगेंगे कई राज्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार मानसून लगातार चौंका रहा है। रविवार को मुंबई और दिल्ली में एक साथ दस्तक देने के बाद सोमवार तक बहुत तेजी से यह देश के 80 प्रतिशत क्षेत्रों में पहुंच गया है। 1961 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि मानसून ने मुंबई और दिल्ली में साथ प्रवेश किया।

### राजस्थान से पंजाब तक बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून सोमवार को गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब



के कुछ हिस्सों व पश्चिम हिमाचल क्षेत्र में भी पहुंच गया। गुजरात, राजस्थान और पंजाब के कुछ इलाके बचे हुए हैं, जहां अभी मानसून नहीं पहुंचा है। अनुमान है कि दो दिन में वहां भी पहुंच जाएगा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आमतौर पर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के बाद मानसून सक्रिय होता है। इस साल मानसून के पैटर्न में थोड़ा बदलाव भी देखा जा रहा है। शुरुआत में गति बहुत धीमी रही थी। यही कारण था कि मुंबई में मानसून को पहुंचने में दो हफ्ते की देरी हुई।

**पांच दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट**

हालांकि, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र ने अचानक इसे गति दे दी है। इसलिए दिल्ली में मानसून अनुमान से पहले पहुंच गया और अब तेजी से पूरे देश में छा रहा है। आईएमडी के अनुसार, आने वाले पांच दिनों तक अधिकांश राज्यों में भारी बारिश हो सकती है।

**दिल्ली में बारिश से कम हुई गर्मी**

इस बीच, दिल्ली में मानसून पहुंचने के दूसरे दिन देर रात कई इलाकों में भारी वर्षा हुई। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व-मध्य, उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी भारत में चार-पांच दिन तक वर्षा होने की संभावना है। दिल्ली में भी पांच दिन तक हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। मंगलवार को मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसका अर्थ है कि मंगलवार को मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है।

### आपसे नहीं संभलती कानून व्यवस्था तो हमें दे दीजिए : केजरीवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर लगातार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र और उपराज्यपाल पर निशाना साधते रहे हैं। प्रगति मैदान में हुए वारदात के बाद अरविंद केजरीवाल एक बार फिर से केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि दिल्ली में जंगलराज है, अगर आप लोगों से कानून व्यवस्था नहीं सुधरती तो हमें दे दीजिए। केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार और वह अपनी पूरी ऊर्जा दिल्ली सरकार के काम रोकने में लगाते हैं।

लखनऊ महानगर महिला मोर्चा का पीएम से सवाल-जवाब

# मोदी बोले, मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटकाकर कुछ लोग खुली छूट चाहते हैं

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

पीएम मोदी ने मंगलवार को मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत 16 हजार संगठनात्मक मंडलों और 10 लाख बूथों पर तीन करोड़ कार्यकर्ताओं जुड़े। पीएम ने लखनऊ महानगर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता रीना चौरसिया से बातचीत की।

रीना ने सेल्फी विद लाभार्थी कार्यक्रम में मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों के साथ सबसे अधिक सेल्फी पोर्टल पर अपलोड की थी।पीएम का जवाब आज हम देख रहे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। एक घर में परिवार के सदस्य के लिए एक कानून हो, परिवार के दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो, तो क्या वो घर चल पाएगा? फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा। भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट कह रही है कि कॉमन सिविल कोड लाओ। जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं, वकालत करते हैं, ये वोटबैंक के भूखे लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से नुकसान का दायरा बड़ा है। बहुत अरमानों से पिता अपनी बेटी को ससुराल भेजता है। 8-10 साल बाद बेटी वापस आती है, तो उसका भाई, पिता सब बेटी की चिंता में दुखी हो जाता हैं। पीएम ने कहा, तीन तलाक का इस्लाम से संबंध होता तो दुनिया के मुस्लिम बहुल्य देश इसे खत्म नहीं करते। मिस्र में 90: से ज्यादा सुन्नी मुस्लिम हैं। आज से 80-90 साल पहले वहां तीन तलाक की प्रथा समाप्त हो चुकी है। अगर तीन तलाक इस्लाम का जरूरी अंग है, तो पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कतर, जॉर्डन, सीरिया, बांग्लादेश में क्यों नहीं है। मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटकाकर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। इसीलिए मेरी मुस्लिम बहनें, बेटियां भाजपा और मोदी के साथ खड़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत राजधानी लखनऊ की महिला मोर्चा कार्यकर्ता रानी चौरसिया से संवाद स्थापित किया। दरअसल रीना ने सेल्फी विद लाभार्थी कार्यक्रम में मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों के साथ सबसे अधिक सेल्फी पोर्टल पर अपलोड की थी।



सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान मेरा बूथ, सबसे मजबूत आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि एवं भारत के महान लोकतंत्र को और अधिक सहभागी बनाने का एक आंदोलन है। इसकी सफलता के लिए नए भारत के नए संकल्पों से भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए आज प्रधानमंत्री भोपाल से संवाद स्थापित किए। वही बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी निराला नगर क्षेत्र बीजेपी कार्यालय में जुड़े कर वर्चुअली रूप से पीएम के विचारों को सुनें ।

# मिशन 2024: बीजेपी, संघ के साथ विहिप भी जुटी

## कसी कमर, बदले काशी, ब्रज और गोरक्ष के प्रांत संगठन मंत्री

**लखनऊ।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा, आरएसएस और अनुषांगिक संगठन अपनी गतिविधियां तेज कर चुके हैं।संघ ने पूर्वी और पश्चिम क्षेत्र में अपने प्रचारकों की भूमिका में बदलाव किया तो विश्व हिंदू परिषद ने भी प्रदेश के कई प्रांत संगठन मंत्रियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव कर दिया है। बजरंग दल भी तैयारी में लगा है। इनके मार्फत मिशन-2024 के लिए माहौल बनेगा।छत्तीसगढ़ के रायपुर में संपन्न विहिप की केन्द्रीय प्रबंध समिति की बैठक में पदाधिकारियों के दायित्वों में कई बदलावों पर मुहर लगी। विश्व हिन्दू परिषद ने कई प्रांतों के प्रांत संगठन मंत्रियों को इधर से उधर किया है। कुछ संगठन मंत्रियों को दूसरे दायित्व सौंपे गए हैं।काशी के सह प्रान्त संगठन मंत्री रहे नितिन कुमार को काशी का प्रांत संगठन मंत्री बनाया गया है। वहां प्रांत संगठन मंत्री रहे मुकेश को सामाजिक समरसता विभाग में भेजा गया है। वह अवध और काशी प्रांत में सामाजिक समरसता का काम देखेंगे। कृष्ण गोपाल को काशी का प्रांत मंत्री बनाया गया है। विभाग प्रचारक रहे राजेश को ब्रज प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। गोरक्ष प्रांत के प्रांत संगठन मंत्र परमेश्वर अब कानपुर के प्रांत संगठन मंत्री का जिम्मा संभालेंगे।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले चार दिनी प्रवास पर आज से 30 जून तक लखनऊ में रहेंगे। सरकार्यवाह की मौजूदगी 30 जून को क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक होगी। शताब्दी वर्ष की तैयारियों में जुटा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस विभिन्न आयामों के जरिए अपना दायरा बढ़ाने में जुटा है। साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों का सिलसिला और तेज करेगा।इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवी सहित अन्य क्षेत्रों में काम करने वालों को जोड़ा जाएगा। ऐसे लोग जो सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं लेकिन नियमित रूप से संघ की शाखा में नहीं आ सकते। ऐसे लोग किसी एक स्थान पर मिलेंगे, जिसे साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम कहा जाएगा। शाखा विस्तार पर चर्चा हुई। संघ शिक्षा वर्गों के जरिए इस बार 250 शाखा विस्तारक निकाले गए हैं। उनको न्याय पंचायत स्तर पर शाखा विस्तार के काम में लगाया जाएगा। गुरु दक्षिणा कार्यक्रम के स्वरूप में भी संघ कुछ बदलाव करेगा। एक माह तक चलने वाले गुरु दक्षिणा कार्यक्रमों की अवधि घटाई जा रही है। आगामी दो जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मौके पर होने वाले गुरु दक्षिणा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल हिन्दुत्व से जुड़े मुद्दों को अब और धार देंगे। विहिप धर्मांतरण व लव जिहाद के बारे में समाज को जाग्रत करने के लिए अभियान शुरू करेगा। बजरंग दल द्वारा 30 सितंबर से 14 अक्टूबर के बीच शौर्य जागरण यात्रा निकाली जाएगी। इन यात्राओं के माध्यम से हिन्दू युवाओं को संगठित किया जाएगा। इस दौरान जिलों में शौर्य जागरण यात्रा में अधिक संख्या में लोगों को शामिल करने का प्रयास होगा।

## खबरें एक नजर में

### गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का स्थापना दिवस 4 जुलाई को



**लखनऊ।** तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस लखनऊ के 16वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन आगामी 4 जुलाई 2023 को विद्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। इस बात की जानकारी आज एक प्रेसवार्ता में गोयल इंस्टीटयूशन के निदेशक समन्वय डॉ आलोक जैन ने दी। उन्होने बताया कि आगामी 4 जुलाई 2023 को प्रात- 11.00 बजे होने वाला गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का स्थापना दिवस समारोह अध्यक्ष गोयल ग्रुप इं. महेश कुमार अग्रवाल (गोयल) के पिता स्व- रामजी लाल अग्रवाल को समर्पित होगा। उन्होने बताया की इस बार पूरा शैक्षणिक सत्र रामजी लाल अग्रवाल जन्म शताब्दी समारोह के रूप में मनाया जाएगा। श्री रामजी लाल अग्रवाल का जन्म 31 मार्च 1923 को हुआ था। आलोक जैन ने बताया की गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल माननीय आनन्दी बेन पटेल होंगी। इस अवसर पर राज्यपाल गोयल ग्रुप के अध्यक्ष इं. महेश कुमार अग्रवाल (गोयल) के पिता रामजी लाल अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगी। इस प्रतिमा को जयपुर के विशेषज्ञ कलाकारों ने तैयार किया है। समारोह में विशिष्ट अतिथि ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विशेष अतिथि प्रो. डॉ. जे पी पांडे कुलपति एकेटीयू और प्रो. डॉ आलोक कुमार राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय की उपस्थिति रहेगी। उन्होने बताया कि इस मौके पर पौधारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### महापौर और नगर आयुक्त संग व्यापारियों ने लगाई झाडू अब स्वच्छ और जगमगाता नजर आयेगा अमीनाबाद

लखनऊ ।अमीनाबाद का सुधार और सुंदरीकरण होगा। रात को 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच अमीनाबाद की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने के आदेश किए। अमीनाबाद साफ सुथरा रहेगा।बिजली से जलने वाली स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा। अमीनाबाद खराब स्ट्रीट लाइटों को बदला जाएगा। अमीनाबाद में 100 से जायदा नई स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। खाली पड़े पार्कों में टू वीलर्स गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था बनाएं जाने की बात कही गई। जनाना पार्क,गूंगे नवाब पर हनुमान मंदिर पार्क में साफ सुथरा बनकर इनके अंदर ही पार्किंग की व्वस्वस्था करेंगे। नगर निगम कमेटी गठित करेगा जिसमे व्यापारी वर्ग ,पटरी दुकानदार और निगम के अधिकारी , बिजली विभाग और लखनऊ विकास प्राधिकरण के लोग शामिल करके है सप्ताह में बैठक करके अमीनाबाद का सुधारीकरण शुरू करेगा। अमीनाबाद का व्यापारी पिछले 25 सालों से अमीनाबाद को सुधारने के लिए संघर्ष कर रहा था आज नव निर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल को अपने बीच पाकर उम्मीद पूरी होती दिख रही है।आज सुबह 7 बजे महापौर व नगर आयुक्त अमीनाबाद के व्यापारियों के साथ मिलकर अमीनाबाद की सड़को पर झाड़ू लगाया। लखनऊ के बाजारों को साफ रखने का संदेश दिया। महापौर ने नगर निगम की टीम के साथ अमीनाबाद का निरीक्षण किया। महापौर ने अमीनाबाद का सुधारीकरण पार्किंग व्यवस्था साफ सफाई और अवैध कब्जे को लेकर अमीनाबाद व्यापारियों से बात की और कमेटी बनाने को कहा।जिससे अमीनाबाद की पहचान बने। महापौर के साथ में व्यापारी अनिल बजाज, अशोक मोतियानी, सुरेश छाबलानी, विनोद अग्रवाल, प्रभू जालान केदार बाजपेयी, पुनीत लाल चंदानी, सुनील अरोड़ा, संजय जसवानी, अतुल अवस्थी, घनश्याम दास, गुडु वलभदास, अनुज गौतम उपस्थितथे।

### गर्मी से मिलेगी राहत, 29 से तेज बारिश का अलर्ट

लखनऊ, ।राजधानी लखनऊ में मंगलवार सुबह से तेज धूप निकली है। उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। आज बारिश के आसार नहीं हैं। सोमवार की बात करें तो दोपहर में कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। 10-15 मिनट की बारिश ने उमस बढ़ा दी। 29 जून से लखनऊ सहित आसपास के जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है। बारिश का यह सिलसिला एक सप्ताह रहने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार को लखनऊ में आंशिक बदली रहेगी। एक-दो बार बूंदाबांदी हो सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहने की उम्मीद है। लखनऊ और आसपास के जिलों में मंगलवार-बुधवार को बदली के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। बीच-बीच में धूप निकलेगी। राजधानी लखनऊ में भी मानसूनी बरसात का समय अब नजदीक है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि 29 जून से लखनऊ सहित नजदीकी जनपदों में बरसात शुरू हो जाएगी। बरसात बहुत तेज तो नहीं होगी लेकिन रुक रुककर यह बरसात तीन से चार दिन तक जारी रहने की संभावना है। 27 जून से बादलों का घेरा बनना शुरू हो जाएगा।


### सूचना

मैं रेनू वाजपेयी जन साधारण को सूचित करती हूं कि मेरे प्लॉट संख्या 4/297 जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ का एलडीए द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, आवंटन संख्या/रजिस्ट्रेशन संख्या 2239868, जारी तिथि 22/01/2002, चारबाग से आलमबाग के रास्ते में कहीं गिर गया है। यदि किसी को उक्त आवंटन पत्र मिलता है तो वो कृपया 7985715179, 9415796818 पर सूचित करने की कृपा करे।

# रिहाईशी कॉलोनी में बन रही अवैध बहुमंजली इमारतें

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

**सरफराजगंज जोन 7 में अवैध निर्माणों का मकड़जाल**



राजधानी की खूबसूरती पर दाग लगा रहे अवैध निर्माण,लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने का दावा कर रहे है वही दूसरी ओर उनकी नाक के नीचे ठाकुरगंज क्षेत्र के प्रवर्तन जोन 7 में लगभग 5 वर्षों से एक ही जोन में तैनात सुपरवाइजर अवैध निर्माण को बचाने में लगे हुए हैं। जोन 7 में अभी तक हुए अवैध निर्माणों में इन की अहम भूमिका हैं और ये अवैध निर्माण लगातार जारी है सरफराजगंज डैडीकूल आवासीय कॉलोनी में धड़ल्ले से कमर्शियल निर्माण चल रहा है स्थानीय लोगों ने बताया कि सरफराजगंज क्षेत्र में चल रहे इन चारों निर्माण पर अभी तक विभाग द्वारा कोई नोटिस जारी नहीं हुई स्थानीय लोगों की शिकायत पर मामला प्रकाश में सामने आया,शिकायत करता का कहना है कि यह कॉलोनी अभी तक विवादों में घिरी हुई है। कॉलोनी में रहने वाले लोग यहां पर एक से दो मंजिल बनाकर रह सकते हैं लेकिन यहां बिल्डरों ने आतंक मचा रखा है। चारों तरफ बहुमंजीले ईमारते बनाई जा रही हैं ऐसे में सवाल यह खड़ा होता है कि जब एलडीए द्वारा इस क्षेत्र में कमर्शियल निर्माण की अनुमति नहीं दी जाती है तो इन निर्माणों को कौन आरक्षण दे रहा है? इसका जिम्मेदार कौन है? सुपरवाइजर या अवर अभियंता या सहायक अभियंता, इन सभी अधिकारियों की ईडी द्वारा जांच करानी चाहिए ताकि सब कुछ खुलकर सामने आ सके,और इनके पास अपने वेतन से कई गुना संपत्ति बनाए जाने का पता चल सके।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सबसे पहले इन भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर अपना बुलडोजर चलाना चाहिए ताकि इन जैसे और भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को सबक मिले। बता दे कि इन चार अवैध निर्माणों में दो निर्माण पर तेजी से काम चल रहा है पहले ये भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी अपने संरक्षण में मोटा नजराना लेकर अवैध निर्माण कराते है और शिकायत करने पर नोटिस बाजी एवं कार्यवाही का दिखावा करते है आखिर में इस तरह के अवैध निर्माण पूरे हो कर आध्यासित कर दिए जाते है सबसे बड़ी बात यो यह है कि इन अवैध निर्माणों में मुख्य भमिका जोन में 5 साल से लगातार तैनात सुपरवाइजर पूरा खेल रच रहे हैं लखनऊ विकास प्राधिकरण सभी उच्चाधिकारी आखिर सब कुछ जानने के बाद इस पर क्यों मोंन है? परिवर्तन जोन 7 में पिछले 5 वर्षों में इनके संरक्षण में सैकड़ों अवैध निर्माण हुए है प्राधिकरण के तेज तर्रार,ईमानदार उपाध्यक्ष इस पर क्यों मौन है? स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास प्राधिकरण से न्याय की उम्मीद लगाना तो मुंगेरीलाल के सपने जैसा हो गया है।



मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने सुषमा हॉस्पिटल चौराहा, मटियारीचौराहा व चिनहट चौराहे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि चौराहों पर अतिक्रमण कहीं ना दिखे

# पहले अनुपूरक बजट की तैयारी में प्रदेश सरकार

## सरकार का आम चुनाव से पहले बड़ी परियोजनाएं पूरी करने का इरादा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आमचुनाव 2024 से पूर्व प्रदेश सरकार बड़ी परियोजनाओं को पूरा करना चाहती है। महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के कामों को गति देने के लिए सरकार जुलाई से सितंबर के बीच 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट लाएगी।सरकार लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 के अवशेष संकल्पों को पूरा कर जनता के बीच एक बड़ा संदेश देने की कोशिश करेगी। आमचुनाव की तैयारियों की झलक दिख सकती है। अनुपूरक में प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा के साथ ही सभी दल आमचुनाव 2024 की तैयारियों में जुटे हैं।भाजपा कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच पहुंच रही है। जनता को केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई जा रही हैं। अनुपूरक बजट को भी चुनावी तैयारियों से ही जोड़कर देखा जा रहा है। अभी कोई दिशा निर्देश जारी नही हुए हैं लेकिन तैयारी चल रही है। प्रदेश सरकार का चालू वित्तीय वर्ष का यह पहला अनुपूरक बजट सीधे तौर पर आम लोगों को प्रभावित करता हुआ नजर आ सकता है। उन मदों में धनावंटन होगा जिसका लाभ चुनाव से पहले पहले आम जनता को मिले या दिखने लगे। सरकार संकल्प पत्र के बचे हुए संकल्पों को पूरा कर सकती है। रोड नेटवर्क, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर, मेडिकल कालेजों का निर्माण, कुंभ की तैयारियों को प्रमुखता दी जा सकती हैं। प्रदेश सरकार 2022 विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा जारी लोक कल्याण संकल्प पत्र के अवशेष संकल्पों को भी पूरा करने का प्राविधान अनुपूरक में कर सकती है।अयोध्या में रामलला के मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम को देखते जनवरी से पहले अयोध्या में चालू परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भी अतिरिक्त बजट दिया जा सकता है। इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए एमएमएमई विभाग बड़ी रकम का इंतजाम अनुपूरक बजट के जरिए कराएगा। शो सितंबर में ग्रेटर नोएडा में होने जा रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के लिए सरकार पर्याप्त रकम का इंतजाम करेगी।कुछ इकाईयां वाणिज्यिकउत्पादन के लिए तैयार हैं। उन्हें प्रोत्साहन राशि देने के लिए बजटीय व्यवस्था की जा रही है। सरकार की मंशा है कि जनता से जुड़ी परियोजनाओं के लिए धन का इंतजाम हो जाए ताकि उन्हें वक्त रहते पूरा कर लिया जाये। इन्हीं उपलब्धियों के बूते भाजपा सरकार जनता के बीच जाएगी।

### आदिपुरुष फिल्म के लेखक को नोटिस जारी करने के आदेश

लखनऊ। आदिपुरुष फिल्म को लेकर हाईकोर्ट इलाहाबाद के डबल बेंच में मंगलवार को दूसरे दिन भी सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता प्रिंस लेनिन और रंजना अग्निहोत्री की याचिका पर जस्टिस राजेश सिंह चौहान और श्री प्रकाश सिंह की बेंच ने केस की सुनवाई करते हुए सेंसर बोर्ड पर टिप्पणी की है। बेंच ने कहा कि क्या सेंसर बोर्ड ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। यहां तो भगवान हनुमान और सीता मां को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे क्या ही है। याचिकाकर्ता (प्रिंस लेनिन) के वकील ने कहा, ष्सिनेमैटोग्राफी अधिनियम किसी भी फिल्म को प्रमाणित करने से पहले सीबीएफसी के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत प्रदान करता है। फिल्म साफ-सुथरी होनी चाहिए। महिलाओं का अपमान नहीं होने देना चाहिए। फिल्म में मां सीता का अपमान किया जा रहा है। मैंने सम्मान के कारण सीता की तस्वीरें (जैसा कि फिल्म में दिखाया गया है) संलग्न नहीं की हैं। मैं ऐसा नहीं कर सकता। वहीं बेंच ने कहा, यह गंभीर मामला है। क्या आप (सॉलिसिटर जनरल) सेंसर बोर्ड से पूछ सकते हैं कि यह कैसे किया गया? क्योंकि राज्य सरकार इस मामले में कुछ नहीं कर सकती। बेंच ने ये भी कहा, मैंने फिल्म के संबंध में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश भी देखे हैं।

# कान में माइक्रोब्लूटूथ लगाकर यूपीएसएसएससी परीक्षा में नकल

## एसटीएफने 4 शहरों से 14 सॉल्वर, 99 नकलची पकड़ेय 8 से 12 लाख में हुई थी डील

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यानी यूपीएसएसएससीपरीक्षा के पहले दिन सॉल्वर गैंग के 21 लोगों को एसटीएफ और पुलिस ने पकड़ा है। एसटीएफ ने लखनऊ, बरेली, गोरखपुर और कानपुर से ये गिरफ्तारी की है। ये सभी माइक्रो ब्लूटूथ डिवाइस की मदद से नकल कर रहे थे। इसके अलावा, प्रदेश के अलग-अलग शहरों से 99 नकलची भी पकड़े गए हैं। यूपीएसएसएससी की ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक की परीक्षा सोमवार को 20 जिलों में कुल 737 परीक्षा केंद्रों पर हुई। मंगलवार को परीक्षा दूसरा दिन है। एसटीएफएसएसपी विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि सॉल्वर गैंग के 4 सदस्य लखनऊ, गोरखपुर से 2 और कानपुर से 1 को पकड़ा गया। इसके अलावा, 7 सॉल्वर को पुलिस ने कानपुर से गिरफ्तार किया है। इनसे हुई पूछताछ में बरेली में भी सॉल्वर गैंग के सदस्यों की जानकारी मिली। दबिश देने पर 7 अन्य सॉल्वर को बरेली से पकड़ा गया। बरेली में यह सॉल्वर हाफिजगंज और रिठौरा सेंटर पर परीक्षा दे रहे थे। सॉल्वर दूसरे परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा देने आए थे। इनके नेटवर्क का पता करने के लिए एसटीएफ इनसे पूछताछ कर रही है। लखनऊ में एसटीएफने 4 सॉल्वर को पकड़ा। इनमें एक का नाम कमलेश यादव है। वह लेखपाल की नौकरी करता है। आजमगढ़ में तैनात है। कमलेश ब्लूटूथ डिवाइस कान में लगाकर परीक्षा दे रहा था। उसको गोमतीनगर विस्तार के एक परीक्षा केंद्र से पकड़ा गया। इसके बाद एक चिमटी की मदद से उसके कान के अंदर से ब्लूटूथ डिवाइस निकाला गया। इसके अलावा, लखनऊ के मदेयगंज के एक केंद्र से सॉल्वर आजमगढ़ निवासी राहुल यादव को एग्जाम देते पकड़ा गया। वहीं, गाजीपुर के परीक्षा केंद्र सरस्वती इंटर कालेज से आजमगढ़ निवासी मनोज यादव समेत 2 अन्य सॉल्वर को पकड़ा गया। गोरखपुर में एसटीएफने नीना थापा इंटर कालेज के पास से अंबेडकरनगर में रहने वाले रितेश त्रिपाठी व दीपांशु वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। कानपुर के नौबस्ता स्थित परीक्षा केन्द्र एलवीएम इंटर कालेज से एसटीएफने सॉल्वर जौनपुर निवासी सत्यम तिवारी को माइक्रो ब्लूटूथ के साथ गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि सॉल्वर गिरोह का कनेक्शन बिहार से भी है। इसने परीक्षा में माइक्रो ब्लूटूथ डिवाइस का प्रयोग किया। इस डिवाइस को कान के भीतर सेट कर दी गई। यही वजह है कि अभ्यर्थी आसानी से परीक्षा केंद्र के प्रवेश कर सके। एसटीएफ के मुताबिक, गैंग ने जिन-जिन अभ्यर्थियों से डील की थी। उनसे एडवांस रकम लेकर ये डिवाइस उपलब्ध कराई थी। किस तरह से डिवाइस कैसे एक्टिव होगी। उसका इस्तेमाल कैसे करना है। इसके लिए, बाकायदा कई दिन पहले ट्रेनिंग दी गई थी। एसटीएफ उनके बारे में भी जानकारी निकाल रही है, जिन्होंने सॉल्वर गैंग को यह डिवाइस बेची थी। हालांकि, इसके पहले भी कई परीक्षाओं में सॉल्वर इस तरह की ब्लूटूथ डिवाइस का इस्तेमाल करते हुए पकड़े गए थे। एसटीएफ पूछताछ में आजमगढ़ के मानपुर गांव में रहने वाले राहुल यादव ने बताया कि आजमगढ़ के सॉल्वर कमलेश से 8 लाख रुपए में सौदा हुआ था। शनिवार को उसने डिवाइस दी। गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती कॉलेज से पकड़े गए मनोज यादव ने बताया कि उसे 12 लाख में परीक्षा पास कराने की डील हुई थी। सॉल्वर गिरोह का सरगना मुरादाबाद के नाजिम को माना जा रहा है। इसे बरेली से पकड़ा गया है। पूछताछ में उसने बताया कि परीक्षार्थियों को पास कराने के लिए बिहार से सॉल्वर लेकर आया था। परीक्षार्थी के स्थान पर सॉल्वर बैठाने के लिए एडमिट कार्ड पर फोटो मिक्सिंग कर एडमिट कार्ड एवं इसी तरह से आधार कार्ड भी बनाया था। हर अभ्यर्थी से 10-15 लाख रुपए नौकरी के बाद देने की बात तय हुई थी। नाजिम के साथ यूपी एसटीएफने बिहार, नालंदा के रहने वाले नीरज कुमार (सॉल्वर) और गया के रहने वाले संदीप कुमार (सॉल्वर), परीक्षार्थी मुरादाबाद निवासी जाबिर अली (परीक्षार्थी), मोहनिस (सरगना का मददगार), मुकेश कुमार (परीक्षार्थीध्मीडिएटर) और उत्तराखंड निवासी कुलदीप को पकड़ा है। इसके अलावा, पहली पाली में 12, दूसरी पाली में 87 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। ज्यादातर हाईटेक तकनीक यानी माइक्रो ब्लूटूथ से नकल करते हुए पकड़े गए हैं। इनमें से ज्यादातर का लिंक सॉल्वर गैंग से है। एसटीएफ इसकी जांच कर रही है। यह कान में माइक्रो ब्लूटूथ लगाकर बैठे हुए थे। जबकि आसपास बैठा गैंग का सॉल्वर सवाल का जवाब बताता जाता है। जिसे यह ओएमआर शीट में भरते रहते थे। एसटीएफने आजमगढ़ से 2, आगरा से 4, अलीगढ़ से 11, बांदा से 5, बरेली से 4, नोएडा से 3, गाजियाबाद से 14, गोरखपुर से 5, कानपुर नगर से 14, लखनऊ से 13, मेरठ से 3, मिर्जापुर से 4, मुरादाबाद से 2, प्रयागराज से 2, वाराणसी से 9 और अयोध्या, बस्ती, गोंडा से 1-1 सॉल्वर को पकड़ा है।

# लखनऊ नगर निगम के विद्यालय व कॉलेज होंगे अंगीकार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालय,कालेजो में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों हेतु मूलभूत सुविधाएं को उच्चीकृत किए जाने तथा विद्यालयों के सम्पूर्ण विकास के संबंध में नगर निगम मुख्यालय में बैठक आहूत की गयी। महापौर द्वारा कहा गया कि लखनऊ नगर निगम द्वारा नगर में विभिन्न स्तर के 6 विद्यालयध्कालेज संचालित किये जा रहे है। उक्त विद्यालयों एवं कालेजो की शिक्षा के स्तर व गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं को विकसित कराकर शिक्षा के क्षेत्र विशेष पहचान दिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपस्थित समस्त प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापको को अथक परिश्रम किए जाने के लिए प्रेरित किया गया।विद्यालयो के विकास संबंधी कार्य में निजी क्षेत्र के सहयोग का आहवान महापौर किया गया तथा आर्थिक सहायता के लिए स्वयं आगे बढ़कर अने प्रयास से विकास प्रारम्भ कराये जाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महापौर के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के किए जा रहे प्रयास की सराहना की गयी तथा लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया गया।

सुधीर एस. हलवासिया द्वारा कहा गया कि स्वयं उनकी प्रारम्भिक शिक्षा म्युनिस्पिल नर्सरी स्कूल चिल्ड्रेन पैलेस में हुई है, अतः इस विद्यालय के विकास के लिए उनके द्वारा तत्परता से कार्य किया जायेगा। तद्क्रम में महापौर की प्रेरणा से निम्नानुसार गणमान्य नागरिको द्वारा विद्यालयो को अंगीकार कर विकसित किए जाने का दायित्व लिए जाने का निर्णय लिया गया।महापौर द्वारा उक्त विद्यालयों को नगर के गणमान्य व्यक्तियो द्वारा अंगीकार किए जाने पर सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इस आशा के साथ शुभकामनाएं प्रदान की गयी कि इन विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त होगी तथा यह शिक्षित होकर पूरे देश में विद्यालयध्कालेज को विशेष पहचान दिलायेगे। बैठक में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, भाजपा पार्षद दल के उपनेता सुशील कुमार तिवारी 'पम्मी', मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, अधीक्षक श्री दिनेश कुमार, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र पाण्डेय, अमीनाबाद इंटर कालेज के प्रधानाचार्यसाहब लाल मिश्रा, म्युनिस्पिल गर्ल्स इंटर कालेज कश्मीरी मोहल्ला एवं कश्मीरी मोहल्ला मॉडल मान्टेसरी स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती रीता सिंह, मॉडल मांटेसरी स्कूल मॉडल हाउस की मुख्य अध्यापिका श्रीमती आयशा जिया, म्युनिस्पिल नर्सरी स्कूल चिल्ड्रेन पैलेस की मुख्य अध्यापिका श्रीमती सविता सिंह उपस्थित रही।


इसके अतिरिक्त लखनऊ व्यापार मण्डल से अमरनाथ मिश्रा, अनुराग मिश्र,राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, विमर्श रस्तोगी, अनिल कुमार अग्रवाल, आदर्श व्यापार मण्डल से संजय गुप्ता, ऑल इंडिया वैश्य फेडरेशन उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा सुधीर एस. हलवासिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त दिए बायो डाइवर्सिटी पार्क बनाने के निर्देश

लखनऊ । नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के द्वारा शिवरी स्थित कूड़ा प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद कुमार राय, चीफइंजीनियर महेश वर्मा, प्रभारी अधिकारी सम्पति अलंकार अग्निहोत्री, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान, अधिशासी अभियंता पी.के. सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। निरीक्षण में लेगेसी प्रोसेसिंग मशीन का निरीक्षण किया गया जिसमें मशीन चलती हुई पाई गई। इसके अतिरिक्त आर.डी.एफ लैब रिपोर्ट का आंकलन किया गया जिसमें आरडीएफ की कैलोरिफिक वैल्यू 4000 पाई गई। तदक्रम में शिवरी प्लांट पर खाली पड़ी लगभग 20 हेक्टेयर भूमि का निरीक्षण किया गया। जिसमें एक बायो डाइवर्सिटी पार्क बनाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# न्यूयॉर्क में दिवाली पर स्कूलों में रहेगी छुट्टी, डॉ राजेश्वर सिंह ने किया फैसले का स्वागत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका आज पूरी दुनिया में बज रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत का कद लगातार बढ़ता जा रहा है और पीएम मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय व प्रभावशाली नेता के रूप में प्रख्यात हैं। हाल ही में अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह भारत की सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का प्रतिनिधित्व किया उससे न केवल 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ा बल्कि विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोग भी गौरवान्वित हुए। अब अमेरिका ने भारतीय संस्कृति को बढ़ावा और सम्मान देते हुए एक बड़ी घोषणा की है। अमेरिका के न्यूयॉर्क में दिवाली पर स्कूलों में छुट्टी रहेगी। इसकी घोषणा न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने सोमवार को की। मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य विधानसभा और राज्य सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी करने वाला विधेयक पारित कर दिया है। उनकी इस घोषणा के साथ ही न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले भारतीय समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गयी। भारत के लोगों ने भी इस फैसले की सराहना की। सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने इस फैसले का स्वागत किया और न्यूयॉर्क सिटी के मेयर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मंगलवार को अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से मेयर के ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, शिहंदुओं का मुख्य त्योहार दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और अज्ञान से ज्ञान की ओर हमारी यात्रा को प्रतिबिंबित करता है। इस दिन अवकाश की घोषणा करने का निर्णय हमारे भाइयों और बहनों द्वारा विदेशों में अर्जित सम्मान तथा न्यू इंडिया की प्रासंगिकता को दर्शाता है। शुभदिवाली बता दें कि अमेरिका में भारतीय संस्कृति का प्रभाव खासा प्रचलित है। यहाँ वाइट हाउस में भी दिवाली का उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। पिछले साल राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी खूब धूमधाम से दिवाली मनाई थी। डोनाल्ड ट्रम्प और बराक ओबामा भी दिवाली को महत्व देते रहे हैं।

# एसोचौम के एमएसएमई सम्मेलन में डायरिया से बचाव कार्यक्रम से जुड़ी मालिनी अवस्थी

## गीत गाकर बढ़ाई जागरूकता, नुक्कड़ नाटक का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** । उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन 2023 में आज स्वच्छ भारत अभियान के साथ एक नया आयाम जुड़ गया। पदम्श्री मालिनी अवस्थी ने डायरिया से बचाव के लिये डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत 'डायरिया नेट जीरो' कार्यक्रम के लिये ''अम्मा का लाल है, काटे भौंकाल है ... उड़ता जहाज है, खूब मस्तीबाज है'' गीत गाकर जागरूकता बढ़ाने का काम किया। एसोचौम द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद राज्य के 25 जिलों में अभियान को आगे बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश में पिछले आठ साल से 'डेटाल बनेगा स्वस्थ इंडिया' कार्यक्रम चलाया जा रहा है और आज 'एमएसएमई दिवस' के मौके पर भोजपुरी और अवधि लोकगीतों की गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी ने अपनी ओजस्वी आवाज में एक गीत के साथ 'डायरिया नेट जीरो' के प्रचार प्रसार को और आगे बढ़ाया। अभियान को ग्रामीण जनता के और करीब पहुंचाने के लिये इस अवसर पर एक-नुक्कड़ नाटक का भी शुभारंभ किया गया। श्रीमती अवस्थी ने इस अवसर पर कहा, ''थोडे से प्रयास से डायरिया यानी दस्त से बच्चों की मौत को टाला जा सकता है। डेटॉल द्वारा शुरू किये गये इस कार्यक्रम से जुड़कर उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। डेटॉल ने सफाई के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह काम शुरू किया है। हाथ धोते रहने, सफाई का ध्यान रखने जैसी थोड़ी सी सावधानी बरत कर इस बीमारी से बचा जा सकता है।''रैकिट, दक्षिण एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष, श्री गौरव जैन ने इस मौके पर कहा, ''उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रतिबद्धता स्वास्थ्य सेवा से होकर गुजरती है, जिससे हमें राज्य में प्रतिदिन और ज्यादा करने को प्रोत्साहन मिलता है। पिछले आठ साल के दौरान रैकिट ने छात्रों, अध्यापकों, अभिभावकों और समुदायों को अपने साथ जोड़ा है जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य और जीवन को और बेहतर बनाया जा सके, इससे अब तक एक करोड़ से अधिक बच्चों के जीवन को हमने छुआ है। इस साल हम एसोचौम के साथ उत्तर प्रदेश एमएसएमई सम्मेलन में जुड़कर उत्साहित हैं और हमने डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम का विस्तार प्रदेश के 25 जिलों तक करने की घोषणा की है ताकि पांच साल से छोटे बच्चों में डायरिया से होने वाली मौतों को रोका जा सके। उत्तर प्रदेश सरकार के मूल्यवान समर्थन से हमें विश्वास है कि हमारा यह प्रयास जोर पकड़ेगा और हम उत्तर प्रदेश में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिये कड़ी मेहनत कर पायेंगे।'' रैकिट दक्षिण एशिया के एक्सटर्नल अफेयर एण्ड पार्टनरशिप डायरेक्टर रवि भटनागर ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में पिछले आठ साल से एक अहम भागीदार के तौर पर डेटाल बनेगा स्वस्थ्य भारत ने राज्य में सफाई, स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। हम राज्य में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में की जा रही प्रगति को समर्थन देते हुये समुदायों को अपने साथ

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चे की 11 जुलाई को मोटर साइकिल रैली

लखनऊ। प्रदेश भर के कर्मचारियो ने कार्मिक विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के पैरा 12 को कर्मचारी संगठनो का अस्तित्व समाप्त करने की साजिश बताते हुए इसको तत्काल संशोधित करने की मांग करते हुए कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने 11 जुलाई को आंदोलन की घोषणा कर दी है, जिसमे प्रदेश के सभी जनपदों में विशाल मोटरसाइकिल रैली का आयोजन होगा इस बीच यदि प्रस्तर 12 के अनुसार प्रदेश में किसी भी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सचिव का स्थानांतरण किया जाता है तो तत्काल प्रभाव से आंदोलन प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिसमे हड़ताल भी शामिल होगी । रैली के पश्चात जनपदों के जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन का भी प्रेषण किया जाएगा उक्त निर्णय आज जवाहर भवन महासंघ कार्यालय में कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक में लिया गया।



पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप योजना भवन, लखनऊ में दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक को सम्बोधित करते हुए

## खबरें एक नजर में

### ऋषियों का सद्साहित्य मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है: उमानंद शर्मा

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''रेस आई.ए.एस. कोचिंग, शाखा इन्दिरा नगर, लखनऊ,'' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 390वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट की वरिष्ठ ट्रस्टी डॉ. नरेन्द्र देव एवं श्रीमती सरोज देव ने भेंट किया एवं उमानंद शर्मा ने सभागार में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी एवं हिन्दी संस्करण, अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट किया। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषियों का सद्साहित्य मनुष्य को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है''। इस अवसर पर वी.के. श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे तथा केन्द्र हेड नेहा कपिल ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, ऊषा सिंह, डॉ. वी.के. श्रीवास्तव, संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश शुक्ला, प्रबन्ध निदेशक लोली शुक्ला, तरूण शर्मा, नेहा कपिल, सुश्री सान्वी शुक्ला, सहित संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

### नियमित पदों पर आउटसोर्सिंग भर्ती स्वीकार्य नहीं: युवा मंच

लखनऊ। संस्कृत शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की संविदा भर्ती, राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षकों की आउटसोर्सिंग भर्ती से बाद नगर पंचायतों में जेई की आउटसोर्सिंग भर्ती के ऐलान से युवाओं की नाराजगी बढ़ गई है। युवाओं को नियमित पदों पर आउटसोर्सिंग भर्ती कतई स्वीकार्य नहीं है। दरअसल युवाओं को आशंका है कि भविष्य में अन्य भर्तियां भी संविदाध्आउटसोर्सिंग के तहत हो सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग में पहले से ही संविदा के तहत मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती की गई है। 13 सितंबर 2020 में उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों में संविदा भर्ती का प्रस्ताव रखा था जिसे 17 सितंबर को बेरोजगारी दिवस पर हुए जबरदस्त आंदोलन के बाद वापस लेना पड़ा था। इस संबंध में युवा मंच प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर नगर पंचायतों में जेई की आउटसोर्सिंग भर्ती रद्द कर नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। प्रेषित पत्र में अवगत कराया गया है कि तकनीकी संवर्ग में एक लाख पद रिक्त पड़े हुए हैं। इसमें टीजीटी 2 के लिए विद्युत सेवा आयोग द्वारा 4102 पदों के विज्ञापन को ही रद्द कर दिया गया जबकि बिजली महकमे में तकनीशियनों के हजारों पद रिक्त हैं। इसी तरह जेई 2016 के चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की जा रही है और जेई 2018 के अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम अधर में है। इसे लेकर 7 महीने से युवा ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। 2504 पदों पर आईटीआई अनुदेशक भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं की जा रही है जबकि अनुदेशकों के तकरीबन 10 हजार पद रिक्त हैं।

### ईद-उल-अज़हा की नामज के लिए तैय्यारियाँ मुकम्मल

लखनऊ । इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह व काज़ी शहर लखनऊ ने ऐलान किया है कि ईद उल अज़हा 29 जून को मनायी जायेगी। बकरीद की नमाज़ के लिए ईदगाह ऐशबाग़ लखनऊ में तैय्यारियॉ मुकम्मल हो गयी हैं। इस ऐतिहासिक मैदान में लाखों की संख्या में मुसलमान नमाज़ अदा करते हैं। तैय्यारियों के सिलसिले में इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया और ईदगाह कमेटी के जिम्मेदारों की एक मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि बकरईद 29 जून 2023 को होगी। इस मौके पर मुसलमान बड़ी संख्या में ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा करते है। इसलिए इस अवसर पर जिला प्रशासन व नगर निगम की जिम्मेदारी है कि ईदगाह और तमाम मस्जिदों के आस पास उचित सफाई कराऐ और बिजली व पानी की सप्लाई यक़ीनी बनाए। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा के मुबारक दिनों में शहर का अमन व अमान और सलामती बनाये रखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चारबाग लखनऊ परिसर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

सहायक निदेशक (सेवा.) लखनऊ मण्डल ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चारबाग तथा उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में विधानसभा लखनऊ कैण्ट के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चारबाग लखनऊ परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में सेवायोजन की तरफसे 9 कम्पनियों तथा लगभग 500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 234 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया जिसमें 78 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड की तरफसे 5 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमें 75 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में कुल 153 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रतिनिधि अमित गोयल द्वारा किया गया। इनके द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आफर लेटर भी प्रदान किया गया। एके प्रजापति सहायक निदेशक (सेवायोजन) ने नियोजको एवं आगन्तुकों का स्वागत करते हुये बताया कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार व स्व:रोजगार से जोड़कर 卐आत्म निर्भर भारत卐 अभियान को सफल बनाने तथा 卐हर हाथ को काम卐 सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर ममता सिंह चौहान, सीनियर प्रोजेक्ट हेड, उद्यमिता विकास संस्थान, लखनऊ, स्मार्ट सिटी लिमिटेड लखनऊ, ने भी उपस्थित रहकर आये हुए अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं रोजगार से सम्बन्धित अधिकाधिक जानकारी प्रदान की। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चारबाग, लखनऊ के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर रोजगार मेले में पूर्ण सहयोग किया।

# सीलिंग की कार्यवाही रोकने के लिए रक्षामंत्री से मिले व्यापारी

लखनऊ। आवास विकासविभाग द्वारा इंदिरानगर क्षेत्र में व्यापारियों को भेजी जा रही सीलिंग की नोटिसो एवं सीलिंग की कार्यवाही को रोकने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ पदाधिकारियों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की।सीलिंग की कार्रवाई को रोकने एवं नए सिरे से जनता की बढ़ी हुई जनसंख्या एवं आवश्यकता के अनुसार इंदिरा नगर क्षेत्र सहित पूरे लखनऊ में कॉमर्शियल एरिया बढ़ाने की मांग की। लखनऊ के इंदिरा नगर क्षेत्र में आवास विकास विभाग ने1,000 से अधिक व्यापारियों को सीलिंग की नोटिस भेजी है। यह कार्रवाई को रोकने एवं सीलिंग की कार्रवाई को रोकने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित आवास पर मिला। उन्होंने कहा इंदिरा नगर क्षेत्र सहित लखनऊ के सभी इलाकों में में जनसंख्या का घनत्व बढ़ गया है। आवास विकास विभाग ने उस समय पर्याप्त व्यवसायिक स्थल अपने योजना में नहीं छोड़ थे तथा केवल मात्र 5 फीसदी ही पूरे क्षेत्र में कामर्शियल गतिविधियों के लिए भूखंड उपलब्ध हुए थे। अब वर्तमान समय में जनसंख्या का घनत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है एवं लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार रिहायशी क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा नगर निगम एवं विद्युत विभाग दोनों व्यापारियों से कामर्शियल भुगतान वसूल रहे हैं। सरकार को नई पॉलिसी बनाकर वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार नीति बनानी चाहिए ताकि व्यापारी नियमित हो सके उन्होंने कहा व्यापारी वर्ग भू उपयोग का परिवर्तन शुल्क भी जमा करने को तैयार है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए पूरे विषय के सभी तकनीकी पहलुओं को तकनीकी पक्ष का विश्लेषणकर शीघ्र ही सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## पार्षद ने अहाना एन्क्लेव की देरी पर उठाए सवाल

लखनऊ। पार्षद मुकेश चौहान ने नगर निगम लखनऊ के औरंगाबाद खालसा स्थित आवासीय परियोजना अहाना एन्क्लेव की देरी पर गम्भीर सवाल उठाए। इस सम्बंध में उन्होंने महापौर और नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस योजना मे हो रही देरी से वित्तीय भार बढ़ने पर चिन्ता जताई है। मुकेश चौहान ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि 684 फ्लैट व 24 दुकानो की अहाना प्रोजेक्ट की कुल लागत रु. 291 करोड़ आंकलित की गयी थी। अहाना प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए शासन द्वारा रिवाल्विंग फण्ड से रु. 35.00 करोड़ रु. प्राप्त किए गए। नवम्बर, 2020 में प्रोजेक्ट के लिए रु. 200.00 करोड़ म्युनिस्पिल बॉन्ड से योजना को पूर्ण करने के लिए प्राप्त किए गए। इसके अतिरिक्त 153 फ्लैट के आवंटन से 20 करोड़ रु. प्राप्त हुए।अहाना इन्क्लेव योजना को वर्ष 2022 में पूर्ण किया जाना था किन्तु योजना अभी तक पूर्ण नहीं हुई है। योजना के रु. 26.00 करोड़ के कार्य यू.पी. राजकीय निर्माण निगम लि. एवं शेष कार्य नगर निगम स्वयं करा रहा है।

## रामाशीष राय ने विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु लगे शुल्क को बताया गलत

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा सरकार द्वारा काशी विश्वनाथ मन्दिर में भोले बाबा के दर्शन,मंगला आरती के साथ साथ रुद्राभिषेक एवं सन्यासी भोग और श्रावण मास में होने वाले श्रृंगार की दरों में वृद्धि करके यह सिद्ध कर दिया है कि सरकार आम जनता की भावनाओं और ईश्वरीय आस्था की सौदागर बन गई है। उन्होंने कहा जिस देश के प्रधानमंत्री ने हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से चलने के सपने दिखाये हों। उसी देश में अपने इष्ट प्रभु के दर्शन करने के लिए भारी धनराशि का भुगतान करना पड़ेगा। रामाशीष राय ने कहा कि जिस प्रकार हाइवे बनाकर रोड टैक्स का भुगतान कर चुकी गाड़ियों से टोल टैक्स के रूप में भारी धनराशि की वसूली होती है ठीक उसी तर्ज पर काशी विश्वनाथ कारीडोर बनाकर भक्तों से भारी धनराशि की वसूली की जायेगी । उन्होंने कहा कि भाजपा अब तक राम के नाम पर आस्था की दुहाई देकर वोट ही लेती थी परन्तु अब आस्था का सौदा करेगी।




श्रम एवं सेवायोजन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर तथा श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी, लखनऊ में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की 81वीं बैठक को सम्बोधित करते हुये

## सचिवालय संघ चुनाव के लिए पहले दिन 50 से अधिक नामांकन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सचिवालय संघ चुनाव में भारी उत्साह है। कार्यकारिणी के एिल 12 जुलाई को होने वाले चुनाव हेतु आज नामांकन के पहले दिन अधिकाधिक संख्या में सदस्य मौजूद रहे। पहले दिन पचास से अधिक नामांकन विभिन्न पदों पर हुए। सचिवालय संघ के सचिव ओंकारनाथ तिवारी ने बताया कि विधानसभा स्थित पुररूषोत्तम दास टण्डन हाल में 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए गए। इसमें अध्यक्ष पद पर 5, उपाध्यक्ष पद पर 8, आडिटर पद पर 4 और कार्यकारिणी सदस्य दोनपों क्षेत्रों से कुल 34 नामांकन दाखिल हुए। नामांकन की कल अंतिम तिथि है। 28 जून को 11 से 3 बजे तक नामांकन होगें। नामांकन पत्रों की जॉच के बाद वैघ उम्मीदवारों की सूची कल 5 बजे होगी। नाम वापसी 3. जून को होगी। नामांकन के समय चुनाव अधिकारी बृजभूषण दुबे और सहायक चुनाव अधिकारी शरद शुक्ला और राम किशोर मौजूद रहे।

# टीले वाली मस्जिद के प्रांगण के अनुसंधान सर्वे और खुदाई की मांग

- भारतीय पुरातत्व विभाग 20 सितम्बर 2016 के आदेश का
- अनुपालन कर प्रागण से हटाये अवैध निर्माण व अतिक्रमण

लखनऊ । लक्ष्मण टीले के मामले को लेकर हिन्दूवादी नेता ऋषि कुमार त्रिवेदी ने भारतीय पुरातत्व विभाग, नई दिल्ली से टीले के परिसर का अनुसंधान, सर्वे और खुदाई करने की मांग करते हुये अपने आदेश दिनांक 20 सितम्बर 2016 का अनुपालन करने की मांग की है। यह मांग भारतीय पुरातत्व विभाग के डायरेक्टर जनरल को भेजे गये पत्र में की गयी। इस पत्र की प्रतियां चेयरमैन, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण, केन्द्रीय मंत्री सांस्कृतिक मंत्रालय, यूनियन ऑफइण्डिया, संयुक्त सचिव, भारतीय पुरातत्व विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तथा भारतीय पुरातत्व विभाग के उत्तर प्रदेश के कार्यालय को भी भेजी गयी है। अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा रहे ऋषि कुमार त्रिवेदी ने भेजे गये पत्र में कहा है कि भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपने पूर्ववत आदेश दिनांक 20 सितम्बर 2016 के जरिये टीले वाली मस्जिद के प्रबन्धन को कहा था कि लक्ष्मण टीला परिसर पर व्याप्त अतिक्रमण और निर्माणाधीन अवैध निर्माण को हटाने के लिये कहा था, लेकिन टीले वाली मस्जिद के प्रबन्धन ने इस आदेश की अनदेखी करते हुये लक्ष्मण टीला परिसर में व्याप्त अतिक्रमण और निर्माणाधीन अवैध निर्माणों को नहीं हटाया और न ही भारतीय पुरातत्व विभाग ने अपने उपरोक्त आदेश के अनुपालन में कोई ठोस कदम उठाया। श्री त्रिवेदी ने अपने भेजने पत्र के माध्यम से भारतीय पुरातत्व विभाग, नई दिल्ली से अपने आदेश दिनांक 20 सितम्बर 2016 के क्रियान्वयन के लिये तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है और हिन्दू भावनाओं से जुड़े लक्ष्मण टीले के अनुसंधान सर्वे और खुदाई करायी जाये, ताकि देश के सामने तथाकथित टीले वाली मस्जिद का सच सामने आ सके है। मालूम हो कि शेषनाग तीर्थ भूमि पर स्थित लक्ष्मण टीले को बीते लगभग चार सौ वर्ष पूर्व अलाउद्द्दीन खिलजी ने आक्रमण किया और उसके बाद मुगल शासक औरंगजेब ने 1680 में शेषनाग तीर्थ मन्दिर को क्षतिग्रस्त कर तीर्थ भूमि पर मस्जिद का निर्माण करवाया था, जिसे आज टीले वाली मस्जिद के नाम से जाना जाता है।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को पीएम ने किया संबोधित

## भाजपा कार्यालय पर सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअली उद्बोधन सुनने के लिए भाजपा नगर मंडल प्रथम व द्वितीय के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ के संयुक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित रहीं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम संतुष्टिकरण की ओर बढ़ रहे हैं जबकि कई राज्य जातिवाद की परम काष्ठा की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे बिहार हो केरल हो या दक्षिण भारत सभी जगह जातिवाद की तुष्टीकरण की नीति अपनाकर लोगों में भेदभाव उत्पन्न किए जा रहे हैं। आज हमने देश में जातिवाद का खात्मा कर संतुष्टिकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के लिए अभिशाप था जिसको खत्म करने का कार्य हमने किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम संप्रदाय की शिक्षा बहुत ही लचर एवं निम्न स्तर पर है जिसमें सुधार करने के लिए कामन सिविल एक्ट लाने का कार्य किया जा रहा है जिस पर भी बहस जारी है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर आदेश कर दिया है की कॉमन सिविल एक्ट लाना चाहिए। हम देश में युद्ध स्तर पर विकास की गंगा बहाने का कार्य कर रहे हैं देश को ऊंचाई पर ले जाने का कार्य कर रहे हैं जिसका लोहा पूरा विश्व मान रहा है। पूरे विश्व में भारत की नई पहचान बन रही है यह सब कार्य तभी संभव है जब देश में एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार होगी और यह तभी संभव है जब हम एक एक बूथ पर अपनी लड़ाई लड़कर विजय प्राप्त करेंगे। इस अभिप्राय से हमारा बूथ सबसे मजबूत यही भावना आप सभी को अपने अंदर जगानी होगी और देश को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए आप उसमें एक अहम कड़ी की भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष दीपक सत्या, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा जितेन्द्र सिंह जीतू, जिला आईटी संयोजक प्रमोद पाण्डेय,नगर मंडल प्रभारी जय प्रकाश अग्रहरि, सुदामा मिश्रा, नगरअध्यक्ष अजय प्रताप सिंह अज्जू, नगर उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पंकज केवट, सिद्धार्थ सिंह सहित सभी सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।



# रोडवेज ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंदा, गंभीर घायल

- आनन-फानन में इलाज हेतु भेजवाया गया जिला अस्पताल
- घटना से नाराज लोगों ने मार्ग जाम कर किया प्रदर्शन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के बलरामपुर रोड स्थित बकठोरवा गांव के पास मंगलवार को अनियंत्रित रोडवेज के नीचे आकर बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन- फानन में इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। वहीं घटना से नाराज लोगो ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना जिले के बलरामपुर रोड स्थित बकठोरवा गांव के पास की है। जहां गोण्डा डिपो की रोडवेज बस के नीचे आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनो लोगो को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजवाया गया। दुर्घटना से नाराज लोगों ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। वहीं घटना की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने लोगो को समझा बुझा कर किसी तरह मार्ग खाली कराया।

# विधायक के पत्र लिखने के बाद भी ग्राम दुरगोड़वा में नहीं बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

- भीषण गर्मी में सैकड़ों विद्युत उपभोक्ता विद्युत समस्या से बेहाल

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय भाजपा विधायक के विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को को पत्र लिखने के बावजूद ग्राम दुरगोड़वा में लगा 10 केवीए का खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। वहीं ग्रामीण बढ़े लोड के मुताबिक 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग कर रहे हैं। इससे यहां के सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं को महीनों से बिजली नहीं मिल पा रही है। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से ग्रामीण काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

आपको बता दें कि समस्या कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी है। यहाँ के परसपुर विकासखंड के अन्तर्गत ग्रामसभा दुरगोड़वा में 10 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर महीनों से खराब है जिसे विद्युत विभाग द्वारा नहीं बदला जा रहा है। वहीं ग्रामीण बढ़े लोड के अनुसार 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग कर रहे है। इसको लेकर क्षेत्रीय भाजपा विधायक अजय सिंह विद्युत विभाग के अधिकारियों को पत्र भी लिख चुके हैं। इसके बावजूद यह ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। मालूम हो कि क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल 1076 पर भी कर चुके हैं इसके बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण गर्मी में यहां के विद्युत उपभोक्ता विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के बार बार चक्कर काटने को विवश हैं। ग्राम के पवन कुमार, मंजुल मयंक, अनिल कुमार तिवारी, सुब्बा, अशोक कुमार चतुर्वेदी, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, फूलबदल, फूलचन्द्र, गंगाशरन, अनवर अली, संवारे, दान बहादुर, मातादीन, सहित सैकडों विद्युत उपभोक्ता विद्युत व्यवस्था सही कराने को काफी परेशान हैं और महीनों से उनको बिजली नसीब नहीं हो पा रही है।

# पत्रकार समाज कल्याण समिति ने की पुलिसकर्मियों को निलंबित कर मुकदमा दर्ज करने की मांग

- पुलिस अधीक्षक के पक्षपातपूर्ण रवैये से नाराज है गोंडा का पत्रकार संगठन, यदि नहीं लिखा जाएगा मुकदमा तो धरने पर बैठेगा पत्रकार संगठन






**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

पत्रकार समाज कल्याण समिति, गोण्डा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता व जिला प्रभारी ए आर उस्मानी ने डीआईजी देवीपाटन रेंज गोण्डा व पुलिस अधीक्षक से भोपतपुर चौकी के पुलिसकर्मियों द्वारा पत्रकारों को गालियां देने, बेरहमी से पिटाई करने तथा धमकी देने के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा पत्रकार के आफिस में घुसकर तोड़फोड़ करने के आरोप में दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र लाल गुप्ता ने कहा है कि चूंकि पत्रकार दुर्गा प्रसाद पटेल दरोगा तथा चौकी के सिपाहियों की करतूतों को अधिकारियों को ट्वीट कर उजागर किया करता था जिससे तिलमिलाए दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा झूठी, मनगढ़ंत कहानी गढ़ी गई और साजिश के तहत फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज किया गया। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उन्हें निलंबित किया जाय। संगठन के जिला प्रभारी ए आर उस्मानी ने घटना की निन्दा करते हुए कहा कि पुलिस का यह कृत्य अक्षम्य है। पत्रकार के दफ्तर में रात में घुसकर तांडव करते हुए तोड़फोड़ करना, पत्रकारों को गालियां और धमकी देते हुए मारना-पीटना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह लोकतंत्र पर हमला है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ ही प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी के साथ ही अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से की जाएगी। वहीं पुलिस के इस कृत्य की घोर निन्दा करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक को इसकी उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए। इसके साथ ही भोपतपुर पुलिस चौकी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस की कहानी गले नहीं उतर रही है।

# दुष्कर्म के मामले में कोतवाली पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

- पीड़िता की माँ ने विवश होकर एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गाँव में युवक ने गांव की ही एक युवती से उसके भाई को जान से मार देने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार संबंध बनाता रहा। स्थानीय पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई न किये जाने पर पीड़िता की माँ ने विवश होकर पुलिस अधीक्षक गोण्डा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव से जुड़ी हैं।

यहाँ की निवासिनी महिला का आरोप है कि उसका पति मुम्बई में मेहनत मजदूरी करता है और वह अपने बच्चों के साथ गांव में रहती है। गांव के ही एक युवक ने उसकी पुत्री से उसके भाई को जान से मारने की धमकी देकर पहले दुष्कर्म किया और मुंह खोलने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार जबरन संबंध बनाया। जब उसकी पुत्री युवक की मंशा को भांप गई और उसके बुलाने पर नहीं गई तो युवक ने गांव में वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। युवती ने अपनी मां को सारी बात बताई, जिस पर उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर दी।जिस पर स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। महिला का कहना है कि बीते 9 जून से वह लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रही है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

विवश होकर पीड़ित युवती की माँ ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## खबरें एक नजर में

### कानून के कुचक्कर में फंसा कर विधवा को किया जा रहा परेशान

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विधवा रीता ने कहा नाम का है नारी सुरक्षा, कर्मचारियों के पैरों तले रौंदा जा रहा है नारी सशक्तिकरण । मनकापुर की रहने वाली पीड़ित विधवा को कानून के कुचक्कर में फंसा कर अधिकारियों के दरवाजे का चक्कर लगवाया जा रहा है। आपको बताते चले रीता देवी पत्नी स्वर्गीय सतीश निवासी मनकापुर गांव मजरा सोनारन पुरवा फीलखाना की रहने वाली है रीता देवी का आरोप है कि उनके देवर संजय कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी सोनारन पुरवा मनकापुर विधवा रीता के हिस्से की जमीन पर जबरिया कब्जा करने व हड़पने के नियत से जमीन पर अवैध तरीके से छप्पर डालकर रह रहा है। देवर संजय अब एक मजबूर और विधवा अकेली औरत को पाकर उसके जमीन को हथियाने की नियत से जबरिया जमीन के ऊपर छप्पर डालकर कब्जा बनाए हुए हैं। रीता देवी ने बताया जिसकी सिकायत एसडीएम मनकापुर को प्रार्थनापत्र दिया प्रार्थनापत्र पाकर एसडीएम आकाश सिंह मनकापुर व लेखपाल प्रेमशंकर मौके पर पहुंचकर जमीन का पैमाइश करा कर महिला को कब्जा दिलाया। कुछ दिन तक मामला ठीक ठाक चला उसके बाद फिर उसके देवर संजय पुत्र अयोध्या प्रसाद ने पुन: उसके जमीन पर छप्पर डालकर रहने लगा महिला ने फिर दुबारा एसडीएम साहब से न्याय की गुहार लगाई लेकिन उसे न्याय नही मिल रहा है। पीड़ित रीता का कहना है कि एसडीएम मनकापुर ने कोतवाली को लिखा मनकापुर कोतवाली पर गई तो वहां पर बताया गया कि लेखपाल से बोलो चलकर जमीन को खाली करवा दें इस तरह उससे चक्कर कटवाया जा रहा है। अधिकारियों को कौन-सा बूटी सुंघा दिया गया है जो उसी जमीन को शासन-प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है महीला का जमीन खाली नहीं करावाया जा रहा है। जमीन कब्जियाने के नियत से आये दिन पीड़िता विधवा रीता से अनावश्यक लड़ाई झगड़ा करना मानसिक पङताङित करना गाली-गलौज करना संजय तथा संजय के पत्नी का प्रतिदान का नियम बन गया है उद्देश्य यह कि रीता किसी तरह जमीन को छोङ कर अपने मायके चली जाय जमीन संजय को मिल जाय। जिसकी सूचना,प्रार्थनापत्र जिलाधिकारी गोण्डा,उप जिलाधिकारी मनकापुर, कोतवाली मनकापुर को कई बार दिया फिर भी महिला को न्याय नही मिल रहा है।

### फरियादी को बीडीओ ने ब्लाक से भगाया, चौपाल लगाने का था मामला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोंडा वजीरगंज के विकासखंड में ग्राम पंचायत अशोकपुर टिकिया निवासी अजय कुमार सिंह पुत्र अम्बिका सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने डीएम से अपने ग्राम पंचायत में चौपाल लगाने की मांग की थी। मंगलवार को अमृत सरोवर तालाब की गलत तरीके से पीड़ित की भूमि में खुदाई कराई जा रही थी।जिसकी शिकायत करने पीड़ित बीडीओ विजय कांत मिश्रा के पास गया था। पीड़ित को बीडीओ देखते ही ब्लाक कार्यालय में जोर-शोर से पीड़ित के ऊपर अपशब्दों की बौछार कर दी। बीडीओ ने कहा कि जहां मैं चाहूंगा चौपाल वहीं पर लगेगा, किसी के मांग से डीएम का चौपाल नहीं लगाया जा सकता है। पीड़ित व बीडीओ के बीच काफी घंटो तक तूतू-मैंमैं चलता रहा। मौजूद सभी ब्लाक कर्मचारी फरियादी और बीडीओ की बहसबाजी सुनते रहे। ब्लाक के अन्य कर्मचारी भी एकत्रित हो गए। फरियादी ने ब्लाक से ही डीएम और सीडीओ को फोन कर बीडीओ की शिकायत दर्ज करायी और शिकायती पत्र डीएम को मेल कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत अशोकपुर टिकिया में चौपाल लगाने की जिद पर डटे हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक यदि ग्राम पंचायत में चौपाल नहीं लगाई गई तो पीड़ित ग्रामीणों ने ब्लाक परिसर में धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होगें।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए तीन जुलाई तक छात्र करें आवेदन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोण्डा के राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रदेश के राजकीय व निजी आईटीआई में शैक्षिक सत्र 2023 हेतु तीन जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे है। उन्होंने बताया ऐसे छात्र जिनकी आयु कम से कम 14 वर्ष हो और कक्षा आठ व हाई स्कूल पास हो वह प्रदेश में राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु आगामी 3 जुलाई तक आनलाईन आवेदन www.scvt.up.in पोर्टल पर जाकर कर सकते हैं।

### कार का शीशा तोड़कर नकदी और जेवरात उठा ले गए उचक्के

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शाहजहांपुर में तैनात इंस्पेक्टर की भतीजी का जन्मदिन पार्टी सोमवार को एक धर्मशाला में आयोजित था। जिस में शामिल होने के लिए इंस्पेक्टर की पत्नी भतीजे और अन्य लोग गए। परिवार के लोगों ने वाहन बाहर खड़ा कर दिया था, इसके बाद सभी अंदर पार्टी में शामिल होने चले गए। तभी कुछ लोग पहुंचे सभी ने वाहन का शीशा तोड़कर उसमें रखा नकदी, जेवरात और एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए। कोतवाली देहात के मोहल्ला बक्शी पुरा नई बस्ती निवासी सर्वेश कुमार आजाद पुत्र दयाराम की भतीजी का सोमवार को जन्मदिन पार्टी था। इसके लिए सभी को शहर में स्थित डालमिया धर्मशाला पहुंचे। पार्टी में शामिल होने के लिए शाहजहांपुर जनपद में तैनात इंस्पेक्टर राजित राम आजाद की पत्नी और अन्य लोग भी शामिल हुए। चार पहिया वाहन से धर्मशाला पहुंचे। वाहन बाहर खड़ा कर सभी अंदर चले गए। काफी देर बाद जब सभी वापस आए तो देखा कि चार पहिया वाहन के शीशे टूटे हुए हैं अंदर रखा पर्स, जेवरात, 22 हजार रुपए नकदी और एटीएम लेकर उचक्के फरार हो गए। इंस्पेक्टर के भतीजे ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। साथ ही उसने सलार गंज मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति को नामजद किया है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# हाई कोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, ग्राम प्रधान का अवैध मकान ध्वस्त



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र बिशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलभरिया में सत्ताधारी प्रधान के अवैध मकान को तहसील प्रशासन पयागपुर द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

जिले के थाना विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत बेलभरिया के गाटा संख्या 124 जो सरकारी स्कूल की भूमि है उस पर मगन बिहारी पुत्र धर्मदत्त ने अवैध कब्जा कर अपना पक्का मकान बना लिया था। ग्रामीणों की शिकायत पर पैमाइस कर राजस्व विभाग ने कई बार भू माफिया को अवैध कब्जा हटाने की नोटिस दी ,लेकिन कब्जा नही हटाया गया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ बेंच में मामला पहुंचने पर कोर्ट ने राजस्व अधिनियम के तहत सरकारी जमीन खाली करवाने का आदेश पारित कर दिया। जिसे तहसील प्रशासन पयागपुर द्वारा बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

# शादी टूटने पर जमकर चटकीं लाठियां, दंपती समेत पांच घायल

- दंपती की हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर
- लड़की को गलत बता तोड़वा दिया शादी
- पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों पर दर्ज किया मुकदमा





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

समदा गांव निवासी एक ग्रामीण की बेटी का चाल चलन ठीक ना होने की बात कहते हुए उसकी शादी तोड़वा दिया। इसको लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चटकी। मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। दंपति की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम समदा निवासी मोहम्मद यूनुस की बेटी का विवाह थाना क्षेत्र के नत्थूपुर गांव निवासी जाबिर के साथ तय हुआ था। इसकी जानकारी गांव निवासी पड़ोसी फतेह बहादुर उर्फ मुबारक पुत्र बहादुर को लगी। यूनिस का आरोप है कि फतेह बहादुर ने नत्थूपुर गांव पहुंचकर बेटी की बुराई कर दी। साथ ही बेटी का चाल चलन ठीक न होने की बात कही, जिससे शादी टूट गई। इसको लेकर यूनुस और फतेह बहादुर के बीच विवाद शुरू हो गया। उलाहना देने पर सोमवार को सुबह फतेह बहादुर ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। जिस पर यूनुस ने थाने में तहरीर दी। इससे नाराज दबंगों ने शाम को जमकर मारपीट की। एक दूसरे पर लाठियां बरसाई। मारपीट में दंपति समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फखरपुर में भर्ती कराया गया।यहां फातिमा और पति सलीम की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मारपीट में अफसाना बानो मोहम्मद यूनुस भी घायल हुए हैं। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि एक पक्ष से फातिमा और दूसरे पक्ष से मरियम ने तहरीर दी थी दोनों पक्ष के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लखनऊ से मारपीट करने आए दबंग

जिला अस्पताल में भर्ती फातिमा ने बताया कि गांव निवासी फतेह बहादुर लखनऊ में सब्जी की दुकान का संचालन करता है। वहीं पर साले और अन्य लोग रहते हैं। महिला ने बताया कि जब हम सभी ने शादी टूटने का उलाहना दिया तो फतेह बहादुर लखनऊ से दबंगों को लेकर आया और मारपीट करने लगा।

# नेपाली युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जा रहा था दिल्ली

- एसएसबी ने युवक को दबोचा, युवक और किशोरी को नेपाल पुलिस को सौंपा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी ने जांच के दौरान एक नेपाली युवक को नेपाली किशोरी के साथ पकड़ा। एसएसबी के मुताबिक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जा रहा था वहां पर किसी के हाथ भेज देता। एसएसबी ने बरामद किशोरी और नेपाली युवक को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया है।एसएसबी 42 वी वाहिनी के सहायक कमांडर सौरभ रंजन की अगुवाई में मंगलवार को जवान और मानव सेवा संस्थान के पदाधिकारी आने जाने वाले लोगों की जांच कर रहे थे। सहायक कमांडर ने बताया कि जांच के दौरान एक जोड़ा नेपाल से भारत में प्रवेश करते दिखाई दिया। जोड़े को रोककर जवानों ने दोनों की आईडी कार्ड मांगे। साथ ही पूछा कि दोनों कौन हैं तो नेपाली युवक ने किशोरी को पहले बहन बताया, इसके बाद प्रेमिका बता दिया। जिस पर एसएसबी को शक हुआ। एसएसबी जवानों ने मानव सेवा संस्थान और एएचटीयू टीम के साथ गहन पूछताछ की। नेपाल के वर्धा जिला अंतर्गत ग्राम व पोस्ट राजापुर वार्ड नंबर 4 निवासी अरुण रस्तोगी पुत्र जीवन रस्तोगी ने बताया कि वह मुस्कान बस को राजस्थान लेकर जा रहा है, वहां पर शादी करेगा। किशोरी के बताए पिता पर यशस्वी जवानों ने उसके परिवार के लोगों से संपर्क किया तो परिवार के लोगों ने कोई जानकारी नहीं थी, साथ ही किशोरी को कब्जे में लेने की बात कही।सहायक कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस पर किशोरी को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी किया गया किशोरी और नेपाली युवक को लिखा पढ़ी के बाद नेपाली संस्था शांति पुनर्स्थापना गृह की मौजूदगी में नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया। कमांडेंट ने बताया कि नेपाली युवक किशोरी को दिल्ली ले जा रहा था, वहां पर शायद किशोरी की बिक्री कर देता। इस दौरान एसएसबी के जवान, टीम के सदस्य और अन्य शामिल रहे।

### नदी पार कर रहे किसान को खींच ले गया मगरमच्छ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बौंडी थाना अंतर्गत नौबस्ता गांव निवासी सिपाही लाल तिवारी (48) पुत्र बारी लाल तिवारी मंगलवार अपने मवेशियों को घास चराने नदी के उस पार जा रहा था। तभी नदी से निकले मगरमच्छ ने किसान को खींच लिया। नदी के तट पर मौजूद महाराज दिन बरसाती शुक्ला शंकर दयाल आदि ने शोर मचाते हुए मदद की गुहार लगाई, लेकिन तब तक मगरमच्छ सिपाही को लेकर भी धारा में चला गया। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि गोताखोरों द्वारा सिपाही लाल का कोई सुराग नहीं लग सका है। ऐसे में घटना की जानकारी उप जिलाधिकारी को दी गई है। एसडीएम संजय कुमार मौर्य के निर्देश पर एनडीआरएफ की टीम सिपाही लाल की तलाश के लिए आ रही है।

# मेंथा ऑयल टंकी में ब्लास्ट, दो सगे भाई घायल, लखनऊ रेफर

- पिपरमेंट तेल की पेराई के दौरान हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के नौसर गुमटिहा गांव में सगे भाई मेंथा आयल टंकी पर पिपरमेंट के तेल पेराई कर रहे थे तभी टंकी में ब्लास्ट हो गया। इससे दोनों घायल हो गए। दोनों को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां देर रात को हालत में सुधार न होने लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मोतीपुर थाना अंतर्गत नौसर गुमटिहा गांव में पिपरमेंट पेराई के लिए टंकी का संचालन होता। सोमवार रात शाम सात बजे पिपरमेंट पेराई के दौरान मेंथा ऑयल टंकी में ब्लास्ट हो गया। जिसके चलते पेराई में लगे जिमीदार पुत्र राधेश्याम और भाई ओंकार गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर भर्ती कराया गया यहां प्राथमिक इलाज के बाद बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज के ईएमओ डॉक्टर साहिल खान ने बताया कि रात में 11 बजे इलाज के बाद भी हालत में सुधार न होने पर सगे भाइयों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस आग में भाई 70 प्रतिशत से अधिक झुलस गए हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 15 उद्यमियों को वितरित किये गये 19.22 करोड़

- 3 उद्यमियों को प्रदान किया गया स्वीकृति पत्र
- 23 लाभार्थियों को बांटी गई टूल किट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) दिवस के अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र बहराइच के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक सदर अनुपमा जायसवाल व जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार कार्यक्रम अन्तर्गत 15 उद्यमियों को रू. 19 करोड़ 22 लाख धनराशि के प्रतीक चेक तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 23 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर व डीएम ने प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम अन्तर्गत पोल्ट्री फार्म हेतु राजेन्द्र को रू. 10 लाख व सुभांकर राय को रू. 02 लाख, डेयरी उद्योग व रेडीमेड गारमेन्ट हेतु क्रमश: सविता सिंह व सत्येन्द्र सिंह रू. 10-10 लाख, साईबर कैफे हेतु मोहन सिंह लोधी को रू. 06 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार कार्यक्रम अन्तर्गत लकड़ी फर्नीचर उद्योग हेतु मो. सईद को रू. 10 लाख, इलेक्ट्रानिक गुड्स रिपेयरिंग हेतु शैलेन्द्र कुमार को रू. 04 लाख व शटरिंग उद्योग के लिए अकित कुमार सिंह को रू. 07 लाख, एक जनपद एक उत्पाद (मार्जिन मनी) योजना के फूड प्रोसेसिंग योजना के तहत मंसूर अहमद को रू. 05 लाख, शुभम टेकड़ीवाल व दाल मिलिंग के लिए निवेश मलानी को रू. 02-02 करोड़, राईस मिलिंग के लिए नवीन भानीराम को रू. 8.98 करोड़, फ्लोर मिलिंग के लिए ममता गरोड़िया को रू. 2.5 करोड़, दाल मिलिंग हेतु नरेन्द्र कुमार मलानी को 1.15 करोड़, ट्रेड़िंग आफ फूड प्रोसेसिंग गुड्स हेतु दीपा अग्रवाल को रू. 02 करोड़ की धनराशि के प्रतीक चेक का वितरण किया गया। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद (टूलकिट) योजना के तहत शिवानी श्रीवास्तव, राकेश कुमार, सुनीता देवी, सोना देवी, नन्दनी कन्नौजिया, पूर्णिमा सिंह, आरती चौहान, रंजना देवी, पुष्पा देवी व सकीना को टूल किट, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सिलाई ट्रेड हेतु एस. करन, कौशकी, अंजली त्रिवेदी, मंशा देवी, अनन्ता देवी, कु. शीलू सोनकर, संध्या वर्मा व कमला देवी तथा राजमिस्त्री टेड्ड हेतु अखिलेश कुमार प्रजापति, भीमसेन, बृजनाथ व चन्द्रपाल को टूलकिट का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत टेस्टिंग लैब के लिए प्रीति शर्मा, पेन्ट उद्योग के लिए शिवम तिवारी व आर.ओ. वाटर प्लान्ट के लिए शिव सागर को रू. 10-10 धनराशि के स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी लाभान्वित हुए उद्यमियों एवं प्रशिक्षित लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि एम.एस.एम.ई. सेक्टर अहुत महत्वपूर्ण है। इस सेक्टर में महिला सशक्तिकरण की भी अहुत संभावनाए हैं। महिलाएं अन्य कार्यों के साथ इलेक्ट्रीशियन व पलम्बरिंग के क्षेत्र में भी आगे आकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना का लाभ उठाकर अपनी आय में इज़ाफ़ा कर देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के अन्त में उपायुक्त उद्योग वीरेन्द्र ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी एस.पी. जायसवाल, उद्यमी अशोक मातनहेलिया, गौरी 2ांकर भानिरामका, विनोद टेकड़ीवाल, विजय केडिया, बृजमोहन मातनहेलिया, नरेन्द्र कुमार मालानी, अमित मित्तल, पंकज अग्रवाल व राघव केडिया सहित अन्य उद्यमी व लाभार्थी मौजूद रहे।

### देश को सम्पूर्ण विश्व में नई पहचान मिली : सदर विधायक

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक ने मौजूद लोगों को अन्तर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में देश को सम्पूर्ण विश्व में नई पहचान मिली है। देश व प्रदेश में उद्योगों का विकास हुआ है। सरकार द्वारा समाज के अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्तियों के लिए संचालित की गई योजनाओं के परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर हुई कानून व्यवस्था के चलते उद्योगों की स्थापना में नए आयाम स्थापित हो रहे है। सदर विधायक ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने का परिणाम है कि इस सेक्टर में 120 मिलियन लोगों को रोज़गार मिल रहा है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि एम.एस.एम.ई. अन्तर्गत संचालित योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

# विपक्षी लामबंदी

ऐसे वक्त में जब आम चुनाव के लिये एक साल से भी कम समय बचा है, राजग का विकल्प बनाने की कोशिशें सिरे चढ़ाने की पहल शुरू हुई है। पटना में नीतीश कुमार की पहल पर जुटे एक दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की उपस्थिति को विपक्षी एकता की दिशा में सकारात्मक कदम ही कहा जाएगा। इस बैठक में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के साझा लक्ष्य पर विचार-मंथन हुआ। वैसे साल 2014 व 2019 के लोकसभा चुनावों में प्रचंड जीत दर्ज करने वाली भाजपा को हटाना इतना आसान भी नहीं है, क्योंकि विपक्षी पार्टियों खासकर कांग्रेस की ताकत अभी के कुछ वर्षों में कम हुई है। हालांकि, हाल के वर्षों में पहली बार कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल पटना में जुटे, लेकिन मतभेद-मनभेद दूर करने के लिये अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। खासकर दिल्ली सरकार की शक्तियों पर केंद्र सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में मतभेद बने हुए हैं। जिसे विपक्षी एकता के प्रयासों को लेकर अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। जिसका आम जनता में अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। इसके साथ ही मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिये कई जटिल मुद्दों को अभी सुलझाने की जरूरत होगी। बहरहाल, अभी विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू हुई हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को लेकर राज्यों में सामंजस्य बैठाने की जरूरत होगी। विपक्षी साझेदारी को व्यावहारिक बनाने की भी जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के लिये मजबूत विपक्ष अपरिहार्य ही है। यदि देश में विपक्ष मजबूत होगा तो सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने की कोशिशें सिरे चढ़ सकेंगी। कह सकते हैं कि विपक्षी एकजुटता के लिये अभी कई परीक्षाएं शेष हैं। यह भी हकीकत है कि पटना बैठक में कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आए। लेकिन आगे संवाद की स्थिति बनी रहने की जरूरत पर बल दिया गया। अगली बैठक का शिमला में आयोजित किया जाना विपक्ष की एकता की इन्हीं कोशिशों का ही विस्तार है। हालांकि, पटना बैठक में केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्टी में सहमति नहीं बन सकी, लेकिन इससे एकता के प्रयासों को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। हमें स्वीकारना होगा कि कुछ माह पूर्व तक एकता की ऐसी स्थिति नजर नहीं आ रही थी। साथ ही कांग्रेस की भूमिका को लेकर भी तमाम विपक्षी दल सहमत नहीं थे। तब विपक्षी एकता की बजाय तीसरा मोर्चा बनाने की बात कही जा रही थी। देर-सवेर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास रंग लाते नजर आ रहे हैं। यही वजह थी कि यह बैठक गैर कांग्रेस शासित विपक्षी राज्य में आयोजित की गई। अब इसी कडघी में दूसरी बैठक कांग्रेस शासित राज्य हिमाचल में आयोजित करने का फैसला किया गया है। निस्संदेह, इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी की बडी भूमिका रहने वाली है। यह आने वाला वक्त बतायेगा कि विपक्षी क्षत्रप किस सीमा तक एकता के प्रयासों में कांग्रेस की भूमिका स्वीकार करते हैं। साथ ही यह भी कि तमाम विरोधाभासों के साथ देश में सीटों के बंटवारे का कोई सर्वमान्य फार्मूला तय हो पाता है कि नहीं। जाहिर है एकता के प्रयासों के बीच समय-समय पर कई अन्य विवादित मुद्दे सामने आएंगे। भाजपा भी अपने सारे पत्ते विपक्षी एकता के मुकाबले के लिये खेलेगी। निश्चित रूप से केंद्र सरकार में होने का अतिरिक्त लाभ भाजपा को मिलेगा। विगत में भी विपक्ष का आरोप रहा है कि केंद्र सरकारी एजेंसियों का प्रयोग विपक्ष को कमजोर करने के लिये कर रहा है। यह विपक्षी एकता के सूत्रधारों पर निर्भर करेगा कि वे आने वाले समय में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से कितनी कुशलता से निबट पाएंगे। यह भी कि एकता के प्रयास आम चुनाव से पहले तक किस हद तक मूर्त रूप ले पाते हैं। बहरहाल, किसी जीवंत लोकतंत्र के भविष्य के लिये सशक्त विपक्ष का होना वक्त की मांग जरूर है।

**खबरों के मुताबिक श्री मोदी ने देश पहुंचते ही अपनी पार्टी के नेताओं से सवाल किया कि भारत में क्या हो रहा है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए संवाददाताओं से कहा, उन्होंने नड्डा जी से पूछा कि यहां कैसा चल रहा है, और नड्डा जी ने उन्हें बताया कि पार्टी के नेता उनकी सरकार के नौ वर्षों के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों तक पहुंच रहे हैं और देश खुश है। यह समझना कठिन नहीं है कि देश खुश है का मिथक प्रधानमंत्री को खुश रखने के लिए गढ़ा जा रहा है। क्योंकि देश के हालात समझने के लिए फिलहाल मणिपुर का उदाहरण ही काफी है, जहां पिछले डेढ़ महीनों से हिंसक तनाव पसरा हुआ है। अगर मणिपुर के लोग दर्द में हैं, तो फिर देश को खुश कैसे कहा जा रहा है। इतनी आसानी से भाजपा अध्यक्ष मणिपुर के दुख को शेष देश से किस तरह काट सकते हैं। यह भी आश्चर्य की बात है कि सूचना तकनीकी के इस जमाने में प्रधानमंत्री को ये खबर नहीं है कि देश में क्या चल रहा है, भारत में क्या हो रहा है। अभी अमेरिका दौरे पर श्री मोदी ने कई रक्षा और रणनीतिक सौदों पर हस्ताक्षर किए। उनके दौरे की सफलता में एक उपलब्धि में यह भी है कि अमेरिका तकनीकी साझा करने पर राजी हुआ है। लेकिन भारत ने भी इतनी प्रगति संचार क्षेत्र में तो कर ही ली है कि देश में क्या हो रहा है, इसकी पल-पल की जानकारी विदेश गए प्रधानमंत्री तक पहुंचा दे। प्रधानमंत्री राजकीय यात्रा पर ही थे, छुट्टियों पर नहीं कि उनका फोन बंद हो और उन्हें किसी बात को लेकर परेशान न किया जाए। मणिपुर में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि उन्हें संभालने का कोई ओर-छोर नजर नहीं आ रहा, ये बात क्या प्रधानमंत्री तक भाजपा नेताओं ने नहीं पहुंचाई। क्या उन तक सर्वदलीय बैठक की खबर नहीं पहुंची है। या उनके लिए देश का मतलब भाजपा से है और वे भाजपा के हालचाल श्री नड्डा से ले रहे थे।**

# देश में क्या चल रहा है

छह दिनों की विदेश यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार की सुबह भारत वापस लौटे। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी अन्य नेताओं के साथ उनका स्वागत करने विमानतल पहुंचे थे। खबरों के मुताबिक श्री मोदी ने देश पहुंचते ही अपनी पार्टी के नेताओं से सवाल किया कि भारत में क्या हो रहा है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए संवाददाताओं से कहा, उन्होंने नड्डा जी से पूछा कि यहां कैसा चल रहा है, और नड्डा जी ने उन्हें बताया कि पार्टी के नेता उनकी सरकार के नौ वर्षों के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों तक पहुंच रहे हैं और देश खुश है। यह समझना कठिन नहीं है कि देश खुश है का मिथक प्रधानमंत्री को खुश रखने के लिए गढ़ा जा रहा है। क्योंकि देश के हालात समझने के लिए फिलहाल मणिपुर का उदाहरण ही काफी है, जहां पिछले डेढ़ महीनों से हिंसक तनाव पसरा हुआ है। अगर मणिपुर के लोग दर्द में हैं, तो फिर देश को खुश कैसे कहा जा रहा है। इतनी आसानी से भाजपा अध्यक्ष मणिपुर के दुख को शेष देश से किस तरह काट सकते हैं। यह भी आश्चर्य की बात है कि सूचना तकनीकी के इस जमाने में प्रधानमंत्री को ये खबर नहीं है कि देश में क्या चल रहा है, भारत में क्या हो रहा है।

अभी अमेरिका दौरे पर श्री मोदी ने कई रक्षा और रणनीतिक सौदों पर हस्ताक्षर किए। उनके दौरे की सफलता में एक उपलब्धि में यह भी है कि अमेरिका तकनीकी साझा करने पर राजी हुआ है। लेकिन भारत ने भी इतनी प्रगति संचार क्षेत्र में तो कर ही ली है कि देश में क्या हो रहा है, इसकी पल-पल की जानकारी विदेश गए प्रधानमंत्री तक पहुंचा दे। प्रधानमंत्री राजकीय यात्रा पर ही थे, छुट्टियों पर नहीं कि उनका फोन बंद हो और उन्हें किसी बात को लेकर परेशान न किया जाए। मणिपुर में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि उन्हें संभालने का कोई ओर-छोर नजर नहीं आ रहा, ये बात क्या प्रधानमंत्री तक भाजपा नेताओं ने नहीं पहुंचाई। क्या उन तक सर्वदलीय बैठक की खबर नहीं पहुंची है। या उनके लिए देश का मतलब भाजपा से है और वे भाजपा के हालचाल श्री नड्डा से ले रहे थे।

गौरतलब है कि 24 जून को भाजपा सरकार ने मणिपुर के हालात पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस दौरान प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति पर सवाल उठे, लेकिन भाजपा ने हमेशा की तरह किसी को जवाब देना जरूरी नहीं समझा। भाजपा के रवैये से शिकायत के बावजूद कई दलों के नेता इस उम्मीद के साथ बैठक में शामिल हुए कि उनके विचारों को सुना जाएगा, उन्हें बोलने के लिए पर्याप्त वक्त दिया जाएगा। कांग्रेस की ओर से मणिपुर में तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके इबोबी सिंह बैठक में शामिल हुए, लेकिन उन्होंने बाद में निराशा व्यक्त की कि उन्हें बोलने के लिए



बहुत कम वक्त मिला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस बारे में कहा कि तीन घंटे की बैठक में केवल 7-8 मिनट इबोबी सिंह को दिए गए, जबकि वे मणिपुर को सबसे अच्छे से समझते हैं। कांग्रेस ने एक बार फिर प्रधानमंत्री से अपनी चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया और मांग की कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए, क्योंकि हालात संभालने में वे विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अगर वाकई जानना चाहते हैं कि देश में क्या चल रहा है, तो उन्हें अपनी पार्टी के नेताओं के साथ विपक्षी नेताओं की बात भी सुनना चाहिए और फिर फैसला लेना चाहिए। श्री मोदी जब भाजपा नेताओं की बात सुन ही रहे हैं, तो उन्हें हिमंता बिस्वासरमा और निर्मला सीतारमण की बातों पर भी गौर फरमाना चाहिए, जिन्होंने इस वक्त श्री मोदी की ढाल बनने का स्वतःस्फूर्त निर्णय लेते हुए बराक ओबामा के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हिंदू बहुसंख्यक भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का उल्लेख किये जाने योग्य है। यदि मेरी मोदी से बात होती तो मेरी दलील होती कि यदि आप अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा नहीं करते हैं तो मुमकिन है कि आगे भारत में अलगाव पैदा हो। श्री ओबामा की बातों से सहमति होना आवश्यक नहीं है। लेकिन अगर श्री मोदी भारत के डीएनए में लोकतंत्र की बात करते हैं, तो फिर उनके नेताओं में अच्छी और बुरी दोनों तरह की बातें सुनने और सहने का माद्दा होना चाहिए।

बराक ओबामा को उनके राष्ट्रपति रहते प्रधानमंत्री मोदी ने अपना मित्र बताते हुए उनके पहले नाम बराक से संबोधित किया था, यह कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं था, लेकिन श्री मोदी ने उनसे महज निकटता के नाते ऐसा किया। अब उन्हीं बराक ओबामा ने अल्पसंख्यकों पर नसीहत क्या दे दी, मोदीजी के सिपहसालार उन पर हमलावर हो गए। हिमंता बिस्वासरमा ने ट्वीट किया कि देश में कई हुसैन ओबामा हैं और राज्य की पुलिस इस पर कार्रवाई करेगी। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ओबामा जी को ये नहीं भूलना चाहिए कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो विश्व में रहने वाले सभी लोगों को भी परिवार का सदस्य मानता है. उनको अपने बारे में भी सोचना चाहिए कि उन्होंने कितने मुस्लिम देशों पर हमला किया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ...यह आश्चर्य की बात थी कि जब प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर थे तो एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय मुसलमानों पर बयान दे रहे थे... मैं सावधानी के साथ बोल रही हूं, हम अमेरिका के साथ दोस्ती चाहते हैं, लेकिन वहां से भारत की धार्मिक सहिष्णुता पर टिप्पणियां की गईं। उनके (ओबामा) शासन में छह मुस्लिम बहुल देशों पर बमबारी की गई। 26,000 से अधिक बम गिराए गए... लोग उनकी बातों पर कैसे भरोसा करेंगे? तो देश में ये चल रहा है कि कल तक मोदीजी जिन्हें अपना गहरा मित्र बता रहे थे, अब उन्हें वित्त मंत्री भरोसे के लायक नहीं बता रही हैं।

दरअसल यह भरोसे की नहीं सहिष्णुता की बात है, जो इस वक्त देश में बिल्कुल नहीं देखी जा रही है। मणिपुर के हालात भी इसलिए बिगड़े क्योंकि भाजपा ने दूसरे दलों की राय सुनने की सहनशीलता नहीं दिखाई। देखना ये है कि पीएम मोदी देश लौटकर हालात संभाल पाते हैं या नहीं।

विचार

# वृन्दावन में बांकेबिहारी कॉरीडोर

भारत के कोने- कोने में जिस तरह हिन्दू देवी-देवताओं के पूजा स्थल इस देश की जनता की आस्था के केन्द्र में विद्यमान हैं उनमें भगवान कृष्ण के जन्म व क्रीड़ा स्थल ब्रज क्षेत्र का महत्व साकार ब्रह्म की उपासना करने वालों के लिए दिव्य माना जाता है। इस ब्रज क्षेत्र में भी वृन्दावन स्थल का महात्म्य धर्म की उन ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है जिनकी किंवदन्तियां हर श्रद्धालु को भक्ति रस में डुबोती रहती हैं। ईश्वर को पाने के जिस 'भक्ति मार्ग' को एक माध्यम माना गया है उसी के प्रतीक रूप में यहां स्थित श्री बांकेबिहारी जी का मन्दिर अपनी कीर्ति सैंकड़ों साल पहले से पूरे भारत में बिखेरता आ रहा है। ऐसा माना जाता है कि बांकेबिहारी की कृपा से ही वृन्दावन जगमगाता है और इसका यश सर्वत्र फैलता है। इस मन्दिर में प्रतिष्ठित श्री कृष्ण की मनमोहक व बांकी छटा की मूर्ति के सम्मोहन की कथाओं से समूचा हिन्दू समाज अभिप्रेरित रहता है और इनके दर्शन पाने के लोभ में भारत के हर भूभाग के साकार उपासक यहां का भ्रमण करते हैं। भारत की बढ़ती आबादी को देखते हुए श्री बांकेबिहारी मन्दिर में आने वाले दर्शनार्थ भक्तों की भीड़ भी उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है जिसका प्रबन्धन करना लगातार चुनौती बनता जा रहा है। श्री बांकेबिहारी संगीत सम्राट सन्त शिरोमणि 'स्वामी हरिदास' के इष्ट स्वरूप भी माने जाते हैं क्योंकि कई शताब्दी पहले स्वामी जी जब 'अखंड पंजाब' के 'मुल्तान राज्य' से देशाटन करते हुए यहां पधारे थे उन्हें ही बांकेबिहारी का यह विग्रह स्वरूप मिला था जिसकी स्थापना उन्होंने मन्दिर बना कर की थी। स्वामी हरिदास 'बैजू बावरा' जैसे संगीत व सुर सम्राट के गुरु भी कहे जाते हैं। तब से लेकर आज तक बांकेबिहारी मन्दिर के पुजारी व महन्तों के रूप में उनके ही पारिवारिक उत्तराधिकारी इस मन्दिर के प्रबन्धन की व्यवस्था देखते आ



रहे हैं। वृन्दावन में बांकेबिहारी मन्दिर के चारों ओर छोटी-छोटी गलियों व रास्तों में और भी पचासियों मन्दिर हैं जिनमें कई बहुत महत्वपूर्ण मन्दिर माने जाते हैं जिनमें राधा वल्लभ मन्दिर प्रमुख है। इस मन्दिर के आसपास भीड़भाड़ भरे बाजार से लेकर संकरी गलियों में ब्रज की संस्कृति को दर्शाते बहुत से व्यापारिक केन्द्र भी देखने को मिल जाएंगे। अतः मन्दिर में आने वाले श्रद्धलुओं की बढ़ती भीड़ से ये सभी रास्ते और गलियां व बाजार निरन्तर अपर्याप्त होते जा रहे हैं। जब इन रास्तों व गलियों की ही यह हालत होती जा रही है तो मन्दिर प्रांगण में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के प्रबन्धन की चुनौती को आसानी से समझा जा सकता है। इसे देखते हुए विगत में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रस्ताव रखा था कि वृन्दावन में भी कांशी विश्वनाथ मन्दिर के कारीडोर के समान श्री बांकेबिहारी कारीडोर का निर्माण कराया जाये जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को मन्दिर दर्शन व भ्रमण करने में सुविधा हो सके परन्तु तब उसका स्थानीय निवासियों ने इसका जम कर विरोध किया था और वृन्दावन बन्द तक का आयोजन किया गया था। तब राज्य सरकार ने कारीडोर मार्ग का केवल सर्वेक्षण कार्य ही कराया था। इसकी वजह यह थी कि मन्दिर के आसपास बसे दुकानदारों से लेकर निवास स्थल के लोगों को डर था कि उन्हें उजाड़ कर कारीडोर का निर्माण होगा जिससे उनके काम धंधे चौपट हो जाएंगे और वे बेघर हो जाएंगे। परन्तु जिस तरह आये दिन श्री बांकेबिहारी मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ मच जाने व दर्शन पाने की होड़ में अत्यन्त भीड़ हो जाने से दम तक घुट जाने से मृत्यु होने की खबरें आती रहती हैं उससे कोई भी प्रशासन परेशान हो सकता है। यह संयोग हो सकता है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ स्वयं भी एक धार्मिक नेता हैं और गोरखपुर नाथ सम्प्रदाय की पीठ के पीठाधीश्वर भी हैं मगर उनका पहला कर्त्तव्य नागरिकों की सुरक्षा देखना ही है अतः गत दिवस जब योगी जी मथुरा-वृन्दावन में थे तो उनसे वहां के सन्तों ने मांग की कि बांकेबिहारी कारीडोर का भी निर्माण कराया जाये। योगी जी ने इस बारे में उन्हें आश्वासन तो दिया है मगर प्रशासन का कर्त्तव्य बांकेबिहारी परिक्षेत्र में बसे नागरिकों के हितों का ध्यान रखना भी है। अतः स्पष्ट रूप से राज्य प्रशासन को बीच का कोई ऐसा रास्ता निकालना होगा जिससे देशभर के कृष्ण प्रेमियों के लिए कारीडोर भी बन जाये और बांकेबिहारी मन्दिर व इसके परिक्षेत्र की सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ता भी कायम रहे। हालांकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पूरे वृन्दावन नगर का कायाकल्प काफी हद तक किया जा चुका है और इसके विभिन्न क्षेत्रों को विकसित भी किया जा चुका है मगर प्राचीन श्री बांकेबिहारी मन्दिर के प्रबन्धन और इसके परिक्षेत्र की व्यवस्था का मसला बरकरार है। यह कार्य बहुत उलझा हुआ और पेचीदा भी है, खास कर स्थानीय निवासियों के पुनर्स्थापन को लेकर। अतः इसका हल सर्वजन सुखाय फार्मूले पर ही निकाला जाना चाहिए। श्री बांकेबिहारी के अप्रतिम स्वरूप व अद्भुत छटा की छाया में ही यह कार्य होना चाहिए।

साहित्य

झरोखा



## तेरी आंखों में जब जब देखा...

दीपक सिंह



तेरी आंखों में जब जब देखा,
जो कशिश दिखी दिल पार गयी ।

आंखों से पढ़ा वो नजराने को,
प्यार का दम भरते हुए ।

तुम्हें छोड़ने की आदत सी,
हर जाम मे रंग भरते हुए ।

वे एक नाव पर नहीं टिकते,
उनकी आंखों को कहते हुए।।

तुम्हें परवाह नहीं किसी की,
तेरे चेहरे की हंसी को कहते हुए।।

बस ये जानकर जब देखा,
तरंग तरंग को काट गयी।

कुछ ही पल का जब साथ देखा,
जो आह निकली मार गयी ।

तेरी आंखों में जब जब देखा,
जो कशिश दिखी दिल पार गई।

तेरी आंखों में जब जब देखा,
जो कशिश दिखी दिल पर गयी।।



# राशिफल

**मेषः**- कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**बृषभः**- स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः**- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः**- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः**- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कार्य को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः**- समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः**- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा। रोजगार में अपनी क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिकः**- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः**- नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः**- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः**- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।


**मीनः**- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# मानसून का मिजाज



आदित्य नारायण

मानसून की शीतल फुहारों का हम सबको इंतजार रहता है। मानसून हमारे लिए खुशियों का खजाना लेकर आता है लेकिन प्रकृति खुशियों के साथ-साथ रौद्र रूप भी दिखाने लगी है। यह सही है कि कभी गीतकार, चित्रकार, संगीतकार, अमीर-गरीब, किसान और सरकार मानसून के प्रभाव से अलग नहीं रहते। मानसून के अलग-अलग रंग मानव मन और मस्तिष्क पर अपना असर छोड़ते हैं। मानसून से होने वाली वर्षा भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है। मानसून की वर्षा अच्छी होगी तो किसानों के चेहरे पर मुस्कान होगी। अर्थव्यवस्था लहलहाएगी। आषाढ़ की बूंदों से लेकर सावन की झड़ी और फिर भादों में पोर-पोर तक तृप्त हो जाने का अहसास हमें कराती है। मानसून के बिना तो मन सूना ही रहेगा। कहने का अर्थ यही है कि जल ही जीवन है। दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 62 वर्ष बाद एक साथ मानसून का आगमन लोगों को भारी राहत देने वाला है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत भी मिली है लेकिन मानसून पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों ने वैज्ञानिकों को भी चौंका दिया है। मुंबई जैसे तटीय क्षेत्र में मानसून देरी से आया जबकि दिल्ली में मानसून मौसम की भविष्यवाणी से दो दिन पहले पहंच गया। महातूफान विपरजॉय की वजह से अरब सागर में उठने वाले बादल कमजोर हो गए थे लेकिन एक सप्ताह पहले बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना जिससे मानसून जल्दी ही उत्तर भार में पहंच गया। मौसम की सटीक भविष्यवाणी करना जलवायु परिवर्तन के दौर में बड़ा मुश्किल है। इसका अर्थ यह भी है कि देश के तटीय और ऊष्ण क्षेत्रों में मानसून के पैटर्न में कोई अंतर नहीं रह गया। वैज्ञानिक इस बात का आंकलन कर रहे हैं कि 62 वर्ष पहले जब दिल्ली और मुंबई में एक साथ मानसून आया थ्था तब बारिश की स्थिति क्या थी। तब जलवायु परिवर्तन का कितना असर था। अब वर्षा के पैटर्न में भी विविधता बढ़ चुकी है। मानसून के दो ही पूर्वानुमान काफी नहीं हैं। मानसून के दौरान एक अवधि में जरूरत से अधिक बरसात और दूसरी अवधि में शुष्क मौसम भी चुनौती बढ़ा रहा है। यह विविधता इतनी अधिक है कि इस बदलते पैटर्न को समझना मुश्किल हो गया है। भले मानसून में औसत वर्षा सामान्य हो रही है लेकिन इस विविधता की वजह से किसानों को परेशानी हो रही है। तेलंगाना में इस बार ओले पड़ने से फसलें बर्बाद हुई तो वहीं पंजाब में लू ने फसलों को नुक्सान पहुंचाया। इसके बाद भी बेमौसमी बरसात जारी रही। अब समय आ गया है कि मानसून का पूर्वानुमान जिले और उप जिले स्तर पर किया जाए। मौसम के इस बदलाव को जलवायु परिवर्तन का असर न मानने के आईएमडी के दावे पर विशेषज्ञों का कहना है कि विज्ञान में यह



साबित हो चुका है कि यह जलवायु परिवर्तन का ही असर है। समय से पहले लू चल रही है और बेमौसम बारिश हो रही है।पिछले मानसून के विश्लेषण से पता चलता है कि जब-जब लानीना के बाद अलनीनो आया मानसून में वर्षा की कमी काफी अधिक रही है। पिछले 3 साल से मानसून पर लानीना का असर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून की अब सिर्फ सामान्य, कम वर्षा और अतिवर्षा के तराजू में तोलने की बजाय बाढ़, सूखा,फसलों की बर्बादी, स्वास्थ्य पर असर आदि के नजरिये से भी देखने की जरूरत है। मानसून की बारिश के दुष्परिणाम अभी से ही देखने को मिल रहे हैं। असम में बाढ़ से लाखों की आबादी प्रभावित हुई है। हिमाचल और उत्तराखंड में वर्षाजनित हादसे होने शुरू हो गए। हिमाचल के मंडी, धर्मशाला और अन्य क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात नजर आने लगे हैं। उत्तराखंड में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। महानगरों में एक-दो दिन की बारिश से ही सड़कें नदियों का रूप ले चुकी हैं और ट्रैफिक जाम की समस्या से हर कोई पीड़ित है। विडम्बना यह है कि जिस मानसून को हम महोत्सव के रूप में मनाते हैं उसे हम शोक के वातावरण में बदल रहे हैं। मानसून में असामान्य बदलाव के चलते मानसून अब कई राज्यों में फैल चुका है। हमें प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन को लेकर भी लगातार सजग रहने की जरूरत है। महातूफान से तो हम निपट लिए लेकिन पहाड़ी राज्यों में किसी भी कुदरती आफत का सामना करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। क्योंकि इस तरह की आपदाओं में न केवल जानें जाती हैं बल्कि हजारों की संख्या में लोक विस्थापित हो जाते हैं। बड़ी सख्या में लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। कोई दौर था जब सात-सात दिन मानसून की झड़ी लगती रहती और जमीन वर्षा का पानी सोख लेती थी। अब क्योंकि बड़े शहरों में कंक्रीट की इमारतें खड़ी हो चुकी हैं और कुछ घंटे की बारिश से शहर लबालब हो जाते हैं। ऐसे में मानव जीवन को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जितना वर्षा का पानी शहरों में बर्बाद हो जाता है अगर उसका कुछ हिस्सा भी संरक्षित कर लिया जाए तो हमारी नदियां कभी सूखी नहीं रह सकतीं। बेहतर होगा मानव प्रकृति के बदलते मिजाज को समझे और धरती के बढ़ते तापमान को कम करने में अपनी बड़ी भूमिका निभाए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# उत्साह, उल्लास एवं उमंग से मना अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

आजादी के अमृत महोत्सव पर जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में उत्साह, उल्लास एवं उमंग से अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के उपरांत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक ली, जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु संकल्पित है। आज प्रदेश में कारीगरों को सम्मान मिल रहा है, वही ओडीओपी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। रोजगार में आत्मनिर्भर बनाना मकसद है। आज पूरा प्रदेश तेजी से स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज के इस पुनीत मौके पर जिन उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण की चेक प्राप्त हुई है, वह इनका सदुपयोग करते हुए अपने उद्यम को आगे बढ़ाएं। प्रशासन उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि छोटे उद्यमियों को मजबूत करने और उन्हें वैश्विक मंच पर लाने के लिए सरकार तमाम योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। आज जिन लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत ऋण मुहैया कराया जा रहा है। उसका सदुपयोग करें। उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है।उन्होंने मौजूद लोगों को अंतर्राष्ट्रीय में एमएसएमई दिवस की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। उन्होंने जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन केंद्र की ओर से आश्वस्त किया कि उद्यमियों को सरकार की विभिन्न स्कीमों से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।




▸ डीएम ने लाभार्थियों को बांटे ऋण स्वीकृति पत्र व चेक, खिले चेहरे

### लाभार्थियों को मिला ऋण स्वीकृति पत्र व चेक

अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की लाभार्थी सुश्री देवयानी तोमर को डेयरी उद्योग के लिए 25 लाख एवं लाभार्थी अरमान खान को रेडीमेड गारमेन्टस के लिए 10 लाख 50 हजार धनराशि के ऋण का स्वीकृत पत्र प्रदान किया। वही मुद्रा योजना के तहत प्रकाश अग्रवाल एंव कीर्ति पाण्डेय को 10-10 लाख, रवि कुमार वर्मा को एक लाख 80 हजार का ऋण स्वीकृत पत्र प्रदान किया। राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद (गुड़ उद्योग) हेतु लाभार्थी कमल किशोर को 50 लाख एवं एमएसएमई के लिए लाभार्थी परिजात त्रिपाठी को 08 लाख कार्य स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया।

### अफसरों, उद्यमियों ने सुना सीएम का उद्बोधन, हुई लाइव स्ट्रीमिंग

कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2023 के अवसर पर एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा ऋण वितरण, भारतीय पैकेजिंग संस्थान के एमओयू, जीआई पंजीकरण प्रमाण-पत्रों का वितरण कार्यक्रम की लाइव स्टीमिंग हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को बड़ी संख्या में उद्यमियों ने देखा और सुना।

## भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जनसंपर्क किया गया



**निघासन-खीरी समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्र के नाम वर्चुवल सम्मेलन में संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलामहामंत्री विनोद लोधी के नेतृत्व में सिंगाही मंडल के शक्ति केंद्र नौरंगाबाद में मंडल उपाध्यक्ष दीपक अवस्थी के आवास पर संपन्न हुआ व साथ ही महा जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य पौरुष गुप्ता,मंडल उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, रवि गुप्ता, रामस्वरूप,युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रधान प्रतिनिधि यदुवेंद्र अवस्थी बूथ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश जगदीश जगत राम राम नरेश आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पीस कमेटी की बैठक का आयोजन सम्पन्न

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली निघासन क्षेत्र के सम्मानित लोगो, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कर सभी लोगो से आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने की अपील की जिससे गंगा जमुनी तहजीब की एक बार फिर मिशाल पेश हो सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक निघासन प्रभातेश श्रीवास्तव, नगर पंचायत चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्य, वरिष्ठ उप निरीक्षक राममिलन यादव, पढुवा थाना इंचार्ज हनुमंत लाल तिवारी व जामा मस्जिद निघासन कमेटी, दुर्गा मंदिर समिति के सदस्य सहित नगर पंचायत निघासन व कोतवाली क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति व समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### बंच केबिल डाल विद्युत चोरी रोकने के प्रयास जारी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में जर्जर पोलों को भी बदला जा रहा है। तो दूसरी ओर बिजली चोरी रोकने के लिए नगर में बंच केबिल डाली जा रही है। इसके अलावा नगर में लगे ट्रांसफार्मरों को उच्चीकृत किया जा रहा हैं। नगर में ओवरलोडिगं की समस्या भी लंबे समय से चल रही है। ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने के कारण लो वोल्टेज, ट्रिपिंग व फ्यूज जलने की समस्याएं आती हैं। इतना ही नहीं ओवरलोडिगं के चलते कभी कभार ट्रांसफार्मर में आग लगने, केबिल जलने व फुंकने की भी समस्याएं बनी रहती है। गर्मी के मौसम में लो वोल्टेज व ट्रिपिंग के कारण कई मोहल्लों के लोग परेशान रहते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा मित्तल ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किया और ऊर्जा मंत्री के समक्ष समस्या को रखा। नगर की मांग को देखते हुए नगर के तोपखाना चौराहा व आरा मशीन, छोटी माता मंदिर के सामने, बैठगंज, लौना मार्ग व कांजी हाउस के पास रखे 100-100 केवी के ट्रांसफार्मरों का उच्चीकरण की मांग को स्वीकृत दिलाने का आश्वासन दिया है। आश्वासन के बाद उम्मीद की जा रही है कि उक्त मोहल्लों में ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की लो वोल्टेज समेत कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि नगर के 6 ट्रांसफार्मरों का उच्चीकरण किया जा रहा है। इनकी क्षमता 100 केवी से बढ़ाकर कर 250 केवी की जा रही है।

### ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा बीसी सखी के माध्यम से गांव में सुलभ

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** गोरा राठौर में मंगलवार को बीसी सखी की मीटिंग की गई जिसमें प्रधान रुबी सहित समूह की तमाम महिलाओं ने भाग लिया एव सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में बीसी सखी का चयन कर डिजटल ट्रांजैक्शन ऑनलाइन बैंकिंग संबंधी जानकारियां हासिल की जिसमें ग्राम के सभी लोग मनरेगा सहित अपना पैसा निकाल सकते है साथ ही जमा भी कर सकते हैं। एक बार में 100 रुपये से लेकर 10 हजार रुपये ट्रांजैक्शन कर सकते हैं बैंक में आने जाने का समय व खर्च नहीं करना पड़ेगा तथा बीसी सखी द्वारा कई प्रकार की पोलसी भी ले सकते है सरकार ने बीसी सखी को सीधा रिजर्व बैंक से जोड़ रखा है जिससे कोई साईबर अपराध भी नही होगा। ब्लाक मिशन मैनेजर रबी कुमार, विभा, मोहनलाल ने भी कई प्रकार की टैक्नीकल जानकारियां दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विक्रम सिंह द्वारा बीसी सखी सोनाक्षी को 1 कैप व बैग उपहार स्वरूप दिए गए।

### सरसा कलार गौशाला में तार फेंसिंग टूटे होने की शिकायत पर पहुंचे बीडीओ



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत सिरसा कलार की गौशाला का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि से पशु चिकित्सा अधिकारी रवि तिवारी के द्वारा लिखित शिकायत गौशाला के अंदर तार फेंसिंग टूटी होने की शिकायत को लेकर सिरसा कलार की गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण में तार फेंसिंग कंप्लीट हालत में देखने को मिली यहां पर मौजूद 125 गोवंशों की संख्या देखने को मिली जहां पर भूसे का स्टॉक 124 कुंतल मौजूद पाया गया। पीने का स्वच्छ जल समय-समय पर गोवंशों का खाने-पीने का इंतजाम को बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश, ग्राम प्रधान दृगपाल सिंह सिरसा कलार गौशाला की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त पाई गई इसीक्रम में तरसोर का पंचायत भवन के घर जहां पर ताला पड़ा मिला जबकि दो पंचायत भवन एक ग्राम सभा में एक गांव के मजरा में देखने को मिले इसके बाद भी पंचायत सहायक की लापरवाही के चलते दोनों पंचायत भवनों में ताला बंद देख बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने ग्राम विकास अधिकारी वेद प्रकाश को कड़ी चेतावनी देते हुए पंचायत सहायक के खिलाफआवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सरकारी इमारतों को पंचायत सहायक के द्वारा सरकारी संपत्ति न समझी जाये। सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा स्तर पर परिवार रजिस्टर की नकल का प्राप्त होना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन फॉर्म ग्राम स्तर पर ऑनलाइन कर ग्रामीणों की मदद की जा सके। वृद्ध एवं असहाय व्यक्तियों किसी प्रकार से तकलीफका सामना करना पड़े शासन, प्रशासन से बहुत पहले निर्देशित किया जा चुका है।



### समाजसेवी युसफ अंसारी ने पालिकाध्यक्ष उरई, सभासदों को किया सम्मानित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष पद के चुनाव में दूसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल करने वाली श्रीमती गिरजा चौधरी की इस सराहनीय जीत हासिल करने पर शहर के मुस्लिम बाहुल्य बजरिया बल्लभनगर स्थित मदरसा अरविया रहमानिया में समाजसेवी यूसुफअंसारी एवं ईदगाह रामनगर उरई कमेटी के अध्यक्ष मुहम्मद अयूब अंसारी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम। जिसका संचालन ईदगाह रामनगर उरई के अध्यक्ष अयूब अंसारी ने किया। इस मौके पर समाजसेवी यूसुफअंसारी अलमारी वाले एवं ईदगाह रामनगर उरई के अध्यक्ष अयूब अंसारी ने नव निर्वाचित नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष श्रीमती गिरजा चौधरी के अलावा सभासद राजू मछली, श्रीमती नगमा परवीन, श्रीमती शायना परवीन, श्रीमती मुबीना खातून, जितेंद्र कुमार याज्ञिक, श्रीमती रीना बानों, श्रीमती शकुंतला को फूल गुच्छ एवं स्मृति चिंह देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर ईदगाह रामनगर उरई कमेटी के महासचिव मुहम्मद सलीम एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मुहम्मद नईम खान के अलावा समाजसेवी अनवार अहमद सहित आदि मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## डीएम, सीडीओ, डीसी मनरेगा व बीडीओ ने अमृत तालाब में किया श्रमदान

▸ काशीरामपुर के चार सैकड़ा पुराने तालाब का होगा 13.96 लाख से सौंदर्यीकरण

▸ तालाब बनेगा पिकनिक स्पॉट, लगाये जायेंगे छायादार वृक्ष

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने के लिये जनपद के विकास खण्ड कदौरा के ग्राम काशीरामपुर में अमृत सरोवर के निर्माण के लिये जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित, खण्ड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने श्रमदान करते हुये अमृत सरोवर तालाब का फीता काटकर शुभारम्भ कर लोगो को श्रमदान करने हेतु प्रेरित किया। ग्राम पंचायत काशीरामपुर में अमृत सरोवर, कुकरताल तालाब की खुदाई एवं सौंदरीकरण 13.96 लाख की लागत से निर्माण कराया जा रहा हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत काशीरामपुर में लगभग 400 वर्ष पुराना तालाब है जिसे अमृत सरोवर तालाब बनाकर उसे पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने के लिये तालाब के चारों तरफफुटपाथ का निर्माण कराने के साथ लाईटिंग लगाया जाये, अमृत सरोवर तालाब के चारों तरफछायादार वृक्ष लगाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि प्रति एक ग्रामों में अमृत सरोवर तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आने वाले समय में बुन्देलखण्ड में जल की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लोकेन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव वैभव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जब चिकित्सक ने मधुमक्खी के काटे मरीज को मेडिकल कालेज रैफर का थमा दिया पर्चा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी जिला अस्पताल के चिकित्सक स्वेच्छाचारिता पूर्ण रवैया छोड़ने को तैयार नजर नहीं आ रहे है। इसका जीता जागता उदाहरण उस दौरान सामने आया जब सूचनाधिकारी कार्यालय का चतुर्थ श्रेणी कर्मी को मधुमक्खी द्वारा काट लिये जाने पर वह उपचार कराने के जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचा तो वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजकीय मेडिकल कालेज के रैफर का पर्चा चिकित्सक ने बनाकर थमा दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित जिला सूचनाधिकारी कार्यालय में अमर सिंह बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मी है। कार्यालय में काम करने के दौरान अचानक आयी मधुमक्खी ने उसे डंक मार दिया जिससे वह दर्द से बेहाल हो उठा तो वहां पर मौजूद साथी उसे लेकर जिला अस्पताल में पहुंचे तो वहां इमरजेंसी कक्ष में चिकित्सक संजीव अग्रवाल को दिखाया तो उन्होंने उसका प्राथमिक उपचार तो कर दिया लेकिन साथ ही उसे राजकीय मेडिकल कालेज उरई के लिये रैफर का पर्चा भी हाथ में थमा दिया। सवाल यह उठता है कि मधुमक्खी के काटने वाले मरीज को जब चिकित्सक जिला अस्पताल से रैफर करेंगे तो ऐसी स्थिति में इमरजेंसी में पहुंचे अन्य बीमार मरीजों या फिर दुर्घटना में घायल लोगों को कहां के लिये चिकित्सक रैफर करते होंगे यह एक सोचनीय विषय हो सकता है। इससे एक बात साफ होती है कि जिला अस्पताल के चिकित्सक अपनी जिम्मेदारियों को दरकिनार कर उन्हें रैफर करने की परंपरा का मोह नहीं त्याग पा रहे हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्तों को उम्र कैद

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना फूलबेहड़ पुलिस एवं मॉनिटरिंग सेल की कड़ी मेहनत, साक्ष्य संकलन व प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप आज 27 जून 2023 को विशेष न्यायाधीश, पाक्सो कोर्ट, लखीमपुर द्वारा जनपद खीरी के पाक्सो एक्ट के पहले मामले में थाना फूलबेहड़ पर पंजीकृत मुकदमें में 03 अभियुक्त चौधरी उर्फ सर्वेश, छंगा व आलोक को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व 10,000-10,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। इस दौरान कुल 14 गवाह कराए गए। सभी अभियुक्तगण वर्ष 2013 से जिला कारागार खीरी में निरुद्ध हैं। किसी की जमानत मंजूर नही हुई। अभियोजन पैरवी बृजेश पाण्डेय विशेष लोक अभियोजक पाक्सो ने की।

## पुलिस ने कालेज के मैदान में किया दंगा नियंत्रण का अभ्यास



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान के पास एसपी डॉ. ईराज राजा की मौजूदगी में दंगा नित्रंयण का अभ्यास किया गया। इस दौरान दंगा और बलवा जैसी स्थितियों को उत्पन्न किया गया और उसे रोकने के लिए अभ्यास किया गया।

इस क्रम में सड़क के एक छोर से सादा वर्दी में तैनात पुलिस के जवान बलवाइयों का भेष धारण कर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। इसकी जानकारी खुफिया विभाग द्वारा पुलिस को दी गई। अभ्यास में विधि विरुद्ध जमाव को पहले चेतावनी देकर वहां से हट जाने के लिए कहा गया। लेकिन जब स्थिति नहीं संभली बल्कि भीड़ और उग्र होने के साथ ही आगजनी और पत्थरबाजी का अभ्यास किया गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए और आगजनी को रोकने के लिए फायर बिग्रेड की गाड़ी बुलाई गई। फायर ब्रिगेड द्वारा पानी की बौछार कर उन्हे वहां से हटाने का अभ्यास किया गया। इसके बाद आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन के प्रयोग का भी अभ्यास किया गया।

स्थिति पर नियंत्रण के लिए बलवाइयों पर फायर भी किए गए। जिसमें कुछ बलवाइयों के घायल होने का भी अभ्यास हुआ। इस दौरान पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी की गई और ड्रोन कैमरों का भी प्रयोग किया गया। इस संदर्भ में एसपी ने ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारु बनाना है। यह दंगा नियंत्रण पुलिस के लिए बहुत जरूरी और उनके हित में है। दंगा नियंत्रण एवं बलवाइयों को किस प्रकार नियंत्रण में करना है, इसका पुलिस कर्मियों को अभ्यास कराया गया है। इस मौके पर एएसपी असीम चौधरी, सीओ रविंद्र गौतम, कोतवाल समीर सिंह, एसएसआई आनंद सिंह, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने झगड़े पर उतारू छह लोगों पर की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** उरई कोतवाली क्षेत्र के नया पटेलनगर निवासी शिवम, निखिल व दीपेंद्र शराब के नशे में भिटारा के पास स्थित एक पेट्रोल टैंक पर पहुंचे। जहां वह किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। समझाने के बाद भी न मानने पर वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। उधर, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा में नाले के विवाद को लेकर एक पक्ष के अमरचंद्र एवं दूसरे पक्ष के गंगाप्रसाद व राजेश के बीच झगड़ा हो रहा था। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने झगड़े की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपरोक्त सभी के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

## भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं से कराया अवगत

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बीजेपी द्वारा आयोजित संपर्क से समर्थन अभियान के तहत विधानसभा सीतापुर मैं जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

बीजेपी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के नेतृत्व में बीजेपी नेता और कार्यकर्ताओं ने गणमान्य व्यक्तियों, विद्यालय प्रबंधकों अधिवक्ताओं डॉक्टरों सहित नागरिकों से जनसंपर्क किया।

इस जनसंपर्क अभियान के तहत केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम मोदी के उत्कृष्ट कार्यों की पुस्तिका लोगों को भेंट कर मोदी का जन समर्थन करने की अपील की गई। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 9090902024 पर मिस कॉल करा कर बीजेपी का समर्थन भी कराया।

बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बूथ संख्या 175 मंडल रामकोट के शक्ति केंद्र से डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया और स्थानीय नागरिकों सहित गणमान्य नागरिकों और अन्य सम्मानित जनों से संपर्क कर जिलाध्यक्ष ने पीएम मोदी के समर्थन करने के लिए आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना जैसी महामारी में भी आम जनता का साथ नही छोड़ा क्योंकि जब अन्य विपक्षी पार्टियां घरों में बैठकर अपनी राजनीति कर रहे थे उस वक्त हमारे आदरणीय पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के हर एक कोने में मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया था जिससे देश मे कोई भूखा न होने पाए।

जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिलाउपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा सहित भंवर सिंह, पंकज पांडेय, मुकेश मिश्रा, अनूप पांडेय, अंकुल तिवारी, निर्मल शुक्ला,अनुज त्रिवेदी, श्याम मिश्रा, सूरज दीक्षित सहित अन्य बीजेपी पदाधिकारी और स्थानीय जनता मौजूद रही है।

## शांति देवी मानव सेवा समिति द्वारा वितरित किये गए स्वास्थ्य वर्धक पेय पदार्थ

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची पूजा है इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए शांती देवी मानव सेवा समिति ने समाज के हर वर्ग तक अपनी पैठ बनाने का काम शुरू कर दिया है।

समिति द्वारा सरकारी, अर्द्ध सरकारी, सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए समिति प्रबंधक सुधाकर शुक्ला द्वारा नगरों व गाँवो मे जाकर स्वस्थ शरीर निरोग शरीर की भावना को जाग्रत करते हुए डाबर का रियल नारियल का पानी सहित स्वास्थ्य वर्धक पेय पदार्थ का वितरण कर रहे हैं।समिति प्रबंधक सुधाकर शुक्ला ने बताया कि संस्था का मूल कार्य समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सरकार की योजनाओं को पहुचाना,व सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उनके क्या क्या अधिकार यह बताना और हर वर्ग को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं की जानकारी हो सके और दलित,शोषित वर्ग को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके।

संस्था के द्वारा पूर्व से ही शांति देवी इंटर कॉलेज शुक्लापुर कटिया एवं शांति देवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के छात्र छात्राओं को शिक्षित करने के लिए संचालित हैं उसी क्रम में तहसील में उप जिलाधिकारी पी0एल0 मौर्या व तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह के साथ तहसील में कार्यरत कर्मचारियों व आए हुए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों एवं अधिवक्ताओ को सादर वंदन सादर प्रणाम द्वारा प्रदान किया गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को भी देव पदार्थ वितरित किए गए । थाना कोतवाली में भी S H O अनिल सिंह की उपस्थिति में कार्यरत पुलिसकर्मियों इस तप्ती गर्मी में पेय पदार्थ संस्था के प्रबंधक सुधाकर शुक्ला द्वारा वितरित किए गए।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष का आर्य समाज बिसवां इकाई ने किया स्वागत

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज बिसवां इकाई के द्वारा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल को सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह का शुभारंभ ईश स्तुति व वैदिक हवन के साथ हुई तथा लोककल्याण की भावना व शुभ संकल्प मंत्रो के साथ आहुतियां देवताओं को प्रदान की गयीं ।इस कार्यक्रम में संस्था के प्रधान रमापति रस्तोगी, मंत्री अजीत आर्य, उप प्रधान कुलदीप सिंह व त्रिलोकीनाथ, उप मंत्री अनूप मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष कैलाशपति रस्तोगी सहित सभी पदाधिकारियों ने पुष्पू जायसवाल का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया एवं अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह् भेंट किये । अतिथि पुष्पू जायसवाल ने कहा कि मै निष्पक्ष भाव में रहते हुए जनता के हित का काम करूंगा । अन्य सदस्य गण में प्रमोद कपूर ,राम किशोर रस्तोगी,अनिल श्रीवास्तव, श्रीकांत मौर्य सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रचार मंत्री कवि आनन्द खत्री के द्वारा किया गया।आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था के कोषाध्यक्ष कैलाश पति रस्तोगी ने किया।

## बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस महकमा चौकन्ना

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



बकरीद के पर्व पर किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो इसके लिए एसपी डॉ. ईराज राजा के नेतृत्व में कोतवाली व चौकी पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल गश्त की।

नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस को देखकर लोगों को पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर नजर आ रही है तो लोगों को सुरक्षा का अहसास हुआ। कोतवाली से निकले पुलिस कर्मी कोतवाली रोड से देवनगर चौराहे से तहसील रोड होकर पानी की टंकी, बस स्टैंड से झंडा चौराहा सब्जी मंडी से होकर पुनः कोतवाली पहुंचे। इस दौरान एसपी ने ने दुकानदारों व राहगीरों से नगर की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। कोई उन्हें परेशान करता है तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की है कि बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। कोई ऐसा कार्य न करे जिससे दूसरे समुदाय को परेशनी हो।

इस मौके पर एएसपी असीम चौधरी, सीओ रविन्द्र गौतम, कोतवाली प्रभारी समीर कुमार सिंह, एसएसआई आनंद कुमार, एसआई ओंकार यादव, विपिन कुमार, मोहित यादव, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाराबंकी के कई उद्यमियों को मुख्यमंत्री ने वितरित किया ऋण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर आज दिनांक 27 जून 2023 को लखनऊ स्थित लोक भवन में एक बृहद ऋण वितरण कार्यक्रम में बाराबंकी के कई उद्यमियों को मुख्यमंत्री के द्वारा ऋण वितरित किया गया। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न बैंकों द्वारा लगभग 17.50 हजार करोड़ रूपये का ऋण वितरण किया गया। बाराबंकी से भारतीय बुनकर सहकारी समिति लिमिटेड के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित जफर अहमद को जनपद बाराबंकी के हथकरघा उत्पाद हेतु जी0आई0 टैग प्राप्त होने पर मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त के अतिरिक्त मेसर्स भगवती इण्डस्ट्रीज के प्रोपराइटर आशीष कुमार को इण्डियन बैंक, अनवारी से रू0 50-00 लाख का चेक वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के करकमलों द्वारा वितरण किया गया। लखनऊ स्थित-लोक भवन के मुख्य कार्यक्रम का जनपद स्तर पर कार्यालय, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, बाराबंकी में लाइव प्रसारण भी किया




गया। जनपद स्तर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री प्रमोद तिवारी जी एवं जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार की उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षरित निवेशक मेसर्स जेडक्स पैरेन्टल पारस बॉयोटेक के निदेशक शुभेन्द्र प्रताप सिंह जी को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, बाराबंकी से ग्लूकोज उत्पाद हेतु रू0 44-00 करोड़ का ऋण स्वीकृत-पत्र वितरण किया गया। उक्त के अतिरिक्त विभाग द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री गंगा प्रसाद को आर्यावर्त बैंक भदरास से ऑयलमिल हेतु रू0 5-00 लाख का ऋण, श्रीमती आरती जायसवाल को बैंक ऑफ इण्डिया, महादेवा से धर्मकांटा हेतु रू0 10-00 लाख का ऋण, श्री आशीष कुमार को इण्डियन बैंक अनवारी से कारूगेटेड बॉक्स निर्माण हेतु रू0 50-00 लाख का ऋण, श्रीमती मोनिका शंखवार को बैंक ऑफ इण्डिया, चिनहट मल्हौर रोड से लौहकला उद्योग हेतु रू0 50-00 लाख का ऋण तथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत श्री प्रताप बहादुर वर्मा को बैंक ऑफ बड़ौदा, सिविल लाइन, बाराबंकी से ऑयलमिल हेतु रू0 25-00 लाख का ऋण श्री अमन कुमार को आर्यावर्त बैंक, जहंगीराबाद से आटा चक्की हेतु रू0 4-00 लाख का ऋण एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण हेतु सहायता योजनान्तर्गत श्री मो0 फैज को बैंक ऑफ इण्डिया, मिश्रा मार्केट, बाराबंकी से वस्त्र उत्पाद हेतु रू0 25-00 लाख का ऋण, श्री विकास वर्मा को आर्यावर्त बैंक, सूखीपुर से वस्त्र उत्पाद हेतु रू0 2-00 लाख का ऋण स्वीकृत/वितरण प्रमाण-पत्र माननीय गणों के करकमलों से वितरण किया गया। जनपद स्तर पर लगभग कुल 04 करोड़ का ऋण स्वीकृत/वितरण प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वी0डी0चौधरी, सहायक आयुक्त उद्योग एवं रूबी जमशेद, सहायक आयुक्त उद्योग द्वारा इस सेमिनार में उपस्थित लाभार्थियों/उद्यमियों को उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा-प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, एम0एस0एम0ई0 नीति, प्लेज पार्क, मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना, यू0आर0सी0 (उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी।

# सोनभद्र में परिषदीय विद्यालयों में 55 फीसद से ज्यादा पद रिक्त

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

- परिषदीय विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल भरे सरकार
- सीएम को ट्वीट कर युवा मंच ने की मांग

सोनभद्र के परिषदीय विद्यालयों में अंतर्जनपदीय तबादला होने के बाद सोनभद्र में 4099 शिक्षक बचे हैं जबकि आरटीई अधिनियम के मानक के अनुसार जनपद में 9400 शिक्षकों की जरूरत है। आकांक्षी जनपद होने के बावजूद इतने बड़े पैमाने पर परिषदीय विद्यालयों में पदों का रिक्त होना सरकार पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इसी तरह स्वास्थ्य महकमे में भी बड़े पैमाने पर पद रिक्त हैं और स्वास्थ्य सेवाएं भी बदहाल स्थिति में हैं। युवा मंच प्रदेश संयोजक राजेश सचान ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर मांग की है कि तत्काल परिषदीय विद्यालयों में आरटीई के तय मानक के अनुसार रिक्त तकरीबन डेढ़ लाख पदों को भरा जाए। क्योंकि प्रदेश स्तर पर इतने बड़े पैमाने पर रिक्त पद होने का सर्वाधिक खामियाजा सोनभद्र जैसे पिछड़े जनपदों को सर्वाधिक बच्चों को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति स्वास्थ्य विभाग में है जिसमें प्रदेश स्तर पर विशेषज्ञ डॉक्टर के बड़े पैमाने पर पद रिक्त हैं जिससे सोनभद्र में स्थिति यह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं इसके अलावा अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर भी बेहद कम हैं।

दरअसल जब तक प्रदेश में शिक्षा-स्वास्थ्य समेत विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 6 लाख से ज्यादा पदों पर नियमित भर्ती नहीं होती तब तक आकांक्षी जनपद होने के बावजूद यहां के शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे विभागों में रिक्त पदों को भरा जाना संभव नहीं है इसलिए सरकार को चाहिए कि तत्काल जो चुनावी वादा किया गया था उसके तहत सभी रिक्त पदों को समयबद्ध भरे।

## विकसित राष्ट्र बनाने के लिये मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी : जिलाध्यक्ष

**सहजनवा गोरखपुर।** देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल स्थित ( मेरा बूथ सबसे मजबूत) संवाद कार्यक्रम के तहत सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल सम्बोधित किया। सभी भाजपा जिला इकाई गोरखपुर के कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम में देश के चतुर्दिक विकास की चर्चा विस्तार से की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह के साथ सभी कार्यकता घघसरा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रधानमन्त्री को लाइव सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विकसित राष्ट निर्माण के लिए पुनः मोदी जी को प्रधानमन्त्री बनना होगा। इसके लिए आज से ही सभी कार्यकता कमर कस कर तैयार हो जाएं। घर घर जाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को बताने का कार्य करें। उक्त अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवचरन प्रसाद, विजय कुमार मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे, पाली ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह, दयाशंकर सिंह, राम जनक मौर्य,अशोक सिंह, प्रभु नाथ पाण्डेय, रमेश गुप्ता, कृष्ण मोहन कसौधन, दिवाकर विक्रम राज, दिनेश मिश्र, राजीव पाण्डेय, रुचिका मिश्रा, विजय सिंह, राकेश मुन्ना, शिवप्रताप राज, त्रयंम्बकेश्वर उपाध्याय समेत कई लोग मौजूद थे।

## उस्मानपुर बुद्ध विहार में छत्रपति शाहू जी की मनाई गई जयंती, दिन भर चला भंडारा

**बाराबंकी।** थाना कोठी क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर में स्थित ''हनक'' बुद्ध बिहार में छत्रपति शाहू जी महाराज की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समारोह और विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इण्डिया के तत्त्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में आकाशवाणी दूरदर्शन मद्य निषेध विभाग उ0प्र0 सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 संस्कृति निदेशालय उ0प्र0 के कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भोजपुरी लोक गीत लोकनृत्य (म्यूजिक एण्ड डान्स) नाटक जादू आल्हा, आदि के द्वारा छत्रपति शाहू जी महाराज का जीवन दर्शन महापुरूषों का इतिहास, सोने लाल यादव एण्ड पार्टी जादूगर सत्यम तिवारी, बदलू का आल्हा आदि कार्यक्रम प्रस्तुत हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूर्यबली विकल्प एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ, विशिष्ट अतिथि रामहर्ष राम ज्वाइन्ट कमीशनर, आबकारी विभाग उ0प्र0 (से0नि0) अजमगढ़, इन्द्रेश भारती सीतापुर प्रहलाद भास्कर अम्बेडकर नगर, अशोक रावत एडवोकेट, ओम प्रकाश गौतम, मास्टर रामनाथ वर्मा राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, आलोक कुमार शर्मा, आशाराम, केशवराम, नीलम गौतम, दीपक कुमार गौतम, भारत प्रसाद, शिवम कुमार, अवधरानी, कपिल कुमारी, फूलमती, अन्जू, सतीश गौतम, वीरेन्द्र गौतम, ओमकार विशेष देशराज, रामकुमार गौतम, नौमीलाल, नत्थाराम, सूरज, अरविन्द, सोमनाथ, रामसिंह गौतम, प्रमोद पेन्टर, जयचन्द्र गौतम, नीरज गौतम, इ0 रवि प्रकाश, विजय बौद्ध, मुकेश गौतम, लायकराम, आकाश, सुधाकर, दिवाकर, रंजीत, (जुग्गन) शिवमगन, प्रान्जल, सुधान्जल, पवन, सुरेश गौतम, जगदीश, सनेही, पत्नी स्व0 मोल्हे, संजय, अजय आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीपीआरओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** निदेशक पंचायती राज प्रमोद कुमार उपाध्याय पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती के साथ ग्राम धुसेडिया स्थित पंचायत भवन पानी की टंकी तथा ग्राम पीठापुर में पंचायत भवन से जारी किए जाने वाले प्रमाणपत्रों के अलावा ग्राम किन्तूर में पंचायत भवन ओपन जिम खाद गडढे आदि का निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार के साथ किया है। मंगलवार को निदेशक पंचायती राज, पंचायत राज अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत आदि के साथ ग्राम पंचायत धुसेडिया में पंचायत भवन तथा जल निगम विभाग द्वारा बनवाई गई पानी टंकी का निरीक्षण किया निदेशक पंचायती राज ने पानी टंकी की पाइपलाइन सप्लाई तथा कनेक्शन धारियों से बात चीत किया । तत्पश्चात ग्राम पीठापुर में बैकल्पिक भवन से संचालित आयुष्मान कार्ड जाति आय निवास प्रमाण पत्र आदि आन लाइन सुविधाओं के निरीक्षणों परान्त ग्राम किन्तूर के पंचायत भवन ओपेन जिम कचडा निस्तारण गृह खाद गडढे आदि का निरीक्षण किया।इस मौके पर जिला स्वच्छता सहायक ऊधव सिंह ब्लाक कोआर्डिनेट वीरेंन्द्र यादव राहुल पान्डेय के अलावा प्रधान श्रवण कुमार वर्मा लक्ष्मी देवी प्रधान पीठापुर किन्तूर अकरम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

## कोटवाधाम में हजारों भक्तों ने चढ़ाया प्रसाद

**सिरौलीगौसपुर।** श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के साप्ताहिक मंगलवार के मेले में हजारों सत्यनामी श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में स्नान कर बड़े बाबा के दरबार में चादर प्रसाद चढाकर मन वांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्याण की कामना किया है। मंगलवार को श्रीकोटवाधाम स्थित बडे बाबा के दरबार में ब्रह्ममुहुर्त की आरती से ही बहराइच गोंडा बलरामपुर श्रावस्ती खीरी लखीमपुर सीतापुर उन्नाव रायबरेली मैनपुरी अयोध्या बस्ती प्रतापगढ सुल्तानपुर आदि जनपदों से दो पहिया चार पहिया वाहनों से आये हजारों सत्यनामी श्रद्धालुओं ने बडे बाबा के जयकारे लगाते हुए पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर बड़े बाबा की समाधि पर चादर प्रसाद चढाकर रोजी रोजगार में बरकत एंव विश्वमानव कल्याण की कामना किया। तत्पश्चात बडी गददी के महन्त नीलेन्द्र बक्श दास नीरज भैय्या से आर्शीवाद प्राप्त किया।

## ब्लॉक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे एक वर्ष से हैं खराब

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सावधान आप कैमरे की नजर में नहीं है ब्लाक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे करीब एक वर्ष से खराब पड़े हैं। आलम यह है कि कैमरों की स्थिति जानने के लिए बड़े बाबू कक्ष में बनाए गए कंट्रोल रूम से स्क्रीन तक गायब हो चुकी है।ब्लॉक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था हुई ध्वस्त। कैमरों की केबल टूट कर इधर-उधर लटक रही है वही कंट्रोल रूम में केवल डीवीआर मशीन रखी हुई है एलसीडी गायब। बताते चलें कि सिरौलीगौसपुर ब्लॉक परिसर में करीब दो वर्ष पहले ब्लाक परिसर में निगरानी के लिए 8 कैमरे लगाए गए थे। कुछ दिनों तक कैमरे चले उसके बाद देखरेख न होने के चलते सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए कैमरा ध्वस्त हो गए हैं।कंट्रोलरूम में डीवीआर मशीन धूल फांक रही वही एलसीडी गयाब है।लाखों रुपये खर्च कर ब्लॉक सिरौलीगौसपुर में लगाए आठ कैमरे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते धूल फांक रहे हैं।

## जेसीबी की चपेट से बाइक सवार दम्पत्ति घायल

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात जेसीबी की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायल दंपत्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जहां पति की हालत गंभीर बनी है। थाना क्षेत्र के बाजार पुरवा मजरे शेषपुर जाहिद अली निवासी राम बहादुर रावत बीती रात पत्नी सरस्वती को लेकर बाइक से सरवनपुर गांव जा रहा था ।रास्ते में नई सड़क तिराहे पर सामने से आई जेसीबी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी ।फलस्वरूप राम बहादुर और उसकी पत्नी सरस्वती सड़क पर गिर गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपत्ति को उपचार के लिए सीएचसी हैदरगढ़ भेजवाया।

## लाइव देखा गया मेरा बूथ सबसे मजबूत का प्रसारण

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भोपाल से मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत किये गये सम्बोधन को सिविल लाईन स्थित भाजपा कार्यालय पर लाइव प्रसारण सामूहिक रुप से देखा गया।सांसद श्री सिंह करिअप्पा मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।सांसद श्री सिंह ने कहा कि राष्टहित सर्वोपरि के भाव के आत्मसात करते हुए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। प्रधानमंत्री ने सम्बोधन के दौरान कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने के साथ उनमें उत्साह भी समाहित किया।दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा बनाने में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान रहा है।

# सल्फास खा लेने वाले किशोर की इलाज के दौरान हुई मौत

**हैदरगढ़ (बाराबंकी), समृद्धि न्यूज़**

- आम तोड़ने के लिए फेके गए पत्थर से कार का टूटा था शीशा, कार मालिक ने दी थी धमकी

आम तोड़ते समय कार का शीशा फूट जाने से कार मालिक द्वारा नुकसान की भरपाई ना करने से जेल भेजवाने की धमकी से दहशत में आए एक 12 वर्षीय किशोर द्वारा विषाक्त पदार्थ खा लेने से आज तीसरे दिन उसकी लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौंत हो गई।

गौरतलब हो कि कोतवाली क्षेत्र के तारागंज गाँव निवासी दिव्यांग कुसमीलाल लोधी का लगभग 12 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र बीते 25 जून की शाम को अपने गांव के सामने से निकले हैदरगढ़ कोठी मार्ग पर पत्थर चला कर आम तोड़ रहा था, कि तभी एक पत्थर वहां पर खड़ी वैगनआर कार पर जा लगा था। जिससे कार का शीशा टूट गया गया। शीशा टूटा देख घबराया किशोर घर को भागा।

पीछे पीछे कार सवार तीन लोग भी किशोर के घर पर पहुंच गए थे और घर के दरवाजे पर लेटे दिव्यांग पिता से कार के टूटे शीशे के नाम पर 5 हजार रूपये मांगने लगे थे। गरीब विकलांग पिता जब पैसा नहीं दे सका तो कार सवार लोग रिपोर्ट करने और पुलिस बुलाकर जेल भेजने की धमकी देते हुए चले आए। जिसके बाद दहशत में आए किशोर ने सल्फास खा लिया था। जिसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचे थे, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते डॉक्टरों द्वारा उन्हें राम मनोहर लोहिया के लिए रिफर कर दिया गया गया था। जहाँ पर आज तीसरे दिन भूपेंद्र इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

किशोर की असमय मौत की खबर गाँव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। अपने कलेजे के टुकड़े के शव को देखकर पिता का कलेजा जहाँ अंदर ही अंदर फटा जा रहा था तो वही बेबस लाचार माँ के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे बार बार वह बेहोश हो जा रही थी। बताते चले कि मृतक किशोर भूपेन्द्र के पिता की माली हालत ठीक नहीं है और वो पिता विकलांग है किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण करते है मृतक भूपेंद्र दो भाईयों में सबसे छोटा था।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता हुए शामिल

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत देश भर में भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किये पीएम हर एक बूथ पर पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल रूप से संबोधित किये बताते चलें कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान से प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान के तहत देशभर के 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थें व हर एक बूथ को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से लाइव जुड़े वहीं चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में चोपन में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख लीला देवी मौजूद रहीं जहां चोपन मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता पीएम मोदी का संबोधन सुने। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यदेव पांडे, मीनू चौबे, जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार आर्य, राजेश अग्रहरी, प्रदीप अग्रवाल, विकास चौबे, धर्मेंद्र जायसवाल, कामेश्वर विश्वकर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप गिरी, भोला जयसवाल, अमर पनिका, रामलाल, संजय केसरी, बच्चा सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# आयुष केसरवानी बनाए गए विन्ध्य सेवा फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष

**रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक व पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत विंध्य सेवा फाउंडेशन सोनभद्र के जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज का नगर अध्यक्ष युवा समाजसेवी आयुष केसरवानी को मनोनीत किया गया। फाउंडेशन के नए नगर अध्यक्ष आयुष केसरवानी ने कहां है कि जल्द नगर कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा और अगले माह से फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों पर क्रियान्वयन किया जाएगा।

वही आयुष के नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर विभिन्न संगठनों के समाजसेवियों ने हर्ष व्यक्त किया है। उपरोक्त आशय की जानकारी फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।



# सड़क पर घूम रहे सांड के हमले से महिला घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

सड़क पर आवारा घूम रहे सांड के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के बाद महिला को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रिफर किया गया है। थाना लोनी कटरा के सरैया मजरे तेजवापुर गांव निवासी सोना देवी पत्नी राम शंकर वर्मा किसी काम से जा रही थी कि तभी साड़ के हमले में बुरी तरह घायल हो गई। इससे पूर्व भी सांड के हमले में बसन्तपुर के रहने वाले पिंटू वर्मा पुत्र महावीर वर्मा भी बुरी तरह घायल हो गए थे।



### जल्द गई नगरवासियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

# बीस करोड़ की लागत से बनेंगी चार पानी की टंकियां

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल्द ही नगर में बीस करोड़ रु की लागत से 4 पानी कि टंकियो का निर्माण कराया जाएगा जिसके बाद लोगों को बेहतर स्वच्छ जल की आपूर्ति हो सकेगी। इस परियोजना के पूरे होने पर नगर के 4618 उपभोक्ताओं को निशुल्क कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए अवर अभियंता अयोध्या व नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि नगर के ब्रह्मनान लिल्हौरा भटखेरा एवं सब्जी मंडी वार्ड में नई टंकियों का निर्माण किया जाएगा। निर्मित होने वाली इन टंकियों से 52 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइप लाइनें बिछाई जाएंगी और इन के माध्यम से 4618 घरों को कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे । बताया कि अभी कस्बा वासियों को जहां दूसरी मंजिल पर पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है इन टंकियों के निर्माण के बाद दूसरी मंजिल पर रहने वाले उपभोक्ताओं को भी आसानी से पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि टंकियो के निर्माण में उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा और आगामी तीन दशकों तक टंकियों के माध्यम से लोगों को जलापूर्ति मिलती रहेगी। नगर पंचायत हैदरगढ़ में अमृत 2.0 के पेयजल पुनर्गठन एवं ग्रह संयोजन योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यो के लिए आज नगर पंचायत कार्यालय में जन जागरण अभियान कार्यक्रम के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

# यूकेलिप्टस पेड़ कटवाना पड़ गया भारी

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

ससुर के इलाज से परेशान बहू को अपना यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा कर बेचना भी ग्राम प्रधान पति की दंबगई से भारी साबित हो गया।यूकेलिप्टस की तौल हो जाने के बावजूद पुनः उसपर लदवाकर दो पुलिस कर्मियो की बदौलत ट्रैक्टर ट्राली पुलिस चौकी महादेवा पहुंच गयी।

पीड़ित बहू ने उपजिलाधिकारी महोदया को पत्र सौंपने के साथ प्रदेश सरकार के मुखिया से लेकर सक्षम अधिकारियो को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।मालूम हो कि थाना रामनगर के अन्तर्गत भुण्ड मजरे ग्राम पंचायत जुरौन्डा निवासी संजू देवी पत्नी राजकुमार ने उपजिलाधिकारी महोदया को पत्र सौपने के साथ ही प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ और सक्षम अधिकारियो को भेजे गये पत्र मे ग्राम प्रधान पति अवधेन्दु प्रताप सिंह रिंकू के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है।उन्होने अपने भेजे गये शिकायती पत्र मे कहा है कि मंगलवार को यूकेलिप्टस की लकडी बिक्री हेतु लेकर जा रहे थे।


रानीगंज मे उसकी तौल होकर लकड़ी उतर गयी थी।दो पुलिस कर्मियो के साथ मौके पर पहुचे प्रधान पति ने लकड़ी पुनः ट्रैक्टर ट्राली मे लादकर पुलिस चौकी महादेवा ले आये।उपजिलाधिकारी तान्या को दिये गये पत्र मे यह भी कहा है कि मेरा नम्बर नपवा दिया जाय यदि दो चार विश्वा पंचायत की जमीन हम छोड़ देगे।आसपास जिन अन्य नम्बरो मे पंचायत की भूमि निकलती है उसे प्रशासन जाने।यूकेलिप्टस की लकड़ी रोके जाने से मेरे ससुर के इलाज मे देरी होगी।ग्राम प्रधान के पति ने अवैध रुप से मनरेगा मे मजदूरी का धन हम लोगो के खाते पर भेजा था जिसके बाद मेरी सास नाराज हुई थी और आगे फर्जी कोई धन न भेजे जाने की हिदायत दी थी।तभी से प्रधान पति खुन्नस खाये हुए थे।एक दिन पूर्व भी यह हमारे खेत मे ग्राम समाज बताकर अपमान जनक व्यवहार किया था जिसकी शिकायत भी थाना रामनगर मे हुई थी।यहा पर पीड़िता के मुताबिक गौरतलब बात तो यह है कि पुलिस ने पूर्व की शिकायत पर कोई संज्ञान तो लिया नही और दूसरे दिन मेरी लकड़ी तौल हो जाने के बाद भी लदवाकर पुलिस चौकी महादेवा ले आये।इस समबंध मे हमारे संवाददाता ने तहसीलदार कविता ठाकुर से जानकारी चाही तो आपका कहना था अभी हमारे संज्ञान मे नही है।हल्का एसआई श्रीनाथ मिश्रा का कहना था कि मामला मेरे संज्ञान मे आया है।इस मामले की जांच जारी है।

# राष्ट्रीय लोक दल ने मुख्यमंत्री नामित सौंपा पत्र

### कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए 6 सूत्रीय मांग पर बुलंद की आवाज

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ताओं ने अपने विभिन्न भागों को लेकर मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौपा। जिला अध्यक्ष रामसेवक सिंह पटेल ने बताया कि कराना है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्तमान सर का गन्ना मूल्य है जिसका भुगतान न होने से किसान भाईयो कोठे विभिन्न खर्च के सन्दर्भ मे अत्यधिक प सामना करना पड़ रहा है जैसे बच्चों के स्कूल का शुल्क, शादी विवाह तथा दवाई के साथ साथ दैनिक के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।यह भी अवगत कराना है कि इस भीषण गर्मी में चारों और लोग कर पेट में आ रहे है के कारण मृत्यु भी हो रही है। बलिया जैसे जनपद में केमे है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती जनता के साथ छोटे छोटे बच्चे बिजली के



अभाव तपते रहते हैं। शहरों में पेयजल भी बिजली से ही मिल पाता है। अतः राष्ट्रीय लोकदल के हम सभी पदाधिकारी एवं आपका ध्यान प्रमुख बिन्दुओं पर आकर्षित करते है।

**मांग**

1-किसानों का संपूर्ण गन्ना भुगतान मय ध्यान के अविलंब दिलाने का का करें। 2-विद्युत वोल्टेज कम आने के कारण एवं परों में काम आने वाले उपकरण नहीं क्या रहे हैं। विद्युत वितरण व्यवस्था को एवं विद्युत बोल्टेज का दुरुस्त कराने का कष्ट करें।

3- समस्त भारत ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराने का कर करे।

4-15 में भी विद्युत वितरण की कटौती बंद कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने का करें

5- आपके द्वारा पूर्व में की गई घोषणा कि प्रदेश के किसानों को कृषि सिंचाई हेतु किसी परीयार यह रही है अपने द्वारा की गई को करने का कर करे। इस मौके पर पवन शुक्ला,कांता त्रिपाठी, अटल ओझा ,राम सेवक सहित अन्य लोग अन्य रहे।

# कुर्मी स्वाभिमान महासंघ ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शाहू की जयंती

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला मुख्यालय स्थित लखपेड़ाबाग मैरिज लॉन में कुर्मी स्वाभिमान महासंघ के बैनर तले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती महासंघ के संरक्षक काशीराम वर्मा की अध्यक्षता एव लोकसभा संयोजक भुकान्त वर्मा के संचालन में मनाई गई। इस मौके पर चित्रपर माल्यार्पण कर उनके आदर्श को आत्मसात करने पर बल दिया गया। कुर्मी स्वाभिमान महासंघ के राष्ट्रीय सह संयोजक इंजी0 सूर्य प्रकाश वर्मा ने समाज के लोगो का आहवान करते हुए कहा कि समाज के नायक देश के पुरोधा छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शो को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने जातिवाद की खाई को कम करने के संदेश के साथ एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए समाज के लोगो को प्रेरित किया । प्रांतीय संयोजक अवधेश कटियार ने कहा कि समाज मजबूत बनेगा तो देश मजबूत बनेगा। देश को मजबूत और एकजुट बनाने में योगदान देना ही छत्रपति शिवाजी महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री कटियार ने पाखंडवाद को शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया। इस मौक़े पर इंटर एव हाई स्कूल की प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। जिला संयोजक मास्टर ओम प्रकाश वर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करते हुए कहा कि समाज के लोगो को सभी क्षेत्रों में अपना योगदान देने से ही समाज को ऊंचाइयों पर पहुंचाया जा सकता है जिसके लिए हम सभी को कुर्मी समाज के इस बैनर तले एकजुट होने की जरूरत है। इस मौके पर प्रांतीय सह संयोजक डा प्रेम प्रकाश वर्मा टी एन सिंह , डॉ0 अशोक वर्मा, अरुण प्रकाश वर्मा, अनिल वर्मा, प्रेम किशोर वर्मा, डॉ0 राजेश वर्मा, चौधरी चरण सिंह, डा अमरेंद्र वर्मा, ज्ञान प्रकाश वर्मा, एड रमेश वर्मा, डा प्रीति वर्मा, देशराज वर्मा सहित समाज के सैकड़ो लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# पीएम मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से किया वर्चुअल संवाद

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम पूरे देश में पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर एलईडी एवं स्पीकर लगाकर आयोजित किया गया जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बूथ स्तर कार्यकर्ता से वर्चुअल संवाद किया, श्री मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से इस कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें 10 लाख से ज्यादा बूथ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, इसी क्रम में जिला महोबा के महोबा नगर मंडल द्वारा नगर पालिका महोबा में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर संतोष चौरसिया के साथ 200 से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे, प्रधानमंत्री के ऊर्जावान उद्बोधन से सभी कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया, उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक मंडल महामंत्री संतोष गुप्ता, जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे,






जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कौशल शर्मा, मोहनलाल कुशवाहा, आशीष अवस्थी, विभा पुरवार, उमा गाज्य, दीपाली तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलदीप चौहान धीरू ठाकुर दीपक गुप्ता दिनेश चौरसिया दाऊ, जागेश्वर चौरसिया, आशीष शुक्ला, ईश्वर दयाल, मोहनलाल कुशवाहा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप जैन, बलवीर सेन बल्लू, विनोद कुशवाहा, वीरेंद्र मिश्रा, जागेश्वर अनुरागी, पुष्पेंद्र गुप्ता सिया,




मिथुन खरे, आदि कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे।इसी तरह कुलपहाड़ मंडल का कार्यक्रम ब्लाक परिसर जैतपुर में आयोजित किया गया जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत, महेन्द्र द्विवेदी, डॉ कमलेश सक्सेना उमाशंकर मिश्रा,महामंत्री दिनेश गोस्वामी, हृदेश द्विवेदी, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे उक्त कार्यक्रम जिले के सभी 728 बूथों पर संपन्न हुआ, जिसमें एमएलसी विधायक जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर चरखारी नगर अपने गृह बूथ पर उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन बिक्री के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया प्रदर्शन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**ऑनलाइन** बिक्री के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका से नौरंगाबाद चौराहा चोगुर्जी बलराम सिंह चौराहा होते हुए कचहरी तक जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर कचहरी में विशाल जनसभा के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा की कोरोना काल में बाजार बंदी के दौरान लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी की जिससे अब लोगों को ऑनलाइन खरीदारी करने में ज्यादा रुचि आने लगी है इसके परिणाम स्वरूप बाजार में मंदी का दौर सा लंबे समय से चल रहा है हर व्यापारी मंदी मंदी कहकर परेशान दिखाई पड़ता है इसका मात्र एक कारण ऑनलाइन खरीदारी है सरकार इस पर ध्यान दें और अंकुश लगाए जिससे खुदरा व्यापार बच सकें और व्यापारी सुचारू रूप से अपना जीवन यापन कर सकें।शहर अध्यक्ष ओम रतन




कश्यप कहा कि कोरोना काल में मजबूरी बस ऑनलाइन खरीदारी का चलन शुरू किया गया था जिसकी अब कोई आवश्यकता नहीं है सरकार इसे तत्काल बंद करे।

प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री शिव कुमार सिंह चौहान, जिला महामंत्री शैलेश जैन, सुनीत सिंह चौहान, रवि कांत मिश्रा, जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर, हरि गोपाल शुक्ला, जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह चौहान, लाल जी पोरवाल, रवि पोरवाल जिला उपाध्यक्ष, धीरज वर्मा, देवेंद्र सिंह चौहान, गोरखनाथ वर्मा, बृजेश पोरवाल, हैदर कुरेशी, आसिफ जादरान, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाविप ने संस्थापक का जन्म दिन मरीजों के साथ मनाया

**इटावा।** भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश का जन्मदिन भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने जिला क्षयरोग चिकित्सालय में बड़े उत्साह से भर्ती मरीजों के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा -2 और विशिष्ट अतिथि संजय मिश्रा प्रान्तीय महामंत्री पांचाल प्रान्त ने भारत माता और स्वामी विवेकानन्द के चित्रों पर माल्यार्पण कर रोली चंदन लगाया और दीप प्रज्ज्वलित किया।मुख्य अतिथि विवेक कुलश्रेष्ठ ने डॉ. सूरज प्रकाश के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का हम सबको अनुसरण करना चाहिए। टीबी अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को परिषद की ओर से भुने हुए चने, गुड़, बिस्किट और फल बांटे गए। उक्त अवसर पर इन्द्र नारायण पाण्डेय अध्यक्ष, अत्रि दीक्षित सचिव, शैलेश पाठक कोषाध्यक्ष, कुलदीप अवस्थी संगठन सचिव, रीना राठौड़ महिला संयोजिका, इन्दु कुलश्रेष्ठ प्रान्तीय संस्कृति प्रभारी, संजीव कुमार राजौरिया संयोजक कार्यक्रम, प्रोफेसर आरसी त्रिपाठी, आनन्द प्रकाश, नारायण दुबे, जगदीश सिंह यादव, ओमप्रकाश तिवारी, अतुल भार्गव, लालजी प्रसाद दुबे, राजीव अवस्थी,राज शेखर तिवारी, नन्द कुमार यादव, शैलजा पाठक, प्रतिभा सिंह, विमलेश शर्मा, मन्जू देवी, श्रीमती प्रीति सक्सेना तथा अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे। इन्द्र नारायण पाण्डेय ने कार्यक्रम में सभी लोगों का सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अत्रि दीक्षित सचिव ने किया। अन्त में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पुलिस ने पर्वों सहित कानून व्यवस्था को लेकर पैदल गश्त किया

**इटावा।** आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद), श्रावण माह एवं जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना कोतवाली व थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत पैदल गश्त किया। आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद), श्रावण माह के दृष्टिगत जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाले शहर के मुख्य बाजार एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त करते हुए आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया साथ ही आगामी त्योहारों को सद्भावना पूर्ण माहौल में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इसी क्रम में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद), श्रावण माह के दृष्टिगत जनपदीय कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष व थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

### दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय ने सुनायी आजीवन कारावास की सजा

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्ष कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के नेतृत्व में थाना बढ़पुरा व मानीटरिंग, पैरवी सैल की प्रभावी पैरवी के चलते नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई। वादी/पीड़िता के पिता द्वारा थाना बढ़पुरा पुलिस को अमित उर्फ डब्बू पुत्र रमेश द्वारा 2 मई 2022 को उनकी 6 वर्षीय पुत्री के साथ मारपीट कर उसे खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किये जाने के संबध में सूचना दी गयी थी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बढ़पुरा पर धारा 363, 376 ए बी, 323 भादवि व 5एम/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत करते हुए 3 मई 2022 को ही नामजद आरोपी अमित उर्फ डब्बू पुत्र रमेश निवासी ग्राम सीतापुरा थाना पछायगांव को गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में विवेचना अधिकारी द्वारा दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय इटावा के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के नेतृत्व में थाना बढपुरा पुलिस एवं मॉनिटरिंग/पैरवी सैल व अभियोजन अधिकारी अनार सिंह द्वारा प्रकरण को गंभीरता से समयानुसार समस्त गवाहों व अन्य साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी एवं सख्त पैरवी की गयी जिसके परिणाम स्वरुप उक्त आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश/ ट्राइंग रेप केसिस (पॉक्सो एक्ट) द्वारा आजीवन कारावास व 2,00,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

### कार की टक्कर से बिजली का खम्भा टूटा

**इटावा।** थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत सैफई रोड़ पर स्थित गांव पडरपुरा में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार यूपी 75 ए 3021 जो सैफई की तरफ से आ रही थी गांव निवासी शिवा के घर के पास घड़ी विद्युत पोल में अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे विद्युत पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और विद्युत पोल से गई लाइन लूज हो गई गनीमत यह रही कि विद्युत लाइन स्कॉर्पियो कार से नहीं टकराई।

कार के अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकराने के बाद विद्युत लाइन में तेज आवाज के साथ फाल्ट हो गयाजिससे सभी ग्रामीण इकट्ठे हो गए और लाइनमैन को फोन कर लाइन को बंद कराया। खबर लिखे जाने तक गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित थी।

# जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों पर उत्साह के साथ मना गोदभराई दिवस

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**जिले** के सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर मातृ पोषण स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई।

यह जानकारी दी जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार ने देते हुए बताया कि पोषण अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण थाली के साथ हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, दलिया, सूखे मेवे और पौष्टिक आहार देकर संतुलित आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पीपल अड्डा, शिवनगर, राहत पुरा आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा सामूहिक रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ती नीरज,




मीरा, प्रेमलता द्वारा गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवती अर्चना, सुमन लता, माधुरी की गोद भराई की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी नीरज ने गर्भवती महिलाओं और उनके अभिभावकों को बताया गर्भावस्था में प्रतिदिन हरी साग, सब्जी मूंग की दाल व अन्य दाल, मौसमी फल, सूखे मेवे एवं दूध का सेवन अवश्य करें। आंगनबाड़ी मीरा ने बताया कि खून की कमी से बचने के लिए गर्भवती महिलाओं को बच्चे को जन्म देने से पहले 180 आयरन की गोलियां लेनी चाहिए जिससे गर्भावस्था में खून की कमी नहीं होगी। पुरबिया टोला निवासी उमा देवी ने बताया कि जिस तरह से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म आंगनबाड़ी केंद्रों पर की जा रही है यह एक सराहनीय पहल है।

## डीएम ने गोवंश को संरक्षित करने के समिति बनाई

**इटावा।** उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश के अनुरूप उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय क्षेत्रो में सभी निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाना है। परन्तु जिलाधिकारी के भ्रमण के समय संज्ञान में आया है कि पूरे जनपद में सड़कों के किनारे / डिवाइडर पर गोवंश एकत्रित रहते हैं, जिससे दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित गोवंश द्वारा कृषकों की फसलों का नुकसान किया जा रहा है एवं कृषकों को आर्थिक क्षति हो रही है तथा जनसुनवाई पोर्टल एवं अनेकों सोशल मीडिया, समाचार पत्रों पर निराश्रित गोवंश के सम्बन्ध में निरन्तर शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं। इसी लिये जिलाधिकारी अवनीश राय के निर्देश पर जनपद में गोवंश को संरक्षित कराने के उद्देश्य से तहसील स्तर पर समिति का गठन किया गया जोकि सप्ताह में एक बार क्षेत्र का भ्रमण करेंगे।

# भारत विकास परिषद के संस्थापक की जयंती पर दवाओं का निशुल्क वितरण किया

इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के द्वारा परिषद के संस्थापक डा. सूरज प्रसाद की जयंती राहतपुर स्थित श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में मनाई गई। इस उपलक्ष्य में अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले सभी मरीजों को फल एवं बिस्किट के साथ ओपीडी सहित दवाओं का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सूरज प्रसाद जी, स्वामी विवेकानंद एवम भारत माता के चित्र पर तिलक वंदन, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. जे के तिवारी ने कहा कि डा. सूरज प्रसादजी ऐसे सेवामूर्ति व्यक्तित्व थे, जिन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा एवं आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति के संस्कार जगाने का अभियान चलाया जो आज भारत विकास परिषद के रूप में अनवरत आगे बढ़ रहा है। शाखा के संरक्षक एवं शिक्षाविद् डॉ. विद्याकांत तिवारी ने संस्थापक डा. सूरज प्रसादजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1962 में चीन से युद्ध के दौरान अपने सैनिकों और अन्य पीड़ितों की सेवा करके उन्होंने समाज के उच्च एवं सुविधा प्राप्त समाज को सेवा के कार्य से जोड़ने के लिए 1963 में भारत विकास परिषद का पंजीयन कराया जो आज संपर्क, सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण के सूत्र लेकर देश और समाज के सतत सेवाकार्यों में लगा हुआ है। आज के दिन उस महान सेवामूर्त शख्शियत का स्मरण कर वास्तव में हम उनके द्वारा परिषद के रूप में बनाई गई सेवा की गंगा में स्नान कर स्वयं को पवित्र कर रहे हैं।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय परिसर में की गई चेकिंग



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**पुलिस अधीक्षक** महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर एएस चेक टीम बांदा,डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू महोबा व न्यायालय सुरक्षा की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत न्यायालय परिसर महोबा में सघन चेकिंग की गई ।

न्यायालय परिसर के सभी गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वाले शख्स की जांच कराई गई। संदिग्धों की तलाशी लेते हुए उनसे आने का कारण पूछा गया। न्यायालय परिसर में एवं मैन गेट पर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ कर उनका वैरीफिकेशन कराया गया।

वहीं आने जाने वाले वाहनों को वैरियर लगाकर चैक किया जा रहा था। इसके अलावा स्कैनर से बैग व अन्य सामान की चैकिंग करने के बाद ही अंदर प्रवेश किया जा रहा था। वहीं न्यायालय के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी चैक किया गया।

# कीचड़ युक्त पानी की सप्लाई का एसडीएम श्वेता पांडेय ने लिया संज्ञान किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**चरखारी महोबा। समृद्धि न्यूज**

**नलों** में कीचड़युक्त पानी की सप्लाई को लेकर बढ़ रहे आक्रोश को देखते हुए एसडीएम चरखारी ने वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण अधिशाषी अभियन्ता के साथ किया जहां व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए दो दिन के भीतर साफ पानी की सप्लाई की बात की है।

बताते चलें कि 25 जून से पानी की कीचड़युक्त सप्लाई से जनाक्रोश बढ़ा है जिसको लेकर सोशल मीडिया' एवं मीडिया द्वारा विगत एक सप्ताह से निरन्तर सप्लाई को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। निरन्तर हो रही शिकायतों के बाद एसडीएम चरखारी श्वेता पाण्डेय ने जल संस्थान के अस्थौन स्थिति वाटर प्लान्ट का निरीक्षण अधिशाषी अभियन्ता के साथ किया जहां अर्जुनबांध से आ रही गन्दी सप्लाई को पीने योग्य बनाने के लिए



अधिशाषी अभियन्ता से वार्ता करते हुए दो दिन के अन्दर साफ पानी की सप्लाई किए जाने के निर्देश दिए। लेकिन पानी की सफाई की प्रक्रिया में खामियां मिलने के बाद जल संस्थान के अधिकारी पानी साफ करने की समुचित व्यवस्था मौके पर नहीं कर सके। सामान्य पानी की सप्लाई के दौरान पानी को साफ करने के लिए 2 सिल्ली फिटकरी का



प्रयोग होता है जबकि बरसात के बालूयुक्त पानी की सप्लाई को साफ करने के लिए 6 से 8 सिल्ली फिटकरी का प्रयोग होना चाहिए लेकिन मौके पर मात्र 2 सिल्ली ही पानी साफ करने के लिए पायी गयीं जो कि अपर्याप्त हैं। प्रारम्भिक दौर में ही बालूयुक्त पानी को फाड़ने के समुचित प्रबन्ध नहीं मिले। बजाए पानी साफ करने के अधिशाषी अभियन्ता ने पाईपों में भरे पानी को बहाने की सलाह दी ताकि पुराना पानी बहने के बाद साफ पानी उपभोक्ताओ को मिल सके। फिलहाल एसडीएम के निरीक्षण के बाद उपभोक्ताओं को साफ पानी मिलने की उम्मीद बढ़ी है लेकिन समुचित फिटकरी' ब्लीचिंग' क्लोरीन' चूना का प्रयोग न होने से पानी साफ होने की संभावनाए कम ही हैं।

# नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगी: ज्योति गुप्ता

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**सरदार पटेल** चौके पक्का तालाब चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन चेयरमैन ज्योति गुप्ता एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू ने किया। पूजन से पूर्व दोनो लोगो द्वारा लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि आप लोगो के आशीर्वाद से हम विकास की आशा पर जीतकर आए है। साथ ही आप लोगो ने सभासदों को भी इसी आशा से जिताया है जिस प्रकार हम अपना घर साफ एव सौंदर्यीकरण कर रखते है, उसी प्रकार हम लोगो का दायित्व है कि नगर को भी साफ एव सुंदर रखे। आप लोगो को में विश्वास दिलाती हूं कि आप लोगो के आशीर्वाद से नगर के विकास में कोई कोर कसर नही रखूंगी।पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका कुलदीप गुप्ता ने कहा कि पुरबिया टोला हमारा घर है ,



हमे एवम अध्यक्ष ज्योति गुप्ता को जो आशीर्वाद आप लोगो ने दिया है उसको हम लोग कतई भूल नही सकते ।हमारे ऊपर कुर्मी समाज का ऋण है।साथ मैं अध्यक्ष नगर पालिका से कहूंगा कि नगर पालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर विकाश की ऐतिहासिक इबारत आपको लिखनी है।साथ ही मैं नगर के लोगो से अपील करूंगी आप लोग जनता के बीच में रहते है कोई भी विकास संबंधी कार्य आदि हो तो वो खुद ही सीधे नगर पालिका अध्यक्ष को दे।कार्यक्रम का संचालन करते हुए अध्यक्ष पटेल विचार मंच ने अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एव कुलदीप गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज से लगभग 22 साल पूर्व हम लोगो ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के अदम्य सहयोग से शासन प्रशासन के विरोध के बाबजूद पक्के तालाब चौराहे पर सरदार पटेल की प्रतिमा स्थापित करवाकर इसको पटेल चौक के रूप में सुंदरीकरण करने का सपना देखा था जिसको आज आपके यशस्वी कार्यकाल में पूर्ण होता दिख रहा है, इसके लिए नगर के साथ साथ कुर्मी समाज भी आपका आभारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजभूषण लाल वर्मा ने की। सभासद पूनमपांडे, सभासद पुष्पा देवी, सभासद ममता देवी, सभासद हीरू तोमर, सभासद केशव यादव, सभासद सौम्य वर्मा, पूर्व सभासद अतुलेश टैने, पूर्व सभासद सचिन वर्मा, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित, कौशल वर्मा, अवनीश सुग्गन, गोरे लाल, विनय वर्मा, दीपक वर्मा, विनय बिम्मु, हरिहर नाथ वर्मा, मनोज वर्मा, राकेश डाबोले, कमल, आशीष वर्मा, अमन पटेल, इलू,अखिलेश वर्मा,विकास गुप्ता विक्की,शिवम पाल, रत्नेश भदौरिया, राहुल यादव, आलोक पटेल,, अरुण यादव, मंजेश यादव, पूनम पाण्डेय, रजनीश राठौर, शैलेश कुशवाह, मनी गुप्ता, शेरू वर्मा, गोरखनाथ, राम सिंह रामू, सौरभ गुप्ता,अर्पित गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## दंगा, बलवा में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

**वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में पुलिस



कर्मियों ने दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया। दंगा, बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, फायर ब्रिगेड इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिक से अधिक लोग एमएसएमई योजना से जोड़कर उसका लाभ लें: डीएम

- अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर 11 लाभार्थियों को डीएम ने 116.50 लाख रुपए के ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किए
- डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम




कन्नौज-लाभार्थी को स्वीकृत पत्र देते व मुख्यमंत्री के विचारों को सुनते डीएम व व्यापारी — समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**अंतरराष्ट्रीय** एमएसएमई दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम में 11 लाभार्थियों को परियोजना की स्थापना हेतु 116.50 लाख रूपए के स्वीकृत पत्र वितरण किया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एमएसएमई सेक्टर में नए लोगों ने जो इन्वेस्ट किया है, आज उनको हम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर रहे हैं। कहा कि हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था को एमएसएमई के माध्यम से गति मिली है अधिक से अधिक छोटे-छोटे रोजगार के लिए लोग आएं और बैंक से ऋण लेकर रोजगार प्रारंभ करें। हमारा उद्योग विभाग उसके लिए प्रयासरत है। कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में जो भी लाभार्थी हैं वह अपनी अपनी इकाइयों को चलाएंगे इस इस तरह से उन लोगों को इन इकाइयों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिससे हमारे स्थानीय बाजार व्यवस्था में भी इसका एक अच्छा योगदान होगा यह पूरी व्यवस्था बाजार के लिए लाभदायक होगी। हमारा एमएसएमई सेक्टर में जो भविष्य है वह निहित है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अरविंद पाल को 5 लाख, अयाज खान को 5 लाख, अमित दुबे को 50 हजार तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत अंजुम सिद्दीकी को 10 लाख, बीना देवी 9 लाख, पूजा रानी 50 लाख, बृजेंद्र कुमार कुशवाहा 10 लाख, संजय कुमार 8 लाख, रामगोविंद 2 लाख, धर्मेंद्र कुमार को 10 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किए गये। कुल 11 लाभार्थियों को परियोजना की स्थापना हेतु 116.50 लाख रूपए का स्वीकृत पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग धनजय सिंह द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा जारी नीतियों/योजनाओं बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री प्रतिनिधि तथा अतर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पवन त्रिवेदी, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित उद्यमी एवं योजना से सम्बन्धित लाभार्थी मौजूद रहे।

# पुलिस ने लापता बच्ची को एक घंटे में किया बरामद

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**घर** से बाजार करने आई महिला की खरीददारी करते समय बच्ची लापता हो गई। जिस पर उसने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्ची की तलाश शुरू की और एक घंटे में बच्ची की तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मंगलवार को मोनिका अपने पति महेश निवासी भुरजानी जसोदा के साथ नगर के चावल मंडी स्थित बाजार में खरीदारी करने आई थी। खरीददारी करते समय अचानक उसकी 03 वर्षीय पुत्री अनन्या कहीं गुम हो गई। जिससे उसके होश उड़ गए। दंपति ने पुत्री की तलाश की। पता न लगने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर उप निरीक्षक ज्ञान पाल सिंह, कांस्टेबल दीपांशु गंगवार, महिला कांस्टेबल विजय शर्मा ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्ची की तलाश शुरू की और एक घंटे में बच्ची को नगर के बस अड्डा मुख्य चौराहे से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।




माता पिता के साथ मौजूद लापता हुई बच्चीं — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### जीजा ने की साले की हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम अलियापुर में बीती रात जीजा ने अपने साले पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। परिजनों ने जीजा और उसके साथी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम अलियापुर निवासी रियाज बीती रात जब अपने घर बाहर सो रहा था, तभी लगभग दो-तीन लोग वहां पहुंचे और धारदार हथियार से रियाज पर हमला कर दिया। रियाज की चीख सुनकर उसकी मां की नींद खुल गई। उनको देखते ही हत्यारोपी वहां से भाग गए। खून से लथपथ रियाज को उसके परिजन तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कालेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां ने बताया कि उसकी पुत्री राफिया का निकाह 4 वर्ष पहले कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुमखोर निवासी चांदबाबू के साथ हुआ था। उसका पति चांद बाबू शराब का लती है और नशे की हालत में उसकी पुत्री के साथ गाली-गलौज कर पिटाई करता था। जिससे परेशान होकर उसकी पुत्री दो दिन पहले अपने देवर के साथ मायके आ गई थी। जिसके बाद उसका पति चांदबाबू जब विदा कराने के लिए यहां आया तो उसके पुत्र रियाज ने विदा करने से मना कर दिया। जिसके बाद रियाज और चांद बाबू के बीच काफी कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद चांद बाबू वहां से वापस चला गया। बीती रात रियाज अपने घर के बाहर सो रहा था। तभी तीन लोग वहां आए और रियाज पर छुरे से हमला कर दिया। रियाज की चीख सुनकर उसकी नींद खुल गई। मृतक की मां ने बताया कि हमलावर 3 लोग थे जिसमें उसका दामाद चांद बाबू उसने पहचान लिया। उसके द्वारा शोरगुल मचाने के कारण हमलावर मौके से भाग निकले। मृतक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश देना शुरू कर दिया।

### जाल काटकर उड़ाई हजारों की नगदी व जेवरात

**एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाला जी तीर्थ यात्रा पर गए परिजनों के सूने घर का जाल काटकर चोरों ने हजारों रुपये व जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। मंगलवार को नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी धीरज कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि वह परिवार के साथ बीते 24 से 30 मई तक बालाजी गया हुआ था। इसी बीच चोरों ने उसके घर का जाल काटकर घर में प्रवेश कर लिया और कमरे में रखी अलमारी का लाक तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और 25000 रूपये की नकदी चोरी कर ली। जब वह 30 मई को घर लौटा तो उसे घटना की जानकारी हुई। कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

### बदौसा पुलिस टीम ने बिहार से ट्रक मालिक को दबोचा

**बदौसा।** रास्ता भटक जाने के कारण एक सप्ताह पूर्व गोवंश से भरा ट्रक छोड़कर चालक मौके से भाग निकला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए गोवंश को कुछ ग्रामीणों के हवाले कर दिया था। पुलिस ने ट्रक नंबर को ट्रेस किया और मालिक का पता लगाया। इसके बाद बदौसा थाना पुकिलस ने टीम बनाकर बिहार भेजी। बिहार पहुंचकर पुलिस टीम ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया और बदौसा लेकर आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक मालिक को जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि 21 जून की रात गौवंश हाईजीन के 14 बैलों से भरा ट्रक नेशनल हाइवे पर एक ढाबा के पास चालक लावारिस हालत में छोड़कर भाग निकला था।

# आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार

- समधन नगर पंचायत में शांति कमेटी की बैठक में पुलिस ने नागरिकों से मांगा सहयोग




समधन-बैठक में मंचासीन चेयरमैन प्रतिनिधि — समृद्धि न्यूज

**समधन, समृद्धि न्यूज**

**शांति** कमेटी की बैठक में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से ईद उल अजहा का त्यौहार आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाए जाने की अपील की है। कोतवाल जेपी शर्मा ने कहा कि त्यौहार पर अराजकता फैलाने वाले बक्से नहीं आएंगे। सोमवार की देर शाम नगर पंचायत टाउन मीटिंग हाल में आयोजित शांति कमेटी की बैठक में नगर के सभासद व संभ्रांत लोग शामिल हुए चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने कहा कि त्योहार पर आपसी मतभेदों को भूलकर मिलजुल कर ईद उल अजहा का त्यौहार मनाए, कोई भी नागरिक ऐसा कार्य न करें। जिससे किसी दूसरे को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में पुलिस की मदद करें और सभी मुस्लिम लोग कुर्बानी करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कुर्बानी का अवशेष खुले में ना डालें। जहां कुर्बानी की जाए वही दफ्न कर दिया जाए और कुर्बानी करते समय जानवरों की फोटो और वीडियो न बनाएं। मौलाना कलीमुद्दीन ने कहा कुर्बानी के बाद साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। हर त्यौहार हमें बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों की सीख देता है। इस अवसर पर चेयरमैन आसमा बेगम के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, विवेक गुप्ता, आलोक शाक्य, हनीफ सभासदों में शिवा यादव, मोहम्मद मुस्तकीम, आजम, जावेद अख्तर, सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद नईम अली व बबलू यादव के अलावा मौलाना कलीमुद्दीन, हाफिज अब्दुल हसीब, मौलाना अब्दुल्ला, हाफिज असलम, मुफ्ती रिजवान, मोहम्मद मुस्तकीम शेख, मोहम्मद अमीन शेख आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवक का रक्तरंजित शव खेत में पड़ा देख ग्रामीणों में फैली सनसनी

- घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- सोमवार की शाम से लापता था युवक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**तिर्वा कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम धरमंगदपुर में एक युवक का रक्त रंजित शव खेत में पड़ा देखकर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। मृतक को पहचानते ही ग्रामीणों ने उसके परिजनों व स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर मृतक के परिजन और पुलिस टीम पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और परिजनों व ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धरमंगदपुर में मंगलवार की सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे तभी गांव के निकट एक खेत में गांव निवासी 38 वर्षीय युवक मनोज का खून से लथपथ शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी। युवक का शव खेत में पड़े होने की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। इसी बीच किसी ने पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल करने के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम मनोज अपने खेतों की ओर गया था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन की गई। परिजनों ने गांव तथा आसपास उसकी काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सुबह जब गांव के लोग खेतों की ओर गए तब उन्हें घटना की जानकारी मिली। परिजनों ने हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# पालिका प्रशासन ने फुटपाथ से हटवाया अतिक्रमण



नगर में अभियान के दौरान मौजूद लिपिक आरपी सिंह — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- दुकानदारों को दी चेतावनी, लगेगा जुर्माना

**नगर** पालिका प्रशासन ने राहगीरों को जाम की समस्या से निजात दिलाने और नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पालिका कर्मियों ने दुकानदारों को खुद ही अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी।

मंगलवार की दोपहर अधिशाषी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देशन पर कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, कस्बा प्रभारी अजब सिंह ने टीम के साथ नगर में अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया। पालिका टीम ने नगर के रामगंज, पश्चिमी बाईपास से तिराहा होते हुए नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड पर बुलडोजर व सफाई कर्मियों को लगाकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जिससे दुकानदार दुकान के बाहर लगा सामान खुद ही हटाने लगे। प्रधान लिपिक आरपी सिंह ने दुकानदारों को 03 दिन की चेतावनी दी। कहा कि दुकान के बाहर अतिक्रमण किए सामान को स्वयं हटा लें। अन्यथा पालिका प्रशासन कार्रवाई कर जुर्माना भी बसूलेगा। इस दौरान पालिका कर्मी जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, अशोक शर्मा, प्रसनजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, लेखपाल कौशल पांडे, सफाई नायक अशोक व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# भूमि पर निर्माण नहीं होने दे रहे दबंग

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**उच्चाधिकारियों** के आदेश के बाद भी बैनामा सुदा जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग निर्माण नहीं होने दे रहे हैं। पीड़ित दर-दर भटकने पर मजबूर है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंगापुरवा निवासी कीर्त कुमार पुत्र अशोक कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि गांव में उसकी व गांव निवासी सरनाम पुत्र सुभाष चंद्र, आलोक कुमार पुत्र रामनरेश की बैनामाशुदा जमीन है। जिस पर वह निर्माण कार्य करवाना चाहते हैं। लेकिन गांव के ही कुछ दबंग निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। जब भी प्रार्थी अपना निर्माण कार्य आरंभ कराता है। तो उक्त लोग गाली गलौज कर मारपीट करने लगते हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# राज्य सूचना आयोग कोर्ट ने अभियंता प्रतिनिधि को लगाई फटकार

**बांदा।** सूचना का अधिकार अधिनियम को अधिकारियों ने मजाक बना रखा है। इस कानून के तहत सूचनाएं मांगने वाले को टरकाने का काम किया जाता है। एक ऐसे ही मामले में राज्य सूचना आयोग ने पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता के प्रतिनिधि को सूचना उपलब्ध न कराने का कारण बताने पर कड़ी फटकार लगाई। इसके साथ ही एक माह के अंदर हर हाल में सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी चेतावनी दी है कि अगर सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं तो अधिशाषी अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल पीडब्लूडी अभियंता के प्रतिनिधि के द्वारा ठेकेदार एसोसिएशन के लेटर को ढाल बनाकर सूचना देने से इनकार किया जा रहा था।

गौरतलब हो कि प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत 6 अगस्त 2022 को छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी ने जनसूचना अधिकारी अधिशासी अभियंता राजाराम मथुरिया से जनहित में कार्य का टेंडर की लागत सहित पांच बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी थी। लेकिन भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के उद्देश्य जानबूझकर अधिशाषी अभियंता मथुरिया ने 10 नवम्बर 2022 को सूचना देने से इनकार करते हुए कहा कि यह सूचना ठेकेदार/फर्म से संबंधित है और पीडब्ल्यूडी ठेकेदार एसोसिएशन ने सूचना दिए जाने से मना किया है। इसलिए सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।


# भ्रमण के दौरान तीर्थ यात्रियों का नगर में हुआ स्वागत

- नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई शोभायात्रा हुई पुष्प वर्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नगर** से गए अमरनाथ यात्रियों का ढोल नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद नगर में शोभायात्रा भी निकाली गई। जिसमें स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

बीती सोमवार की रात नगर के तिर्वा रोड से अमरनाथ यात्रियों के साथ नगर के लोगों ने यात्रा निकाली। जिसमें समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने अमरनाथ यात्रियों को चंदन का तिलक लगाकर व फूलमालाएं पहनाकर स्वागत व सम्मानित किया। जिसके बाद पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को बस से रवाना किया। इससे पहले यात्रियों की नगर के तिर्वा रोड, जीटी रोड से होकर तिराहा संतोषी माता मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु डीजे की धुनों पर नाचते गाते एवं हर हर महादेव के नारे लगाते नजर आए। जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के आयोजक निर्मल गुप्ता ने बताया कि 15 यात्री कन्नौज के हैं। जबकि 35 यात्री गुरसहायगंज के हैं।



नगर में भ्रमण करते तीर्थ यात्री व नागरिक — समृद्धि न्यूज

## घर-घर संपर्क कर लोगों तक पहुंचाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र की भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर सेवा, सुशासन और समर्पण के रूप में मनाया जा रहा है। 30 मई से 30 जून तक चलने वाले अभियान में समूचे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को संपर्क अभियान के तहत मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें भाजपाइयों ने मटौंध नगर पंचायत कार्यालय में पीएम मोदी के वर्चुअल संबोधन सुना और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की और कार्यकर्ताओं को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की नसीहत दी। कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने विकास और जनकल्याण का इतिहास रचा है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

**जलालाबाद,समृद्धि न्यूज**

**केंद्र में** भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने देशभर के करोड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मंगलवार को क्षेत्र के फतेहपुर जसोदा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में भाजपा की ओर से आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन को पूरी एकाग्रता के साथ सुना गया। कार्यक्रम में जलालाबाद मंडल अध्यक्ष शरद कटियार, वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक पाठक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक पाठक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करें हमारा एक ही कमल संदेश होगा। गांव में जाएं कमल संदेश की जानकारी दें। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी से चर्चा कर कार्यकर्ताओं में नया उत्साह का संचार होगा। जलालाबाद मंडल के सभी सेक्टरों पर मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का संबोधन सुना गया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष श्यामू सैनी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मंगलम पांडेय, विनय अवस्थी, दिलीप पांडेय, अखिलेश पांडेय, सतेंद्र कटियार, रजनी पाल समेत सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।




जलालाबाद-प्रधानमंत्री के विचारों को सुनते भाजपाई — समृद्धि न्यूज

# नव विवाहिता की हालत बिगड़ी, मौत, परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

- चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप
- सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल



गुमशुम बैठे मृतका के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नव विवाहिता की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज में देरी के चलते उसकी हालत और बिगड़ गयी। जिससे उसकी कुछ समय बाद मौत हो गयी। जिस पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र गाँव खेतलपुर सौरिया के मजरा अगतला निवासी अतुलपाल पुत्र सत्यदेव का विवाह बीती 23 जून को जनपद शाहजहापुर के थाना कलान क्षेत्र के गांव रुकनापुर निवासी शिवानी उम्र 20 वर्ष पुत्री श्रीपाल के साथ हुआ था। 24 जून को अतुल पाल शिवानी की विदा कराकर घर लाया। रात में उसके गले में दर्द होने लगा। परिजन उसे चिकित्सक डॉ0 शरद गंगवार के यहां लेकर पहुंचे। जहां से डाक्टर ने उसे रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे एसएसजी हेल्थ केयर सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया। सुबह महिला की हालत बिगड़ने लगी। जिस पर परिजन कम्पाउंडर के पास पहुंचे और घटना की जानकारी दी। जिस पर कम्पाउंडर झल्ला उठा और मरीज को फर्रुखाबाद ले जाने की बात कही। जब परिजन उसे फर्रुखाबाद ले जाने की तैयार कर रहे थे, तभी उसकी मौत हो गयी। जिस पर गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर मे जमकर हंगामा काटा। घटना की सूचना मृतका के ससुर सत्यदेव ने डायल 112 पुलिस व कस्बा पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। पुलिस ने कहा कि यदि परिजनों की ओर से तहरीर दी जायेगी, तो कार्यवाही होगी।

# प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों का सौंदरीकरण करेगी सरकार

- विद्यालयों के कायाकल्प पर खर्च धनराशि का 75 प्रतिशत हिस्सा व्यय करेगी राज्य सरकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रोजेक्ट अलंकार योजना के हिस्सा व्यय तहत सरकार अब प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) मा0वि0 का भी सुंदरीकरण करेगी। अब सरकार केवल राजकीय विद्यालय को सुंदरीकरण हेतु बजट आवंटित करती थी। अपर मुख्य सचिव के आदेश के बाद जिला विद्यालय निरीक्षकों ने प्रदेश के एडेड माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से प्रस्ताव मांगे है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2022 में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत ऐसे एडेड विद्यालयों की सूची मांगी गई थी। जिनकी बिल्डिंग 75 वर्ष पुरानी हो गई हो और उसके सौन्दरीकरण पर खर्च होने वाली धनराशि का 50 प्रतिशत विद्यालय तथा 50 प्रतिशत सरकार खर्च करेगी। परन्तु अब सरकार ने ऐसे सभी एडेड विद्यालयों कर सूचना भेजने के निर्देश दिये गये है। जो जर्जर अवस्था में है विद्यालयों के सुंदरीकरण के नाम पर खर्च होने वाली धनराशि का 50 प्रतिशत के बजाय अब 75 प्रतिशत धनराशि सरकार खर्च करेगी और 25 प्रतिशत धनराशि विद्यालय को खर्च करनी होगी। विद्यालयों को सरकार से मिलने वाली 75 प्रतिशत की धनराशि अधिक से अधिक 1.25 करोड़ से ज्यादा नहीं होगी। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रदेश के सभी डीआईओएस को आदेश दिये है कि 75 वर्ष की अवधि पूरी करने वाले विद्यालयों के अलावा जो विद्यालय जर्जर अवस्था में है, उनकी प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये। शिक्षिका आदेश गंगवार ने एडेड कालेजों के सुंदरीकरण हेतु सरकार की पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जर्जर विद्यालयों का सुंदरीकरण होने से विद्यार्थियों को व्यक्तित्व का विकास होगा।

## विशेष सचिव आवास के सामने शिकायतकर्ताओं ने अवर अभियंता पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जांच करने आये विशेष सचिव आवास के सामने विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता के खिलाफ शिकायत करने वालों की लाइन लग गई। नगर मजिस्ट्रेट की शिकायत पर शासन से आये विशेष सचिव आवास सुनील कुमार सिंह मंगलवार को पीडब्लूडी पहुंचे। जैसे ही शिकायतकर्ताओं को पता चला तो अवर अभियंता दीपेन्द्र कुमार सिंह के खिलाफ शिकायत करने वालों की झड़ी लग गई। अवर अभियंता पर नये व पुराने भवनों को नोटिस देकर वसूली करने का आरोप लगाया गया है। व नये मानचित्र पास करने में आनाकानी करने आदि आरोप बड़ी संख्या में शिकायतकर्ताओं ने लगाये। ज्ञात हो कि नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव इस कृत्य के लिए कई बार फटकार लगायी, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। अवर अभियंता के साथ ड्राफ्टमैन के पद लगभग 40 वर्षों से तैनात विदुर पाल भी धन उगाही करने का आरोप कई लोगों ने लगाया। जांच अधिकारी ने बताया कि मामला काफी गंभीर है। कई बिन्दुओं पर जांच करने के बाद रिपोर्ट शासन को सौंपी जायेगी।

## बड़े ने छोटे भाई का करा लिया बैनामा

### पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बड़े भाई ने छोटे भाई से मकान का बैनामा करा लिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बरतल निवासी संतोषी देवी पत्नी रिंकू उर्फ रामसेवक ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके जेठ धर्मपाल पुत्र बाबूराम ने अपने छोटे भाई का बैनामा चुपके से करा लिया था। पीड़िता का आरोप है कि धर्मपाल तीन दिन पहले अपने भाई को बरगलाकर अपने साथ ले गये थे और मकान का बैनामा करा लिया। पीड़ित ने बताया कि उसके पति की मानसिक स्थित ठीक नहीं है और वह शराब पीने का आदी व जुआरी है। आरोपी जेठ अब हम दंपत्ति को घर से निकालना चाहते हैं और मकान हड़पना चाहते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। पीड़िता का कहना है कि उसका भाई चालाक किस्म का व्यक्ति है। उसने धोखा देकर ऐसा किया है।

# पटेल युवा वाहिनी ने शाहूजी महाराज की मनायी जयंती



छत्रपति शाहूजी की जयंती मनाते समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नेकपुर कलां स्थित सरदार पटेल युवा वाहिनी कार्यालय में छत्रपति शाहूजी महाराज (कोल्हापुर) की 148 वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। साहू जी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्शन को आत्मसात किया गया। समाज के प्रति किये गए लोक कल्याण कार्यो को स्मरण करते हुए छत्रपति शाहूजी महाराज जी के जीवन से प्रेरणा ली। वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शाहूजी ने लोगों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। आज उनके नाम पर देश में सैकड़ों विद्यालय संचालित हैं। उन्होंने पिछड़े समाज को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्य किये। इस मौके पर हर्षवर्धन कटियार, पवन कटियार, अंशुल कटियार, आलोक, आकाश, संदीप, अभिषेक मौजूद रहे।

# तीस निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई



शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने जाते निशानेबाज

- करणी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में होगी प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 23 जून से 26 जून तक नोएडा सेक्टर 131 में अयोजित 21वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के आकाश पाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं जिले के 30 निशानेबाजों ने स्टेट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। आरती चतुर्वेदी, पायल राजपूत, मोहिनी यादव, नंदिता सक्सेना, अनुपम पाल, पल्लवी कुमारी, अक्षरा सिंह, छाया राजपूत, ऋतिक पाल, हर्षित अवस्थी, चन्द्र मोहन, अमित कुमार, मोहित पाल, विजय निर्मल, आशीष, शिवेंद्र सिंह, सक्षम सिंह, अनुभव प्रताप सिंह, विपिन कुमार पाल, पवनवीर सिंह, धरमवीर सिंह, आयुष माथुर, वंश कटियार, नितिन कुमार, उपेंद्र सिंह, दीपक पाल, लवीश कुमार, हार्दिक साहू, हर्षिता साहू, उत्कर्ष गुप्ता व अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के कोच अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज अनिल पाल ने बताया की 18 जुलाई से डा0 करणी सिंह शूटिंग रेंज न्यू दिल्ली में 46वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# खबरें चलते-चलते

## आईटीआई में प्रवेश के लिए 03 जुलाई तक करें आवेदन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर प्रवेश हेतु बेबसाइट पर ऑनलाइन अभ्यर्थन की सुविधा 09 जून से प्रारम्भ हो गयी है। जिसकी अंतिम तिथि 03 जुलाई तक निर्धारित है। समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु बेबसाइट पर कॉलम उपलब्ध हैं। जिसका आवेदन शुल्क सामान्य व पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रुपये, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 150 रुपये निर्धारित किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कायमगंज (सं.)।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लागकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला मेहंदीबाग निवासी 35 वर्षीय पिंकी पुत्र मुरारीलाल ने मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब परिजन कमरे की तरफ गये तो पिंकी का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। चीखपुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गये और शव को नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## बाइक फिसलने से प्रधान व उसका साथी घायल

**कायमगंज (सं)।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव रसीदाबाद तिवारियान निवासी 19 वर्षीय अजय कठेरिया पुत्र श्रीरामपाल जो ग्राम ग्राम प्रधान है। मंगलवार को वह गांव के मनोज कठेरिया के साथ बाइक द्वारा अलीगंज से आम लेने गया था। आम लेकर वह वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बाइक ब्राहिमपुर जागीर के पास पहुंची, तभी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उपचार जारी है।

# दंपति सम्पर्क पखवाड़ा हुआ शुरू

- 10 जुलाई तक चलेगा दंपति संपर्क पखवाड़ा



महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी स्वास्थ्यकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मातृ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने और परिवार नियोजन के साधनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में आज यानि 27 जून से दंपति सम्पर्क पखवाड़ा शुरु हो गया है जो 10 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान आशा, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर परिवार नियोजन की जानकारी देंगे। साथ ही सास बहू बेटा सम्मेलन और सारथी वाहन के माध्यम से भी परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करेंगे। इस बार विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की थीम आज़ादी के अमृत महोत्सव में हम लें ये संकल्प परिवार नियोजन का बनाएंगे खुशियों का विकल्प रखी गई है। इसी क्रम में सीएचसी बरौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम हाथीपुर और नगला नट में आशा कार्यकर्ता नाजमा नूर द्वारा योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवनींद्र कुमार ने कहा कि हमें मातृ शिशु मृत्यु दर को अगर कम करना है तो परिवार नियोजन के बारे में सोचना ही पड़ेगा। परिवार को चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही नहीं पुरुष भी उसमें बराबर के भागीदार हैं। इसलिए पुरुषों को भी अपना दायित्व निभाते हुए पुरुष नसबंदी के बारे में सोचना चाहिए। सीएमओ ने बताया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा दो चरणों में मनाया जाएगा। दो चरणों में चलने वाले कार्यक्रम में विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सघन प्रचार-प्रसार के माध्यम से दंपति संपर्क के साथ जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का पहला चरण आज से शुरू हो गया जो 10 जुलाई तक चलेगा। जबकि दूसरे चरण में सेवा प्रदायगी पखवाड़ा 11 जुलाई से मनाया जाएगा। जो 24 जुलाई तक चलेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह ने बताया कि दंपति संपर्क पखवाड़ा के दौरान सारथी वाहन भी चलाया जायेगा। जो जागरुक करेगा।

# समर कैंप में छात्राओं को इंग्लिश ग्रामर का बताया गया महत्व



समर कैंप में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में समर कैंप कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने इंग्लिश ग्रामर के नियमों और उसका महत्व बताया और छात्राओं को अभ्यास करने के लिए कहा। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पूनम शुक्ला ने छात्राओं को मानसिक योग्यता आधारित प्रश्न तथा वैदिक गणित के सूत्रों पर आधारित प्रश्नों का अभ्यास कराया। छात्राओं के लिए गणित विषय बहुत कठिन माना जाता है, लेकिन वैदिक गणित के द्वारा सरल तरीके से सवालों को हल करना समझाया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षिका राजकुमारी ने छात्राओं को उनके भविष्य में कैरियर चुनने से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में राधा वर्मा, कंचन नागर, शुभी दीक्षित, नैना, अंशिका कुशवाहा, आयुषी शर्मा मौजूद रहीं।

# शराबी पति ने पत्नी व बेटी को पीटकर किया घायल



अस्पताल में भर्ती बच्ची

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति ने पत्नी व बेटी के साथ मारपीट कर दी। जिससे बच्ची की हालत बिगड़ गई। महिला ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव रायपुर खास निवासी फूलन देवी पत्नी अनिल जाटव ने बताया कि उसका पति आये दिन दारू पीकर उसके साथ मारपीट करता है। मंगलवार को वह दारु के नशे में आया और मेरे साथ लात-घूसों से मारपीट करने लगा। इस दौरान मेरी बेटी मानवी रोने लगी तो शराबी पति ने उसे भी मारापीटा। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

आनन-फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां चिकित्साधीक्षक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर लोहिया के लिए रेफर कर दिया।


## सूचना

मेरा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1504077 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**गुलफंशा पुत्री मोहम्मद इरशाद निवासी चीनी ग्राम फर्रुखाबाद।**


# मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



पीएम के मन की बात सुनते सदर विधायक व अन्य

**फर्रुखाबा, समृद्धि न्यूज।** 27 जून को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जनपद के सभी मंडलों में संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना गया। सदर विधानसभा के बढ़पुर पूर्वी मंडल में बेवर रोड सेंट्रल जेल चौराहे के निकट स्थित कुलदीप हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार पाल, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी एवं आदि कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। संबोधन के उपरांत सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को 2024 के लोकसभा चुनाव में जीतने का मंत्र दिया। इस दौरान संजय राजपूत, विजय राठौर, शैलेंद्र भदौरिया, नवीन राजपूत, अजय पाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे। जहानगंज में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। फतेह चंद वर्मा, वीरेंद्र सिंह राठौर, अरविंद कटियार, शैलेंद्र राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कंपिल के जैन धर्मशाला में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। इस दौरान सत्यवर्धन सिंह राठौर, आलोक राजपूत, किशनु चतुर्वेदी, नंदराम शाक्य आदि मौजूद रहे।नगर के पश्चिमी मंडल में विकास पांडे ने पीएम के मन की बात सुनी।

# अपहरण में आईटीआई के प्रधानाचार्य सहित दो पर परिवाद दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईटीआई में कार्यरत अनुदेशक के अपहरण के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान थाना कादरी गेट के प्रधानाचार्य व इसी संस्थान के प्रधानाचार्य जनपद कन्नौज के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है।

शहर कोतवाली के मोहल्ला सेनापत कूंचा निवासी रजनी शुक्ला ने न्यायालय में परिवाद दायर किया है। जिसमें दर्शाया कि उनके पति रमाकांत शुक्ला जोकि आईटीआई स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अनुदेशक के पद पर कार्यरत हैं। 6 जून को आईटीआई कॉलेज से अपहरण हो गया था। जिसकी गुमशुदा 7 जून को कादरी गेट थाने में दर्ज कराई। अपहरणकर्ताओं द्वारा बरेली कैंट के पास 12 जून को एक अज्ञात स्थान पर मरणासन अवस्था में फेंक दिया। वहां की पुलिस ने सूचना दी। बताएं कि सरकारी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर मैं अपने पुत्र शुभाशीष, इलाका पुलिस व अमित दुबे तथा राम लड़ैते मिश्रा के साथ बरेली गई और अस्पताल से उन्हें घर लेकर आई। आईटीआई चौकी पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए, डॉक्टरी परीक्षण नहीं कराया गया और ना ही गुमशुदा का मामला अपहरण में तरमीम किया। पति की जब मानसिक स्थिति सही हुई तो उन्होंने पूरी घटना बताई और बताया कि आईटीआई फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य राजवीर सिंह व कन्नौज आईटीआई के प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल ने मेरा अपहरण हत्या करने के उद्देश्य से कराया। अपहरणकर्ताओं की बातचीत मैंने सुनी। इस संदर्भ में कादरीगेट थाना पुलिस से शिकायत की पर मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# लोक कल्याण दिवस के रुप में मनेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

- जिलाध्यक्ष ने बैठक के दौरान दी जानकारी, कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी




जिलाध्यक्ष को पत्र सौंपते पुष्पेंद्र यादव व सुरेंद्र सिंह एवं इलियास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सपा कार्यालय आवास विकास पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि दिनांक 01 जुलाई को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप में सादगी से मनाया जाएगा।

इस अवसर पर सपा सरकार में हुए विकास कार्य और उपलब्धियों की जानकारी देने के साथ अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की शुभकामना भी दी जाएगी और साथ ही जन्मदिन के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए व्यापक लोक जागरण अभियान पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को विजय लक्ष्य बनाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचार धारा पर चलने का संकल्प लिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं की यह जिम्मेदारी है कि उक्त कार्यक्रम को पूरी लगन और निष्ठा के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में क्रियान्वित कराएं। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कंपिल के समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष के मनोनयन के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को प्रेषित की। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी और जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, करन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समृद्धि न्यूज़
बुधवार, 28 जून, 2023

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़







# हत्या के मामले में एक ही परिवार के चार लोगों को आजीवन कारावास

▸ 2 लाख 14 हजार रुपये का अर्थदण्ड



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाली के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अभियुक्त आंनद, वेदराम पुत्रगण शेर सिंह व मोर सिंह, शेर सिंह पुत्रगण मुकुट सिंह को दोषी करार देते आजीवन कारावास से दण्डित किया।

विगत 8 वर्ष पूर्व कोतवली कायमगंज के ग्राम नरसिंहपुर निवासी रामसिंह पुत्र लेखराज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 20 अप्रैल 2015 को शाम के समय मेरे भाई लालाराम की पत्नी कंठश्री से नाली में गंदगी करने को लेकर शेर सिंह की पत्नी बिट्टा से झगड़ा हो गया था। जिसकी शिकायत कोतवाली करने मैं तथा मेरे लड़के देवेंद्र, प्रदीप व भाई लालाराम की पत्नी कंठश्री, मीना जा रहे थे। जैसे ही गांव के रास्ते पर पहुंचे, तभी आनंद, वेदपाल, शेर सिंह, मोर सिंह ने एकराय होकर लाठी-डन्डों व तमंचे की बट से मारपीट करने लगे। आंनद ने देवेंद्र को पकड़कर नजायज तमंचे से गले में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर गांव के लोग एकत्रित हो गए तथा आरोपियों ने हम लोगों के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे हम लोगों के काफी चोट आई है। देवेन्द्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर 302, 307, 323 के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई पूर्ण होने के बाद बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने हत्या के मामले में आनंद, वेदराम, मोर सिंह, शेर सिंह को दोषी करार देते हुए धारा 302/34 में आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अदा न करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। धारा 323/34 में एक वर्ष के कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। वहीं दोषसिद्ध आनन्द को धारा 25 में तीन वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। धारा 27 में तीन वर्ष के कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। वहीं अभियुक्त आनंद पर 61 हजार अर्थदण्ड से दण्डित किया व वेदराम सिंह, शेर सिंह, मोर सिंह को 51-51 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। वहीं सभी अभियुक्तों को धारा 307/34 में दोषमुक्त किया गया।

## दबंगों ने भैंस को लाठी-डंडों से पीटा

**नवाबगंज (सं)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया निवासी रवि ने पुलिस को दी तहरी में दर्शाया कि उसकी भैंस छम्मीलाल पुत्र श्रीराम निवासी सलेमपुर रतन के खेत में चली गई। इसी से खिसियायें छम्मीलाल ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मेरी भैंस को लाठी-डंडों से पीटा। जिससे उसके मुहं से खून बहने लगा।

## अनुपम दुबे न्यायालय में पेश, अगली तिथि 7 जुलाई की नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बसपा नेता अनुपम दुबे को फिरोजाबाद जेल से कड़ी सुरक्षा में लेकर फतेहगढ न्यायालय ईसी कोर्ट में समीम हत्याकांड के मामले में पेश किया गया व बाल किशन उर्फ शिशु पेश हुआ।

पिछली तिथि को गवाह इदरिश के अंगुष्ट के निशान का नामून लिया गया। जिसकी रिपोर्ट स्पष्ट नहीं हुई और अंगुल चिन्ह ब्यूरो की टीम से मूल पत्रावली मांग की। जिसमें मंगलवार को न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह मूल पत्रावली देने का आदेश दिया था। उक्त मामले में डा0 अनुपम दुबे ने न्यायालय में 148बी प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि मुझे अंदेशा है कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम उक्त प्रपत्रों को ले जा कर अंगुष्ट चिन्हो से छेड़छाड़ कर असत्य रिपोर्ट प्रस्तुत करने की पूर्ण संभावना है। अंगुल चिन्ह ब्यूरो लखनऊ से आनन्द मसीह, अशोक कुमार चौरसिया, शैलेन्द्र नरायन सक्सेना ने मूल अभिलेख प्राप्त कर सील कर लिये। उक्त मामले की सुनवाई के लिए 7 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

## रेलवे डिप्टी व तीन सिपाहियों सहित छह पर याचिका



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रुपये न देने पर युवक को मारपीट कर घायल कर देने व रुपये लूट लेने के मामले में रेलवे के डिप्टी सीटीआई टीसी व तीन सिपाहियों सहित छह के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई। रेलवे सीटीआई टीसी कार्यालय में तैनात तिलक सिंह निवासी जीआरपी चौकी फतेहगढ़, आरक्षी राजीव कुमार पुत्र रामनरेश निवासी भोगाताल थाना जसवंतनगर जिला इटावा जीआरपी चौकी फतेहगढ़, हेड कांस्टेबिल नीरज कुमार पुत्र शिवनारायण निवासी मेहर अलीपुर सजेती जिला कानपुर, अनुज यादव पुत्र हरीराम निवासी नगला सबल नयागांव जिला एटा हाल निवासी रेलवे कॉलोनी फतेहगढ, हिमांशु गुप्ता पुत्र राकेश चंद्र निवासी नगला दीना भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ़, प्रमोद कुमार पुत्र हरिओम निवासी जैराम थाना कासगंज के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की। पीड़ित प्रभात सिंह पुत्र रामनारायण निवासी आजाद नगर सौरिख जनपद कन्नौज ने दायर की याचिका में दर्शाया कि मेरा पुत्र अंकित दिल्ली में परीक्षा देने गया था। 17 अप्रैल 2023 को कालिंद्री एक्सप्रेस से वापस घर आ रहा था। मेरी पत्नी पुत्र को लेने के लिए फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन पर मेरे साथ गई। मैं और मेरी पत्नी कालिंद्री एक्सप्रेस ट्रेन का आने का इंतजार में खड़े थे। मेरा पुत्र अंकित प्लेटफार्म से गेट पर आया वहां पर डिप्टी सीटीआई तिलक सिंह ने अंकित से टिकट मांगा। जिस पर मेरे पुत्र ने मोबाइल निकाला जिसमें टिकट रखा था। जिसे दिखाने का प्रयास किया। इस पर तिलक सिंह ने मोबाइल छीन लिया और गाली देने लगे और कहा कि तू मेरा वीडियो बना रहा है और गलत तरीके से रुपए की मांग की। कहां की रुपए नहीं दोगे तो छोड़ूंगा नहीं। पुत्र ने कहा कि जब मेरे पास टिकट है तो रुपए किस बात की।मांग रहे हो। इतने में कांस्टेबिल संजीव कुमार, कांस्टेबिल नीरज कुमार डंडा लेकर आये और कहा कि क्या बात है। अनुज, प्रमोद उर्फ छोटू, हिमांशु गुप्ता, नरेश चंद गुप्ता भी गेट पर आ गए और मेरे पुत्र को लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। कहा कि रुपए क्यों नहीं दे रहा है। इसे बंद कर दो। जब मैंने तिलक सिंह से कहा कि मोबाइल दे दो उसमें टिकट है। इस पर तिलक सिंह कहने लगा कि मोबाइल नहीं देंगे, पहले रुपए दो और गालियां बकने लगे और फतेहगढ़ चौकी ले गए। जहां तिलक सिंह के कहने पर संजीव, नीरज ने मेरे पुत्र को डंडे से मारापीटा। जिससे आंख व पैर में काफी चोट आई और जबरन जेब से 2 हजार रुपये निकाल लिए और झूठा मुकदमा लगाकर उसे बंद कर दिया। मेरा व मेरी पत्नी का मोबाइल छीन लिया तथा पर्स में रखे रुपए लूट लिए और झूठा मुकदमा लगाकर उसे बंद कर दिया। जमानत कराने के बाद पुत्र को मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पैर की हड्डी टूटी बताई गई। हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल से कानपुर रीजेंसी रेफर कर दिया। वहां पर भी पैर की हड्डी टूटी पाई गई। इस संदर्भ में जीआरपी थाने व जीआरपी पुलिस अधीक्षक आगरा को भी शिकायती पत्र दिया पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

# छत्रपति शाहू के उपकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता: शादाब सिद्दीकी



छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाते बसपाई

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रंगीरामपुर के नगला मनफूल में मनाई। पार्टी के पूर्व जिला प्रभारी शादाब सिद्दीकी ने कहां कि छत्रपति शाहू जी महाराज वास्तविक लोकतान्त्रिक और सामाज सुधारक थे। कोल्हापुर की ज्योतिराव गोविंदराव फुले के योगदान से काफी प्रभावित, शाहू महाराज एक आदर्श नेता और सक्षम शासक थे। उन्होंने अपने राज्य में दलितों पिछड़ों के विषयों पर अथक रूप से काम किया।

उनके इन्हीं प्रयासों से मिशन को गति मिली और मिशन से प्रभावित होकर बाबा साहब अम्बेडकर और कांशीराम, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने आपको मिशन के लिए समर्पित कर दिया। आज सत्ता में बैठी सामंतवादी ताकतें बहुजन मिशन को समाप्त करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं। जिनके मंसूबों को सफल नहीं होने दिया जायेगा। बसपा पूरी दमदारी से लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर सुशील गौतम, देवनारायण, प्रेम सागर दिवाकर, दौलतराम बुद्ध, ज्ञान प्रकाश एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती रात बाइकों की भिड़ंत में घायल अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना नवाबगंज के ग्राम नवादा निवासी 49 वर्षीय पूसे लाल कठेरिया अपने भतीजे अरुण के विवाह समारोह में शामिल होने कायमगंज के ग्राम ब्राहिमपुर बाइक से जा रहा था, तभी रास्ते में एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां से चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजनों ने आवास विकास स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## बारात में फरमाइशी गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

▸ दोनों पक्षों ने घटना के बावत पुलिस को दी तहरीर



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बारात में फरमाइशी गाना बजाने को लेकर बैंडवादको में विवाद हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट भी हुई। जिसमें तीन लोग घायल हो गये। घटना के संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला घटियापुर निवासी सलीम पुत्र महबूब ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बैंड वादक है। 26 जून की रात्रि 9 बजे के करीब सोसाइटी के पास बारात चढा रहा था। बारात में दूसरे एबन बैंड के कर्मचारी भी बैंड बजाने आए थे। उक्त लोगों ने फरमाइशी गाने बजाने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। आरोपियों ने इस्लाम, साजेब को लाठी-डंडों से मापीट कर घायल कर दिया। शोर शराब सुनकर बाराती आ गये और बीच-बचाव किया। आरोपियों ने जानमाल की धमकी दी। वहीं द्वितीय पक्ष ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बैंड बजाने को लेकर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें इस्लाम, नौशाद निवासी चौसहार जनपद हरदोई घायल हो गये। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# चालक को झपकी आने पर पिकअप खंभे से टकरायी

▸ दो किशोरियां बचीं बाल-बाल, ग्रामीणों ने चालक की पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द किया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** चालक को झपकी आने पर पिकअप अनियंत्रित होकर खम्बे से टकरा गयी। जिससे किशोरियां बाल-बाल बच गयीं। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर मारापीटा और मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। बताते हैं कि दुर्घटना इतनी तेज थी कि खम्बा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के ग्राम राजा का रामपुर निवासी ओमवीर सिंह पुत्र भीकम सिंह की बारात जनपद हरदोई थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर गांव में गयी थी। मंगलवार को ओमवीर का बड़ा भाई बलवीर सिंह अपनी पिकअप में दहेज का सामान लेकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपुर पहुंचा। उसी दौरान बलवीर को झपकी आ गयी और पिकअप अनियंत्रित होकर खम्बे से टकरा गयी। सड़क किनारे खड़ी बहार सिंह की दो पुत्रियां बाल-बाल बच गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि खम्बा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और पिकअप व चालक को अपने साथ थाने ले गयी। ग्रामीणों का कहना था कि गनीमत रही कि कोई ग्रामीण वहां नहीं खड़ा था। अन्यथा बड़ी घटना घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# डीएम ने ली पीस कमेटी की बैठक, खुले में कुर्बानी न करने के दिए निर्देश



पीस कमेटी की बैठक लेते डीएम व मौजूद एसपी

▸ प्रतिबंधित पशुओं की न करें कुर्बानी, ईओ को साफ सफाई कराने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवम पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। आगामी त्यौहार बकरीद को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ईदगाहों पर बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों पर बेहतर विद्युत/पेयजल सप्लाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

रेलवे रोड पर चल रहे निर्माण कार्य में हो रहे नाली खुदाई के दौरान निकलने वाले मलवे को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। मुस्लिम समुदाय क्षेत्रों में कम से कम दो बार कूड़ेदानों की सफाई कराई जाए और उसकी विशेष मॉनिटरिंग की जाए। कही भी किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं होगी और खुले में कुर्बानी नहीं की जाए।

सभी लोग शांति पूर्वक ढंग से आगामी त्योहारों को मनाएंगे। आगामी त्यौहारों पर जन सामान्य को किसी तरीके समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी लोग मिलक जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायें और एक दूसरे को बधाई दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, संबंधित अधिकारी, धर्म गुरु, संभ्रांत नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# बोर्ड की पहली बैठक से असंतुष्ट सभासदों ने मांगों को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन



अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सभासद

▸ नगर पंचायत में तैनात कर्मचारियों, विकास कार्यों की सूची आदि मांगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत की बोर्ड की पहली बैठक से असंतुष्ट सभासदों ने अपनी मांगों को लेकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

नगर पंचायत कार्यालय पर मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक सभासदों ने पहुंचकर अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र राजपूत को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि नगर पंचायत में जितने भी कर्मचारी हैं, चाहे सरकारी हो या संविदा सभी के मानदेय सहित उनके नाम पते की पूरी सूची सभासदों को उपलब्ध कराई जाए तथा अध्यक्ष द्वारा पास की गई विकास कार्यों की सूची की हार्ड कॉपी सभासदों को उपलब्ध कराई जाए। नगर पंचायत कार्यालय का आय-व्यय का ब्यौरा भी उपलब्ध कराया जाए। नगर पंचायत के स्टोर रूम में रखी एलईडी केबिल तथा अन्य सामानों का विवरण सूची हम लोगों को दी जाए। नगर पंचायत में विकास कार्य हेतु प्रत्येक माह बैठक का आयोजन भी किया जाए, ऐसे कई बिंदु ज्ञापन में दर्शाये हैं।

इस मौके पर सभासद रजनी यादव के पति राहुल यादव, सभासद कुलदीप कुमार, सभासद प्रतिनिधि भारत सिंह, सभासद पुष्पेंद्र यादव, सभासद प्रतिनिधि बादल खान सहित आधा दर्जन से अधिक सभासद मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## छेड़छाड़ कर रहे युवक को परिजनों ने पीटा

**कंपिल (सं.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दी तहरीर में बताया कि वह मंगलवार शाम घर के पास ही खेत में कूड़ा डालने गयी थी। उसी समय सामुदायिक शौचालय के निकट गांव का एक युवक मिल गया। युवक ने युवती का हाथ पकड़कर छेड़छाड़ कर दबोच लिया। युवती के शोर मचाने पर स्वजन मौके पर आ गए। स्वजनों ने युवक की पिटाई कर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस युवक को थाने ले आयी। पीड़िता ने पिता के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया तहरीर मिली है। आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पति ने मारपीट कर पत्नी को छत से फेंका

**शमशाबाद (सं.)।** पुत्र के साथ मारपीट का विरोध करने पर महिला को उसके पति ने मारपीट कर छत से फेंक दिया। जिससे वह घायल हो गयी। घटना की तहरीर पीड़िता के भाई ने थाने में दी। जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा निवासी अनुरोध कुमार ने शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज निवासी मदन पाल के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि उसने अपनी बहन पिंकी मदनपाल के साथ विवाह किया था। शादी के बाद से बहनोई मदनपाल आये दिन मारपीट करते है। बीती रात बहनोई ने भांजे निखिल के साथ मारपीट की। जिसका बहन पिन्की ने विरोध किया तो आक्रोशित बहनोई ने छत से फेंक दिया। जिससे बहन गंभीर रुप से घायल हो गयी। उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ युवक ने जबरदस्ती पकड़ कर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया और उसके साथी युवक ने वीडियो बना लिया। युवकों के चुंगल से छूट कर किसी तरह किशोरी अपने घर पहुंची आरोपी ने धमकी दी कि शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे और जान से मार देंगे। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दो युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाना क्षेत्र के गांव सिलसण्डा निवासी प्रभाकर पुत्र राम कुमार राजपूत व हरवेंद्र पुत्र जंगसिंह राजपूत के विरुद्ध धारा 376, 34, 506, 3,4 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 25 जून की रात 7: 30 बजे महिला की पुत्री खेत से शौच कर वापस घर आ रही थी, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे उपरोक्त आरोपियों ने किशोरी को रास्ते से पकड़ लिया और जबरदस्ती खींच खेत में ले जाकर प्रभाकर ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया और उसके साथी हरवेंद्र ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया तथा आरोपियों ने धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो वीडियो वायरल कर देंगे और तुम्हें जान से मार देंगे। किशोरी किसी तरह भागकर अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## अज्ञात बाइक चोर पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद (सं.)।** सब्जी लेने गये युवक की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के जाजपुर बंजारा निवासी सुखदेव पुत्र गंगादीन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 25 जून को पीड़ित सब्जी लेने अपनी बाइक संख्या यूपी 76एएफ/0084 से गया था। जिसे कुछ दूरी पर खड़ कर सब्जी खरीदने लगा। जब वापस लौटकर पहुंचा तो देखा कि बाइक वहां नहीं थी। काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## खेत पर काम करने गये युवक के घर से चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत पर काम करने गए युवक के मकान का चोरों ने दिन दहाड़े ताले तोड़कर नगदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव बरतल निवासी धनपाल पुत्र शिव सहाय दिवाकर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मंगलवार दोपहर वह अपने गांव के एक व्यक्ति के खेत में मजदूरी करने गया था। मकान में ताला लगा था। दोपहर में किसी समय चोरों ने ताला तोड़कर बक्से में रखी नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गये। जब मैं वापस घर लौटा तो देखा कि ताले टूटे थे। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। सूत्रों की माने तो युवक घर पर अकेला रहता है। परिजन दूरी बनाये हुए है। पीड़ित की शादी नहीं हुई है इसी बजह से वह अकेला रहता है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# तत्कालीन एसओ समेत तीन के विरुद्ध कोर्ट में परिवाद दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाज में छवि धूमिल करने के मामले में तत्कालीन जहानगंज थानाध्यक्ष व कांस्टेबिल सहित अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में परिवाद दायर किया।

दायर किये गये परिवाद में पीड़ित फखरुद्दीन रजा पुत्र जलील खां निवासी ग्राम गुलरिया सरफाबाद थाना जहानगंज ने दर्शाया कि 11 मई को वह अपने मित्र के घर सौरिख से दावत खाकर अपनी कार संख्या यूपी 76सी/1992 से अपने घर रात्रि 11 बजे आ रहा था। मैं जैसे ही जरारी चौराहे पर पहुंचा तो वहां पहले से शराब के नशे में मौजूद कांस्टेबिल अमरदीप व एक अन्य ने रोक लिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे और कहा कि कहां से दुर्घटना करके आ रहा है यह कर कार सहित थाने ले गये। तत्कालीन एसओ बलराज भाटी हाल तैनाती शमशाबाद ने अशब्दों का प्रयोग किया। एसओ व पुलिस कर्मियों ने तरह-तरह की यातनाये दी और धमकी दी कि रुपये लेकर आओ नहीं तो झूठे मुकदमे में चालान कर दूंगा। जिसके बाद मैंने परिवारियों को सूचना दी। परिवारी सुबह 4 बजे आये और एसओ बलराज भाटी द्वारा मांगे गये 20 हजार रुपये दे दिये। तब जाकर मुझे छोड़ा। उक्त लोगों ने जानबूझकर शारीरिक यातनायें देकर अपमानित किया। घटना की जानकारी समाज में होने पर मेरी छवि खराब हो गई।

# एसडीएम को सीएचसी के निरीक्षण में मिली खामियां दूर करने के दिये निर्देश

▸ कई स्वास्थ्य कर्मचारी मिले अनुपस्थित
▸ गंदगी देख साफ-सफाई करने के दिये निर्देश



सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व्याप्त अव्यवस्थाओं के मद्देनजर एसडीएम ने यदुवंश वर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेन्सी वार्ड में अटेंडेन्स रजिस्टर चेक किया। जिसमें डा0 मधु अग्रवाल, अनुराग कश्यप, मेडीकल ऑफीसर नियंत्रण कक्ष नेत्र चिकित्सक आर0के0 चतुर्वेदी, सफाई कर्मचारी अनूप कुमार व रामचन्द्र अनुपस्थित मिले। जिस पर उपजिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण माँगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आए मरीजों से जानकारी ली। जिस पर मरीजों ने बताया की यहाँ पर दवाइयाँ लिखी जाती हैं। उपजिलाधिकारी ने चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार से कहा कि जब सरकार द्वारा दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती हैं तो फिर बाहर की दवाइयाँ क्यों लिखी जा रही हैं। दोबारा से ऐसी गलती होने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वही उन्होंने गन्दगी देखकर साफ सफाई करवाने के निर्देश। वहीं महिला वार्ड मे गर्ववती प्रसूताओं से जानकारी की। वहीं चिकित्सा प्रभारी डा0 विपिन कुमार ने कहा की इससे पूर्व मे सरवर इकबाल के पास चार्ज था। तीन दिन पूर्व हमें चार्ज मिला है। बहुत जल्द सारी व्यवस्थाएं को सही किया जायेगा।